* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
19 अक्टूबर, 2024
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 02

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
coming soon
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## एनडीए में सीट शेयरिंग पर बन गयी बात, हो गयी घोषणा

# भाजपा 68, आजसू 10, जदयू दो और लोजपा को एक सीट




- भाजपा और आजसू ने संयुक्त प्रेस वार्ता में की घोषणा
- प्रत्याशी की घोषणा आज-कल में

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए के बीच सीट शेयरिंग की घोषणा हो गयी है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को भाजपा और आजसू ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में इसकी घोषणा की। एनडीए में बनी सहमति के अनुसार विधानसभा में भाजपा 68, आजसू 10, जदयू दो और लोजपा एक सीट पर अपने-अपने उम्मीदवार उतारेगी। प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री सह विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री सह विस चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा और आजसू प्रमुख सुदेश महतो उपस्थित थे।

गौरतलब है कि झारखंड में चुनावी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पहले चरण के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गयी। इसी के तहत नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। पहले चरण में 43 सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा। नामांकन के लिए आखिरी दिन 25 अक्टूबर है। अब जब एनडीए में सीट शेयरिंग फाइनल हो गया है, तो प्रत्याशियों की घोषणा भी जल्द होने की उम्मीद जतायी जा रही है। एनडीए गठबंधन में शामिल चारों दल अपने-अपने उम्मीदवार की घोषणा जल्द करेंगे। प्रेस कांफ्रेंस में सीटों की घोषणा करते हुए हिमंता बिस्वा सरमा ने बताया कि भाजपा उम्मीदवारों की घोषणा शनिवार या रविवार किसी भी दिन हो सकती है। उन्होंने कहा कि आजसू भी अपने उम्मीदवारों की घोषणा जल्द कर देगी। जदयू में यह तय हो गया है कि उसकी तरफ से सरयू राय और राजा पीटर उम्मीदवार होंगे।

(संबंधित खबर पेज-3 पर)



‘ हमें रोटी, माटी और बेटी को भी बचाना है। झारखंड की बदली डेमोग्राफी को भी ठीक करना है। इन सभी मुद्दों को लेकर सम्मिलित रूप से जनता के पास जायेंगे। चुनाव मैदान में उतरेंगे।

- बाबूलाल मरांडी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष



‘ झारखंड में भाजपा, आजसू, जदयू और लोजपा (रामविलास) साथ मिल कर चुनाव लड़ेंगी। हम लोग साथ में चुनाव प्रचार करेंगे। परफेक्ट सीट शेयरिंग है। झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी।

- शिवराज सिंह चौहान, झारखंड चुनाव प्रभारी



‘ झारखंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए चुनाव लड़ेगा। आजसू 10 सीट परं चुनाव लड़ेगी। वहीं, जदयू दो और लोजपा एक सीट पर चुनाव लड़ेगी।

- हिमंता बिस्वा सरमा, चुनाव सह प्रभारी



‘ एनडीए के नेतृत्व में झारखंड में चुनाव लड़ा जायेगा। जनता दोनों दलों को साथ में देखना चाहती है। वर्तमान सरकार से हर कोई त्रस्त है। हर कोई तकलीफ में है। हर वर्ग इससे निजात पाना चाहता है।

- सुदेश महतो, आजसू प्रमुख

### एनडीए में सीटों का बंटवारा

- आजसू : सिल्ली, रामगढ़, गोमिया, इचागढ़, मांडू, जुगसलाई, डुमरी, पाकुड़, लोहरदगा और मनोहरपुर।
- जदयू: जमशेदपुर पश्चिमी और तमाड़।
- लोजपा (रा.): चतरा
- भाजपा: शेष सभी 68 सीटें

## सीटों का तालमेल होते ही भाजपा-आजसू को पहला झटका

# केदार हाजरा और उमाकांत रजक झामुमो में हुए शामिल

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने दोनों नेताओं को दिलायी सदस्यता
- हाजरा भाजपा के जमुआ से हैं विधायक, उमाकांत रजक चंदनक्यारी से पूर्व विधायक रहे हैं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू होते ही नेताओं का दल-बदल का भी सिलसिला शुरू हो गया है। सबसे पहले भाजपा-आजसू को झामुमो ने झटका दिया है। गिरिडीह जिले की जमुआ सीट से भाजपा विधायक केदार हाजरा ने झामुमो का दामन थाम लिया। वहीं बोकारो जिले की चंदनकियारी से आजसू पार्टी के नेता और पूर्व विधायक उमाकांत रजक भी झामुमो में शामिल हो गये हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने दोनों नेताओं को पार्टी के चुनाव चिह्न वाला पट्टा पहना कर स्वागत किया। झामुमो दोनों नेताओं को उनकी परंपरागत सीट से प्रत्याशी घोषित कर सकता है।

**तीन बार विधायक रह चुके हैं केदार हाजरा :** जमुआ सीट से केदार हाजरा भाजपा के टिकट पर तीन बार विधायक रह चुके हैं। इस बार पार्टी की ओर से कराये गये आंतरिक सर्वे में एंटी इनकंबेंसी की रिपोर्ट के आधार पर उनका टिकट कटना तय माना जा रहा था। जमुआ सीट पर पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर दूसरे नंबर पर रही मंजू कुमारी और उनके पिता पूर्व विधायक शुकर रविदास ने इसी हफ्ते भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली थी। उसके बाद से ही केजार हाजरा को यह आभास हो गया था कि पार्टी इस बार उन्हें टिकट नहीं देगी।

**रजक टिकट के थे दावेदार:** झामुमो में शामिल हुए चंदनकियारी के पूर्व विधायक उमाकांत रजक भी आजसू की ओर से टिकट के दावेदार थे। जब भाजपा-आजसू गठबंधन के बीच सीटों के बंटवारे में चंदनकियारी सीट भाजपा के खाते में चली गयी, तो उन्होंने गुरुवार शाम आजसू से इस्तीफा दे दिया और शुक्रवार को झामुमो में शामिल हो गये। इस मौके पर रजक ने कहा कि उन्होंने गुरुजी शिबू सोरेन के छोटे सिपाही के रूप में काम किया है। हेमंत सोरेन पूरे झारखंड प्रदेश की आवाज बने हैं। मैं झामुमो को मजबूती देने के लिए कंधे से कंधा मिला कर चलूंगा।



### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया स्वागत

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इन नेताओं के पार्टी में शामिल होने के बाद सोशल मीडिया पर लिखा कि झारखंड के दो जुझारू और कर्मठ नेताओं केदार हाजरा और भाई उमाकांत रजक का अपने हजारों समर्थकों के साथ झामुमो परिवार में हार्दिक स्वागत है। जोहार है। मीडिया से बातचीत करते हुए हेमंत सोरेन ने कहा कि चुनाव आने दीजिए, हम एनडीए को डब्बा में पैक कर देंगें। झारखंड की जनता यह समझ चुकी है कि एनडीए की मंशा क्या है।

## न्यूज रील्स

### तेजस्वी पहुंचे रांची सीट बंटवारे पर हेमंत से होगी बात



रांची। झारखंड में चुनावी तापमान दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को विपक्षी एनडीए गठबंधन ने जहां सीट शेयरिंग का आधिकारिक एलान कर दिया, वहीं सत्ताधारी इंडिया ब्लॉक में सीटों के बंटवारे पर मंथन जारी है। शुक्रवार को राजद नेता तेजस्वी यादव सीटों के तालमेल पर चर्चा को लेकर रांची पहुंच गये हैं। दो दिवसीय झारखंड दौरे पर पहुंचे तेजस्वी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मिलेंगे। इस मुलाकात को गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर काफी अहम माना जा रहा है। बता दें कि झारखंड की हेमंत सरकार में शामिल राजद ने 2019 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के तहत सात सीटों पर चुनाव लड़ा था।

### मुडा के ऑफिस में इडी की छापेमारी

बेंगलुरु। इडी के 12 अधिकारियों की एक टीम ने शुक्रवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ मनी लांड्रिंग मामले में मैसुरु अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (मुडा) के ऑफिस में छापेमारी की। इडी ने मुडा कमिश्नर रघुनंदन और स्पेशल लैंड एक्यूजीशन के ऑफिस की भी तलाशी ली। बताया जा रहा है कि एजेंसी ने कुछ दस्तावेज जब्त किये हैं। यह छापेमारी मुडा के चेयरमैन के मारी गौड़ा के इस्तीफे के बाद हुई है।

# राहुल गांधी आज आयेंगे रांची, संविधान बचाओ सम्मेलन के जरिये देंगे जीत का मंत्र

## कांग्रेस चुनाव समिति की हुई बैठक, पहली लिस्ट शीट शेयरिंग के बाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस और झामुमो झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 मिल कर लड़ेंगे और सीट बंटवारे पर जल्द अंतिम फैसला होगा। कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची 19 अक्टूबर के बाद जारी होने की उम्मीद है। दरअसल राहुल गांधी 19 अक्टूबर को ‘संविधान बचाओ सम्मेलन’ में भाग लेने रांची आ रहे हैं। इस बैठक से वह जीत का मंत्र तो देंगे ही, साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात की उम्मीद है। इस बीच राजद नेता तेजस्वी यादव भी रांची पहुंच गये हैं। संभव है कि तीनों नेताओं की सीट शेयरिंग को लेकर बैठक होगी और अंतिम रूप दिया जायेगा। उधर, शुक्रवार को कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक हुई। बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सीट शेयरिंग के बाद ही उम्मीदवारों की सूची जारी की जायेगी।




झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक कांग्रेस मुख्यालय में हुई। इसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और चुनाव समिति के चेयरमैन केशव महतो कमलेश, प्रभारी गुलाम अहमद मीर समेत अन्य सदस्य मौजूद थे। पार्टी प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि बैठक में विधानसभावार उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा की गयी। समिति के सदस्यों ने प्रत्येक विधानसभा के लिए नामों की अनुशंसा की। उम्मीदवारों की लिस्ट जारी करने के लिए अंतिम निर्णय आलाकमान लेगा। सीट शेयरिंग तय होने के बाद उम्मीदवारों की घोषणा की जायेगी। उन्होंने कहा कि बैठक में गठबंधन के समीकरणों पर भी चर्चा हुई और एकजुट होकर काम करने का फैसला लिया गया।

VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. Street, Tharpakhna, Ranchi- 834 001(Jharkhand)
Phone: 9234317945, 9835513430, 9431174445
सूचना
मान्यवर,
प्रिय पुस्तक विक्रेता बंधु ! आपने विगत वर्षों में जो सहयोग एवं समर्थन दिया उसके लिए हम आपके आभारी हैं।
साथ ही एक विशेष आग्रह/विनती भी करनी है। अभी कुछ दिनों से वर्मा प्रेस प्राइवेट लिमिटेड, राँची द्वारा प्रकाशित पुस्तकें मार्केट में पायरेटेड (डुप्लीकेट) आने की जानकारी हमारी जाँच टीम द्वारा की गई पड़ताल से मिली है। इस संदर्भ में अत्यंत विनम्रतापूर्वक निवेदन करता हूँ कि कृपया इन पायरेटरों (डुप्लीकेटरों) के प्रलोभनों में ना पड़ें। ये आपको पुस्तक भेजकर खुद निकल जाते हैं और आप (प्रिय पुस्तक विक्रेता बंधु) फँस जाते हैं, क्योंकि ना तो उनका गोदाम है और ना ही उनकी कोई दुकान है और ना ही उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा है, पर आपका और आपके पुरखों की कमाई हुई प्रतिष्ठा, सामाजिक विश्वास एक पल में ध्वस्त हो जाती है, इसके लिए जाँचकर्त्ता टीम को कितनी किताबें मिलती है यह मायने नहीं रखता। एक किताब रखने वाले भी उतने ही दंड के भागी बनते हैं।
बताते चले कि विद्यालयों में बच्चों द्वारा खरीदी हुई पुस्तकें अगर पायरेटेड पाई जाती है, तो भी उनके द्वारा बताए गए दूकानदारों के यहाँ भी जाँच टीम पहुँच सकती है।
अत: आप सभी बंधुओं से आग्रह है कि आप वर्मा प्रेस प्रा० लि०, राँची से सम्पर्क कर पुस्तकों की आपूर्ति हेतु जानकारी एवं आदेश देकर पुस्तक प्राप्त कर सकते हैं एवं अपने निकटतम थोक विक्रेता बंधुओं (Wholesalers) से सम्पर्क कर हमारे द्वारा प्रकाशित पुस्तकें प्राप्त करें एवं साग्रह निवेदन है कि मुख्यधारा में रहें एवं दूसरे छोटे विक्रेताओं को भी प्रेरित करते रहें। हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप किसी ऐसे प्रलोभन या लालच में ना ही कभी पड़े हैं और ना ही पड़ेंगे। पुन: आपके सहयोग एवं स्नेह के लिए आभार।
आपका
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
सभी कोटि के विद्यालयों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से साग्रह निवेदन है कि नकली एवं मिलते जुलते नाम वाली पुस्तकों से सावधान रहें।
हमारे थोक विक्रेता (Wholesalers)
**Bokaro**– Bokaro Student Friends, Sahitya Sangam, Chas. **Chaibasa**– Kanti Pustak Mandir, Naveen Book Depot, Sharma BooK Depot. **Chakradharpur**– New Bihar Book Store, Bina Pustak, Nand Book Store. Chatra– Pustak Sadan, Chhatra Pustak. **Daltonganj**– Sanjay Book Depot, Pustak Jagat. **Dhanbad**– Bokaro Student Friends,Gyan Bharti. **Dumka**– Vidyarthi Pustak Bhandar, Pankaj Book Store, Krishna Book Store. **Giridih**– Sharda Book International.**Godda**– Pustak Kendra, Barahat. **Gumla**– Lohani Book Depot, Sanjeev Gupta Book Depot, Gupta Book Depot. **Hazaribagh**– Khandelwal Book Depot, Pustak Bhandar. **Jamshedpur**– Sen Book Store. **Pakur**– Amiya Paper House. **Ramgarh**– Gyan Bharti, Gyan Bhandar, Binod Pustak. **Ranchi**– Agrawal Book Distributor, Bokaro Student Friends, Agrawal Books, Pustak Mandir, Anjana Books, Crown Book. **Rehla**– New Pustak Sadan. **Sahebganj**– Gyan Bharti. **Simdega**– Rajdhani Book Depot.
हमारे द्वारा प्रकाशित परीक्षोपयोगी पुस्तकें



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 72,900 रु./10 ग्राम
चांदी 97,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 19 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in


# शुरू हुआ दल-बदल का खेल, हिलोरे मारने लगी महत्वाकांक्षा

## ■ जब मौसम हो चुनावी, तो मौसमी नेताओं की झड़ी लगनी भी तय

## ■ वोटर्स भी दलबदलुओं को अपने हिसाब से तौलते आये हैं

**आजाद सिपाही विशेष**

विधानसभा चुनाव की गहमा-गहमी के बीच झारखंड में महत्वाकांक्षी नेताओं की असलियत भी सामने आने लगी है। इस महत्वाकांक्षा का नाम है विधायक बनना। और इसके लिए जरूरी है एक अदद टिकट। इस महत्वाकांक्षा के वशीभूत होकर नेता दलीय निष्ठा, उज्ज्वल अतीत और अपनी छवि को भी दांव पर लगाने को तैयार हैं। यों तो जब-जब विधानसभा चुनाव होता है, पाला बदलने का खेल चालू हो जाता है। इस खेल की एक खासियत है कि इसमें सभी दल की सहभागिता है। एक दल से किसी ने नाता तोड़ा, तो दूसरा दल उसे हाथों हाथ लेने को तैयार रहता है, भले ही उसने दूसरे दल में रहते हुए इस दल को कितना भी नुकसान पहुंचाया हो। जब इन्हें पता चल जाता है कि इस बार चुनाव में इन्हें टिकट नहीं मिलेगा, तो रातोंरात इनका हृदय परिवर्तन हो जाता है और पांच साल तक पानी पी-पीकर जिस नेता को गाली देते रहे हैं, अचानक वह नेता उनके लिए मसीहा बन जाता है। अभी ताजा मामला चंदनक्यारी के आजसू के पूर्व विधायक उमाकांत रजक और जमुआ के भाजपा विधायक केदार हाजरा का है। उमाकांत रजक आजसू के टिकट पर चंदनक्यारी से विधायक रह चुके हैं और इस बार वह ठीक चुनाव से पहले झामुमो में शामिल हो गये। इसी तरह केदार हाजरा हैं, जो तीन बार भाजपा के टिकट पर गिरिडीह के जमुआ से विधायक रह चुके हैं। वह भी टिकट की आस में झामुमो में शामिल हो गये हैं। इन दोनों नेताओं में एक बात आम है और वह है कि इन्होंने राजनीति की मलाईदार नदी में खूब गोते लगाये हैं, लेकिन इनका मन शायद तृप्त नहीं हुआ है। एक और बात इनके साथ है और वह यह है कि ये केवल विधायक बन कर ही राजनीति के मैदान में सक्रिय रहते हैं। इनके लिए नेता का मतलब विधायक या सांसद ही है। झारखंड में क्या है ऐसे नेताओं के पाला बदलने का खेल और इस महत्वाकांक्षा का असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

देश के राजनीतिक नक्शे पर 15 नवंबर, 2000 को 28वें राज्य के रूप में उभरा झारखंड इन दिनों चुनावी बुखार में तप रहा है। राज्य की 81 सदस्यीय विधानसभा के गठन के लिए चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और इसके साथ ही सियासी जोड़-तोड़ भी चरम पर है। कभी राजनीतिक प्रयोगशाला के रूप में चर्चित झारखंड में चुनाव के इस मौसम में नेताओं की महत्वाकांक्षाएं भी आसमान छूने को बेताब नजर आ रही हैं। इसलिए कहा जा रहा है कि यह केवल चुनाव का पर्व नहीं, दल-बदल का पर्व भी है। करवट लेने की तरह रातों-रात लोगों की निष्ठाएं भी बदल जा रही हैं। झारखंड में पाला बदलने का सिलसिला वैसे तो पहले से ही चल रहा है, लेकिन अब इस खेल में कुछ ज्यादा ही गति आयी है। झारखंड पाला बदलने के खेल में इसलिए विशिष्ट है, क्योंकि यहां टिकट हासिल करने के लिए दलीय निष्ठा को खुशी-खुशी तिलांजलि दे दी जाती है और रातोंरात समर्थन में तर्क भी गढ़ लिये जाते हैं। एक दिन पहले तक प्रतिद्वंद्वी दलों के नेताओं के खिलाफ जहर उगलनेवालों का हृदय रातोंरात परिवर्तित हो जाता है और यह सब कुछ झारखंड हित के लिए किया गया निर्णय बताया जाने लगता है। पाला बदलनेवालों में आजसू नेताओं की संख्या कुछ ज्यादा ही रही है। एक समय था, जब आजसू में योगेंद्र प्रसाद और नवीन जायसवाल की तूती बोलती थी। वे दोनों आजसू सुप्रीमो के सबसे ज्यादा विश्वसनीय बने हुए थे। लेकिन जैसे ही समझौते के तहत गोमिया और हटिया सीट भाजपा के खाते में चली गयी, ये दोनों नेता रातोंरात आजसू छोड़ कर दूसरे दलों में चले गये। इसी तरह सिमरिया से महेश चंद्रा आजसू में महत्वपूर्ण पद पर थे। वे नीति निर्धारकों में थे, लेकिन जैसे ही सिमरिया सीट भाजपा के खाते में गयी, उन्होंने आजसू को बाय-बाय कह दिया। अकील अख्तर से लेकर ऐसी कहानी लगभग एक दर्जन नेताओं की है। यह सिलसिला अब तक जारी है। अपनी महत्वाकांक्षा की पूर्ति के लिए नेता दल को गले लगा लेते हैं और जैसे ही उनकी महत्वाकांक्षा धूल-धूसरित होती है, वे टाटा- बायबाय कह कर चले जाते हैं। अब तो सुनने में आ रहा है कि बड़कागांव सीट से अब तक आजसू के टिकट पर चुनाव लड़नेवाले और गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के भाई रोशनलाल चौधरी भी टिकट के लिए भाजपा को गले लगानेवाले हैं। कुछ इसी तरह का खेल राजकिशोर महतो ने भी टुंडी में खेला था। टिकट के लिए उन्होंने आजसू का दामन थाम लिया था।




### उमाकांत रजक और केदार हाजरा ने बदला पाला

विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आजसू के नेता उमाकांत रजक और तीन बार भाजपा के टिकट पर विधायक रहे केदार हाजरा ने पाला बदल लिया है। उमाकांत रजक झारखंड की चौथी विधानसभा में चंदनक्यारी से विधायक थे। केदार हाजरा तो 2009, 2014 और 2019 में जमुआ से विधायक चुने गये थे। उमाकांत रजक ने पाला इसलिए बदला है, क्योंकि उनकी चंदनक्यारी सीट सीट शेयरिंग के तहत भाजपा के कोटे में चली गयी है, जबकि केदार हाजरा को इस बार टिकट नहीं मिल रहा है। ये दोनों नेता झामुमो में शामिल हो गये हैं और ऐसे संकेत हैं कि इन्हें विधानसभा चुनाव का टिकट मिल जायेगा।

### उमाकांत रजक के लिए आजसू ने तोड़ दिया था गठबंधन

पहले बात करते हैं उमाकांत रजक की। आजसू के संस्थापक नेताओं में शुमार उमाकांत रजक को आजसू का मजबूत स्तंभ माना जाता था। पार्टी में उनकी हैसियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के साथ आजसू का गठबंधन टूटने का एक कारण चंदनक्यारी सीट भी थी। आजसू अपने इस नेता के लिए किसी भी कीमत पर चंदनक्यारी सीट छोड़ने को राजी नहीं थी। गठबंधन टूटने की कीमत भाजपा के साथ आजसू ने भी चुकायी और वह केवल दो सीटों पर सिमट गयी। उमाकांत रजक भी चुनाव हार गये। वही उमाकांत रजक आज महज एक टिकट के लिए अपनी दलीय निष्ठा और तमाम आदर्शों को भूल गये और झामुमो में शामिल हो गये।

### केदार हाजरा तीन टर्म विधायक रह चुके हैं

अब बात केदार हाजरा की। वह जमुआ में भाजपा के कद्दावर नेता हैं और तीन टर्म के विधायक हैं। इस बार पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं देने का फैसला किया है, क्योंकि उनकी रिपोर्ट सकारात्मक नहीं है।

विधायक के रूप में उनका कामकाज भी बहुत संतोषजनक नहीं है। ऐसे में टिकट कटने की आशंका मात्र ने केदार हाजरा को भगवा छोड़ हरा झंडा थामने को विवश कर दिया। वह भी एक अदद टिकट के लिए झामुमो में शामिल हो गये हैं।

### झारखंड में पुराना है पाला बदलने का खेल

झारखंड के ढाई दशक के राजनीतिक इतिहास में पाला बदलने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। बगावत और अलग रास्ता अख्तियार करनेवाले नेताओं की लंबी फेहरिस्त है, लेकिन इतिहास गवाह है कि ऐसे नेताओं को जनता ने कभी स्वीकार नहीं किया।

झारखंड में राजनेताओं का दल बदल करना आम है। चुनाव के वक्त तो इनका उत्साह वैसा ही होता है, जैसे नये घर में कोई शिफ्ट करने के वक्त। इस दलबदल के खेल में हर राजनीतिक दल से ताल्लुकात रखने वाले राजनेता शामिल हैं। इन राजनीतिक दलों में क्षेत्रीय दलों के साथ साथ राष्ट्रीय पार्टी से जुड़े लोग भी शामिल हैं। लंबा राजनीतिक अनुभव रखने वाले कई ऐसे राजनेता हैं, जो महज टिकट पाने के लिए एक के बाद एक कई दलों में अपना राजनीतिक भविष्य तलाशते रहे।

### सफल नहीं हुए दल बदलने वाले

झारखंड की जनता ने दल बदलने वाले नेताओं को स्वीकार नहीं किया है। चाहे भाजपा हो या कांग्रेस, झामुमो हो या आजसू, कोई भी दल ऐसा नहीं है, जिसमें दूसरे दलों से आनेवाले नेता नहीं हों। यह अलग बात है कि दलों ने भले ही इन दलबदलुओं को स्वीकार कर लिया, मतदाताओं ने इन्हें स्वीकार नहीं किया। जो नेता समय रहते अपनी भूल समझ गये, वे लौट आये, तो फिर उन्हें पूरा सम्मान मिला।

लेकिन जो अलग हो गये, वे कहीं वीरानी में खो गये। लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत का उदाहरण सामने है। अति महत्वाकांक्षा में उन्होंने कांग्रेस से नाता तोड़ लिया था और भाजपा में शामिल हो गये थे। लेकिन वहां की इच्छा पूरी नहीं हुई। उन्हें सम्मान तभी मिला, जनता ने अपने सिर आंखों पर तभी बैठाया, जब उन्होंने घरवापसी की। आज वह लोहरदगा से कांग्रेस के सांसद हैं।उन्होंने बंपर जीत हासिल की।

झारखंड का सियासी इतिहास बताता है कि नेताओं ने अपनी महत्वाकांक्षा के कारण पार्टी बदली, लेकिन जनता ने उन्हें स्वीकार नहीं किया। जिन्हें यह बात जल्दी समझ आ गयी, वे बच गये, लेकिन जो लौट नहीं सके, खो गये। अब उमाकांत रजक और केदार हाजरा भी इसी राह पर आगे बढ़ गये हैं, तो उनका भविष्य क्या होगा, यह देखनेवाली बात होगी, लेकिन इतना तय है कि पाला बदलने के इस खेल से झारखंड का तो भला नहीं ही होगा। वैसे तमाम दलों को भी सावधान रहने की जरूरत है। जो नेता एक झटके में किसी पार्टी से अपनी पुराना रिश्ता समाप्त कर लेता है, वह नये दल में कितने दिनों तक टिका रहेगा, यह देखनेवाली बात होगी।

---

# सीएम ने विस चुनाव फतह करने के लिए कुल देवता से लिया आशीर्वाद

- सड़क मार्ग से नेमरा गांव पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन
- सुरक्षा व्यवस्था का था पुख्ता इंतजाम, चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान थे तैनात
- सीएम ने ग्रामीणों की समस्या सुनी समाधान का दिया आश्वासन

अंजनी कुमार

**गोला (आजाद सिपाही)।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार शाम को सड़क मार्ग से आपने पैतृक गांव गोला प्रखंड के नेमरा पहुंचे। सीएम ने गांव में मरांग बुरु, जोहर आयो, मोड तुरुय को आदि कुल देवता को जल चढ़ाकार पूजा अर्चना किया। इसके अलावे सीएम ने अपने पूर्वजों को भी याद किया। बताया गया कि सीएम झारखंड में विधानसभा चुनाव फतह करने के लिए कुल देवता का आशीर्वाद लेने गांव पहुंचे थे। यहां उन्होंने संथाली रीती रीवाज के साथ विधानसभा फतह करने का आशीर्वाद आपने कुल देवता से लिया। सीएम करीब चार घंटे नेमरा में रहे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए उचित आश्वासन का भरोसा भी दिया। इससे पहले सीएम का स्वागत घर के लोगों ने लोटा पानी देकर किया।

सीएम के आगमन को लेकर चप्पे-चप्पे में पुलिस बल के जवान को तैनात किया गया था। सुरक्षा व्यवस्था इतना चाक चौबंद था कि परिंदे भी पर नहीं मर सकते थे। गोला से सिल्ली मोड़ बरलंगा से नेमरा तक काफी संख्या में पुलिस बल के जवानों को सुरक्षा में लगाया गया था। बताया गया कि सीएम किसी बड़े काम को करने से पहले आपने कुल देवता कि पूजा कर जरूर आशीर्वाद लेते हैं। झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन भी कुल देवताओं को हमेशा याद करते हैं। पंचाड्डू बाबा का हमेशा वो पूजा करते आये हैं। हर साल यहां मेला भी लगाया जाता है।









---

# चुनाव को प्रभावित करने वाले सभी कारकों पर रखें पैनी नजर: के रवि कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को राज्य के सभी प्रवर्तन एजेंसियों के वरीय अधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने समीक्षा बैठक की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन 2024 में केवल कैश ही नहीं, बल्कि अन्य वस्तुओं के प्रलोभन से भी मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया जा सकता है। इन सभी गतिविधियों पर सभी प्रवर्तन एजेंसियां समन्वय स्थापित करते हुए त्वरित कार्रवाई करें। सभी प्रत्याशियों को सामान अवसर प्रदान करने एवं राज्य में स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए सभी को सम्मिलित रूप से प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि आरबीआइ के पदाधिकारी सभी संदिग्ध लेनदेन एवं बल्क ट्रांजेक्शन पर ध्यान रखें। किसी भी संदिग्ध लेनदेन की सूचना मुख्यालय से साझा करते हुए बैंक एकाउंट को सीज करें। उन्होंने यातायात, वन विभाग, एयरपोर्ट आथोरिटी, मद्य निषेध विभाग, इडी, कस्टम विभाग, आयकर विभाग आदि के पदाधिकारियों को निर्वाचन के दौरान मुस्तैदी से कार्य करते हुए अवैध गतिविधियों पर पूर्णतः रोक लगाने का निर्देश दिया।

**मतदादाओं को प्रलोभन देने वालों पर रखें नजर**



के रवि कुमार ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में कई प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को प्रलोभन के लिए कई तरह की वस्तुओं को बांटा जाता है, इसपर कड़ी नजर रखें। सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध शराब, ड्रग्स आदि के आवागमन की संभावना है, इन सभी अवैध सामग्री के आवागमन पर नजर रखने के लिए सभी सीमावर्ती राज्यों एवं जिलों में निर्मित चेकपोस्टों पर सीसीटीवी से निगरानी रखी जानी है। जिसकी मॉनिटरिंग जिला मुख्यालय एवं राज्य स्तर से वेबकास्टिंग के मध्यम से की जा रही है। इस अवसर पर राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, अवर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा सहित सभी प्रवर्तन एजेंसियों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

# निकायों में कार्यरत लेखापाल का मानदेय हुआ दोगुना

**30 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के शहरी निकायों में लेखा का संधारण एनुअल बेस्ड डबल इंट्री अकाउंटिंग सिस्टम द्वारा करने के लिए कार्यरत लेखापाल के मानदेय का निर्धारण किया जायेगा। नगर विकास विभाग ने इस संबंध में सभी नगर निकायों के नगर आयुक्त, कार्यपालक पदाधिकारी व विशेष पदाधिकारी को पत्र लिखा गया है। इस सिस्टम के तहत लेखा कर्मियों को नियुक्त किए जाने का निर्देश है और इसके लिए 15000 रुपये प्रतिमाह मानदेय निर्धारित है, जिसे निकाय के स्वनिधि से किया जाता है।

लेखाकर्मियों द्वारा सरकार से मानदेय वृद्धि करने का अनुरोध लगातार किया जा रहा था। नगर विकास विभाग ने पूरे मामले पर विचार करके इनके मानदेय को दोगुना करते हुए अधिकतम 30000 रुपये प्रतिमाह करने का परामर्श दिया गया है। ऐसी स्थिति में लेखापाल को अब 30000 रुपये प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय नगर निकायों द्वारा स्वनिधि से भुगतान किया जायेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.7 °c | 22.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.20 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.47 बजे |



### बाबूलाल और शिवराज ने राज्य सरकार पर साधा निशाना

# इंडी गठबंधन के कुशासन का अंत कर चैन की सांस लेंगे : शिवराज

**भाजपा प्रदेश कार्यालय में सीट शेयरिंग की घोषणा के दौरान मीडिया से हुए रूबरू**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और केंद्रीय मंत्री सह झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने राज्य में एनडीए की जीत का दावा किया है। एनडीए की सीट शेयरिंग की घोषणा के दौरान मीडिया से दोनों नेता रूबरू हुए। उन्होंने हेमंत सरकार पर भी निशाना साधा।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि एनडीए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार सशक्त, समृद्ध और गौरवशाली भारत का निर्माण कर रही है। मोदी जी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज एनडीए विकास और सुशासन का प्रतीक है। झारखंड में भी चुनाव का बिगुल बज चुका है। इंडी गठबंधन की सरकार ने झारखंड को तबाही और बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया है। झारखंड के लिए चुनाव सत्ता पर काबिज होने का चुनाव नहीं है यह झारखंड की अस्मिता बचाने का चुनाव है। झारखंड में माटी, बेटी, रोटी बचे। नौजवानों के रोजगार सुरक्षित हो। महिला सशक्तिकरण हो। गरीबों का कल्याण हो। किसानों का उद्धार हो। भ्रष्टाचार का सफाया कर पाये। सुशासन और विकास दे पाये। इसलिए हमने और केंद्रीय नेतृत्व ने फैसला किया है कि झारखंड के यह चुनाव एनडीए लड़ेगा। भारतीय जनता पार्टी, आजसू पार्टी, जनता दल यू और लोजपा झारखंड में मिलकर चुनाव लड़ेंगे। मिलकर अभियान भी चलेगा। आपस में चर्चा पूरी हो चुकी है। सीट शेयरिंग पर भी सहमति है। जल्द हमारे उम्मीदवार घोषित होगी और चुनाव के मैदान में कूदेंगे। इंडी गठबंधन के कुशासन का अंत कर हम चैन की सांस लेंगे।

## रोटी, माटी और बेटी को बचाना है: बाबूलाल मरांडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में किसान, महिला, मजदूर, नौजवान सब ने खुद को ठगा महसूस किया। एनडीए गठबंधन चाहेगी कि जनता को इस तकलीफ से मुक्त किया जाये। लोगों को सुरक्षा देना, मां-बहनों को सशक्त करना बेहद ही जरूरी है। पिछली सरकार ने नौजवानों के सामने लंबी चौड़ी घोषणा की थी। हालांकि एक भी घोषणा पूरी नहीं की गयी। युवाओं को 5 लाख नौकरी देने का वादा सरकार ने किया था। अपने पिता की कसम खायी थी कि 5 लाख नौकरी नहीं दे पाये तो राजनीति से संन्यास ले लेंगे। पिता की कसम खाने के बाद भी अगर कोई व्यक्ति वादा पूरा नहीं करता है, ऐसे व्यक्ति पर जनता और नौजवान कितना भरोसा करेंगे। संताल परगना में आदिवासियों की जनसंख्या में 16 फीसदी की गिरावट आयी है। जमीन से भी बेदखल हो रहे हैं। बताने के बाद भी सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। हमें रोटी, माटी और बेटी को भी बचाना है। झारखंड की बदली डेमोग्राफी को भी ठीक करनी है। इन सभी मुद्दों को लेकर सम्मिलित रूप से जनता के पास जायेंगे। चुनाव मैदान में उतरेंगे।

# हेमंत सोरेन ने राधास्वामी सत्संग ब्यास के आध्यात्मिक प्रमुख से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज राधास्वामी सत्संग ब्यास, अमृतसर, पंजाब के आध्यात्मिक प्रमुख बाबाजी गुरिंदर सिंह ढिल्लों एवं हुजूर जसदीप सिंह गिल से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उनसे अपने कांके स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर फोटो साझा कर दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि "स्वामी सत्संग एक आध्यात्मिक मार्ग है, जो व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर गहरा रूपांतरण लाने की क्षमता रखता है। यह मार्ग जीवन के प्रति एक नया दृष्टिकोण प्रदान करता है, जो लोगों को आंतरिक शांति और आत्म-जागरूकता की ओर ले जाता है।"

# आजसू पर झामुमो का तंज- पिछली बार गांव की सरकार बनाने निकले आज 10 पर अटके

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो ने झारखंड में बने एनडीए गठजोड़ पर तंज कसा है। कहा कि आज झारखंड में लूट, समाज को बांटने, समाज में जहर घोलने, जाति-धर्म की फसाद खड़ा करने के लिए एक नापाक गठजोड़ का स्वरूप दिखा। आजसू पर तंज कसते हुए कहा कि जो पिछली बार गांव की सरकार बनाने निकले थे, अब सरकार बदलने के लिए वह पार्टी दस पर आकर अटक गयी। अब सरकार बदलने के लिए पता नहीं 10 में एक सीट भी जीत पायेंगे या नहीं, यह तो 23 नवंबर को पता चल पायेगा। जिसकी बदौलत केंद्र में सरकार में है, जिसकी बैशाखी पर दिल्ली में सरकार है, वह दो सीट पर आकर सिमट गये। एक केंद्रीय मंत्री एक सीट के लिए याचना करते रहे। मगर झारखंड में यह गठजोड़ नहीं चलेगा, आगामी 13 एवं 20 नवंबर को झारखंड के आदिवासी-मूलवासी, किसान, युवा, ग्रामीण, महिला ऐसी चोट करेंगे कि यह लोग डबल डिजिट में भी नहीं आ पायेंगे। रही बात भाजपा की तो यहां पर कॉरपोरेट लूट के लिए यह गठजोड़ उसने बनाया है। ये बातें पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने आयोजित एक प्रेस वार्ता में कही।



### झामुमो में एक नहीं हजारों आने को तैयार, लेकिन हमने कह दिया अभी नो एंट्री

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आज जो लोग झामुमो में आये वह एक बानगी थी। अभी तो इनके कैंडिडेट आने बाकी हैं, सूची जारी होते ही तबाही मचेगी। एक नहीं हजारों हमारे दल से संपर्क में हैं। मगर हमने कहा दिया है कि अभी नो एंट्री, पहले पश्चाताप करो, फिर संघर्ष करो, तब ही मिलेगी एंट्री। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी में आज दो दलित नेता शामिल हुए। उन्होंने बताया कि वो जहां थे, वहां न तो उन्हें बोलने की आजादी थी, ना अपने लोगों के लिए कुछ करने की। वे लोग घुटन महसूस कर रहे थे। इससे पता चलता है कि भाजपा एवं उनके सहयोगी दलों में आदिवासी, दलित और वंचित समाज के लोगों की क्या स्थिति है, क्या सोच है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** – परिवार में शुभ मांगलिक कार्य में सफलता मिलेगी। आत्मीय-स्वजन का सहयोग मिलेगा।
- **वृष** – समाज में मान-सम्मान रहेगा, नौकरी-व्यापार में सफलता मिलेगी, किसी प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।
- **मिथुन** – बुद्धि-चतुरता से रोजगार-व्यापार की स्थिति में सुधार होगा, व्यावसायिक उद्देश्य से की जाने वाली यात्राएँ लाभकारी होंगी।
- **कर्क** – धार्मिक-सामाजिक क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा महत्वकांक्षा पूरी होगी।
- **सिंह** – क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी, अपने वाणी पर नियंत्रण रखें, वाहन की सवारी सावधानी से करें चोट-चपेट लगने की आशंका।
- **कन्या** – नौकरी में स्थानांतरण-पदोन्नति होने की संभावना,महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा,आर्थिक लाभ।
- **तुला** – विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा।
- **वृश्चिक** – स्वजन-मित्रों के पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी,व्यवसाय की स्थिति में सुधार।
- **धनु** – इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी।
- **मकर** – आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन,घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।
- **कुंभ** – भूले-बिसरे प्रसंग पुनर्जीवित होंगे, व्यावहारिक कुशलता एवं बौद्धिक चतुराई से अनेक समस्याओं का समाधान निकलेगा।
- **मीन** – आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति,श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# कोर्ट के आदेश का 6 दिसंबर तक पालन करें : हाइकोर्ट

### नहीं करने पर उच्च शिक्षा सचिव एवं निदेशक की वेतन निकासी पर रोक लगेगी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** बरहरवा कॉलेज, साहिबगंज में लेक्चरर पद पर कार्यरत अनिल कुमार सरकार एवं अन्य की अवमानना याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि 6 दिसंबर 2024 तक अगर हाइकोर्ट की एकल पीठ के आदेश का पालन नहीं किया जाता है तो उच्च शिक्षा सचिव एवं निदेशक की वेतन निकासी पर 6 दिसंबर के बाद से रोक लग जायेगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने पैरवी की।

दरअसल, फोर्थ फेज के तहत अंगीभूत बरहरवा कॉलेज, साहिबगंज में लेक्चरर पद पर कार्यरत प्रार्थियों अनिल कुमार सरकार एवं अन्य की सेवा का समायोजन अग्रवाल कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर एसकेएम यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया था। लेकिन प्रार्थियों अनिल कुमार सरकार एवं अन्य जो लेक्चरर पद पर काम कर रहे है। उन्हें पंचम एवं छठे वेतनमान का लाभ नहीं दिया जा रहा था, जिसे लेकर उनकी ओर से हाइकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की गयी थी। हाइकोर्ट की एकल पीठ ने प्रार्थियों की याचिका स्वीकृत करते हुए वर्ष 2022 में राज्य सरकार को निर्देश दिया गया था कि प्रार्थियों को पंचम और छठे वेतनमान का लाभ दिया जाये। इसके बाद एकल पीठ के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने हाइकोर्ट की खंडपीठ में अपील दाखिल की थी। सरकार की इस अपील को हाइकोर्ट ने वर्ष 2024 में खारिज कर दिया था। इसके बावजूद प्रार्थियों को पंचम एवं छठे वेतनमान का लाभ नहीं दिया गया। इसी दौरान प्रार्थियों की ओर से हाइकोर्ट में अवमानना याचिका भी दाखिल की गयी। जिस पर कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए एकल पीठ के आदेश का पालन करने का निर्देश दिया। आदेश का पालन नहीं होने पर 6 दिसंबर के बाद उच्च शिक्षा सचिव एवं निदेशक की वेतन निकासी पर रोक लगाने का निर्देश दिया।

# भारत में लोकतंत्र बेहद प्राचीन : राज्यपाल

### राज्यपाल संतोष गंगवार ने संसदीय लोकतंत्रः चुनौतियां एवं समाधान किताब का किया लोकार्पण

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल संतोष गंगवार ने शुक्रवार को राजभवन में संसदीय लोकतंत्रः चुनौतियां एवं समाधान किताब का लोकार्पण किया। इस दौरान राज्यपाल ने भारत में लोकतंत्र की विशेषताएं बतायीं। राज्यपाल संतोष गंगवार ने सामाजिक, आर्थिक एवं संसदीय अध्ययन केंद्र द्वारा प्रकाशित संसदीय लोकतंत्रः चुनौतियां एवं समाधान स्मारिका का शुक्रवार को राज भवन में एक समारोह में लोकार्पण किया। इस दौरान संसदीय लोकतंत्र के प्रसंग में चुनौतियों की चर्चा के क्रम में राज्यपाल ने कहा कि भारत जैसे विराट लोकतंत्र के समक्ष अनेक चुनौतियां आती रहती हैं।

### छोटे देशों में लोकतंत्र के समक्ष कम चुनौतियां

राज्यपाल ने कहा कि जहां तक छोटे राष्ट्रों का प्रश्न है वहां अपेक्षाकृत लोकतंत्र के समक्ष कम चुनौतियां, प्रश्न खड़े होते हैं। उन्होंने कहा सब कुछ के बावजूद लोकतंत्र के सभी स्तंभ भारतीय संविधान की अवधारणा की अनुरूप अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं और उपस्थित होने वाली चुनौतियों के समाधान का मार्ग प्रशस्त करते हैं। यही भारतीय लोकतंत्र की विशेषता और सुंदरता है।

उन्होंने भारतीय लोकतंत्र के विशेषताओं का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय लोकतंत्र अत्यंत प्राचीन अवधारणा है और इसमें राष्ट्र का सार्वदेशिक कल्याण निहित है। इस महान कार्य में पत्र पत्रिकाओं, मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका तथा दायित्व है।

### सामाजिक-आर्थिक एवं संसदीय अध्ययन केंद्र की प्रशंसा की

संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि ऐसी शोध पूर्ण स्मारिकाओं के प्रकाशन के लिए संस्था को धन्यवाद। इस स्मारिका में पद्मश्री बालवीर दत्त, पूर्व सांसद महेश पोद्दार ,सांसद प्रदीप कुमार वर्मा, पद्मश्री सुरेंद्र किशोर, डॉक्टर चंद्रकांत शुक्ला, छत्तीसगढ़ के स्पीकर डॉ. रमन सिंह, पद्मश्री जतिंदर कुमार बजाज, पूर्व मंत्री राधा कृष्ण किशोर, प्रख्यात संविधान वेत्ता पद्मभूषण डॉ. सुभाष कश्यप, पूर्व कुलपति डॉ. एसपी सिंह, जम्मू कश्मीर विश्वविद्यालय के डीन डॉ. सुधाकर द्विवेदी, अनुज कुमार सिन्हा, श्याम किशोर चौबे चंदन मिश्र, डॉ मयंक मुरारी, अयोध्या नाथ मिश्र, डॉ राज रतन सहाय, उदयभान सिंह, मधुकर भारद्वाज प्रभृति विद्वानों के दो दर्जन से अधिक आलेख प्रकाशित हैं।

### ये सभी रहे मौजूद

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष ओपी लाल, सचिव ,अयोध्या नाथ मिश्र, संयुक्त सचिव अमरनाथ झा, सदस्य रमाकांत महतो, पूर्व कुलपति डॉ. चंद्रकांत शुक्ला, सदस्य रमाकांत महतो एवं स्मारिका के संपादक प्रो. डॉ. संतोष किड़ो आदि उपस्थित थे।

# झारखंड : रांची में पहले चरण में पांच विस क्षेत्रों में होंगे चुनाव




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। झारखंड में दो चरणों (13 और 20 नवंबर) को चुनाव होने हैं। रांची जिले में पहले चरण में पांच विधानसभा क्षेत्रों (तमाड़, रांची, हटिया, कांके और मांडर) में विधानसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गयी। रांची डीसी वरुण रंजन ने इस संबंध में समाहरणालय में प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि 18 अक्टूबर यानी शुक्रवार से राज्य में चुनावी प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। पहले चरण के लिए शुक्रवार से झारखंड में 43 सीटों पर नॉमिनेशन की प्रक्रिया होगी। 25 अक्टूबर को पहले चरण के नॉमिनेशन की अंतिम तारीख होगी। 28 अक्टूबर को नॉमिनेशन की स्क्रूटनी की जायेगी। वहीं 30 अक्टूबर तक प्रत्याशी अपना नॉमिनेशन वापस ले सकते हैं। नॉमिनेशन की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से 3 बजे तक चलेगी। जनरल प्रत्याशी को 10 हजार और एससी-एसटी को 5 हजार फीस जमा करना होगा।

## निर्वाची पदाधिकारियों की जानकारी

### तमाड़ विधानसभा क्षेत्र

तमाड़ निर्वाची कोषांग अनुमंडल कार्यालय बुंडू में अवस्थित होगा, जिसके निर्वाची पदाधिकारी किस्टो कुमार बेसरा होंगे। कुल 303 मतदान केंद्र में से 246 मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होंगे। वहीं 57 मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान कराया जायेगा।

### रांची विधानसभा क्षेत्र

रांची निर्वाची कोषांग अनुमंडल कार्यालय सदर कमरा संख्या 202 ब्लॉक-बी रांची समाहरणालय में अवस्थित होगा, जिसके निर्वाची पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार होंगे। कुल 374 मतदान केंद्र हैं, जहां सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होंगे।

### हटिया विधानसभा क्षेत्र

हटिया निर्वाची कोषांग अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) कार्यालय कमरा संख्या 103 ब्लॉक-ए समाहरणालय में अवस्थित होगा, जिसके निर्वाची पदाधिकारी राजेश्वर नाथ आलोक होंगे। कुल 496 मतदान केंद्र हैं, जहां सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होंगे।

### कांके विधानसभा क्षेत्र

कांके निर्वाची कोषांग उप समाहर्ता भूमि सुधार कमरा संख्या 203 ब्लॉक-बी समाहरणालय में अवस्थित होगा, जिसके निर्वाची पदाधिकारी मुकेश कुमार होंगे। कुल 482 से 461 मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होंगे। वहीं 21 मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान कराया जायेगा।


### मांडर विधानसभा क्षेत्र

मांडर निर्वाची कोषांग विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी कार्यालय कमरा संख्या जी-12 ब्लॉक-ए समाहरणालय में अवस्थित होगा, जिसके निर्वाची पदाधिकारी मोनी कुमारी होंगी। कुल 430 में से 420 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होंगे। वहीं 10 मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान कराया जायेगा।

# दिवाली-छठ पर सिर्फ दो घंटे आतिशबाजी की इजाजत, पटाखों की बिक्री को लेकर निर्देश जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दीपावली, छठ और गुरु पर्व पर आतिशबाजी के लिए समय निर्धारित कर दिया है। इन तीनों पर्व पर दो घंटे तक आतिशबाजी की जा सकेगी, जबकि क्रिसमस और न्यू ईयर पर मात्र 35 मिनट तक आतिशबाजी करने का समय तय किया गया है। बोर्ड द्वारा तैयार दिशा-निर्देश के अनुसार, दीपावली की रात को आठ बजे से दस बजे तक ही पटाखे चलाने की इजाजत होगी। छठ के दिन सुबह छह से आठ, गुरु पर्व पर रात आठ से दस और क्रिसमस और नये साल पर 31 दिसंबर की रात 11 बज कर 55 मिनट से 12:30 बजे तक आतिशबाजी की अनुमति होगी।



**125 डेसिबल से कम क्षमता वाले पटाखों की बिक्री की इजाजत :** झारखंड हाइकोर्ट ने भी 16 अक्टूबर को एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान रांची में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण पर सख्ती से रोक लगाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि ध्वनि प्रदूषण को लेकर शिकायतें दर्ज कराने वालों के नाम हर हाल में गोपनीय रखे जायें। इस मामले में कोर्ट ने झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भी निर्देश जारी किया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की ओर से पारित आदेश के आलोक में आतिशबाजी के लिए मापदंड निर्धारित किये हैं। झारखंड के उन शहरों में जहां वायु गुणवत्ता का स्तर अच्छा या संतोषप्रद है, वहां निर्धारित समय पर ही पटाखे चलाये जा सकेंगे। पटाखों की बिक्री को लेकर भी निर्देश जारी किये गये हैं। दिशा-निर्देश के अनुसार, राज्य में 125 डेसिबल से कम क्षमता वाले पटाखों की ही बिक्री की जा सकेगी। साइलेंट जोन में 100 मीटर की परिधि में आतिशबाजी और पटाखे चलाने पर रोक रहेगी। निर्देशों का उल्लंघन करने वालों पर वायु प्रदूषण निवारण नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी। इसे लेकर राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों को भी पत्र लिखा गया है।

## सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के जयनगर पुल के समीप शुक्रवार की सुबह ट्रक की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान जयनगर के कंझियाडीह निवासी अमित साव (उम्र 18 वर्ष, पिता मदन साव) के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद घायल युवक को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। युवक ने बताया कि वह सुबह सड़क के किनारे से गुजर रहा था। इस दौरान ट्रक ने उसे अपने चपेट में ले लिया और मौके से फरार हो गया। वहीं सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है।

## डीवीसी केटीपीएएस ने 219 लोगों



## की स्वास्थ्य जांच की

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के करियांवा पंचायत अंतर्गत ग्राम डहुवाटोला मध्य विद्यालय के प्रांगण में दामोदर घाटी निगम नैगम सामाजिक दायित्व के तहत मेगा स्वास्थ्य शिविर के तहत सामान्य स्वास्थ्य जांच सह जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर डीजीएम विनोद कुमार राय के द्वारा किया गया। वहीं सीएसआर डीजीएम विनोद कुमार राय ने कहा गया कि सोते समय मच्छरदानी लगाकर सोएं। अपने आस-पास साफ सफाई पर ध्यान दें। इसके पश्चात डॉक्टरों के द्वारा 219 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरण किया। मौके पर डॉ विकास कुमार, डॉ रवि कुमार, सीएसआर प्रबंधक कुलदीप राम, मेडिकल टीम से अशोक कुमार, इरफान, अनुपम कुमार तिवारी सहित सैकड़ों के संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष एवं छात्र-छात्राओं मौजूद थे।

## मार्खम कॉलेज हिंदी विभाग की खुशप्रिया रानी हुई नेट परीक्षा में सफल



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** मार्खम कॉलेज के हिंदी विभाग की छात्रा खुशप्रिया ने नेट परीक्षा पास किया, उक्त छात्रा सांढ़ छपेरवा गांव निवासी तिलानाथ कुशवाहा की सुपुत्री है। खुशप्रिया रानी ने दूसरे प्रयास में हिंदी विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर की पात्रता (नेट) परीक्षा में सफलता हासिल की है। खुशप्रिया रानी मैट्रिक परीक्षा बालिका उच्च विद्यालय बड़कागांव में 63% इंटरमीडिएट इंटर साइंस कॉलेज में 61% मार्खम कॉलेज हिंदी स्नातक में 75% एवं एमए के नियमित छात्र रही है। इन्होंने सफलता का श्रेय अपने दादा केश्वर महतो , पिता तिलानाथ कुशवाहा, माता पारा शिक्षिका सविता कुशवाहा एवं महाविद्यालय के हिंदी विभाग के गुरूजनों को दिया है। ज्ञात हो महाविद्यालय में हिंदी विभाग के दो प्राध्यापक सांढ़ गांव निवासी प्रोफेसर संतोष रविदास एवं डॉ कनक रागिनी के निर्देशन में तैयारी की है।



## जागरूकता के तहत नैतिक मतदान करने की शपथ दिलायी गयी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी के तहत आज जिले के सभी प्रखंड के पंचायत, गांव स्तर एवं मतदान केंद्रों पर बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों ने बैठक किया। जिसमें ग्रामीण महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बैठक कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने एवं खुद मतदान करने और दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने पर चर्चा किया गया। इस दौरान सभी महिला मतदाताओं को मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। मतदाताओं को नैतिक मतदान करने का शपथ दिलाया गया। इसके अलावा विभिन्न सरकारी विद्यालयों में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चियों के द्वारा विभिन्न मतदाता जागरूकता पेंटिंग कर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने का संदेश दिया गया। शनिवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय वॉल



पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

## जयनगर में आरएसएस ने किया शरद पूर्णिमा उत्सव का आयोजन

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में आश्विन पूर्णिमा के शरद पूर्णिमा का उत्सव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जयनगर के द्वारा कुंजबिहारी धाम खगराडीह राधे कृष्ण मंदिर मे आयोजित की गयी। इस कार्यक्रम के मुख्य रूप से गीत, सुभाषित, अमृत वचन, खेल- कूद, बौद्धिक और अंत मे अमृत समान खीर का महाप्रसाद का वितरण किया। मौके पर जिला कार्यवाह मुकेश राणा ने शरद पूर्णिमा उत्सव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूर्णिमा की रात चंद्रमा का दर्शन अति लाभदायक होता है। वैज्ञानिकों के अनुसार पूर्णिमा की रात चंद्रमा से अमृत की वर्षा होती है जो अनेक रोगों में लाभकारी होता है। चंद्रमा को औषधीय कहा जाता है चंद्रमा की किरनों से मनुष्य ही नहीं, हर प्रकार की फसल, पेड़-पौधों, पुष्प-लताओं में रसायन बनता है। शरद पूर्णिमा पर चन्द्रमां खुले मन से अमृत लुटाता है। नए धान की फसल पर जब चन्द्रमा की किरण पड़ती है, तब धान अत्यन्त ही पुष्टिकारक हो जाता है। वर्ष की सभी पूर्णिमाओं में शरद पूर्णिमा अनूठी है। मौके पर खंड कार्यवाह सुनील कुमार यादव, विश्व हिंदू परिषद प्रचार प्रसार जिला प्रमुख विनोद कुमार बर्णवाल, जिप सदस्य केदारनाथ यादव, पंसस धानेश्वर राणा, सकलदेव राम, दिवाकर पांडेय, गजेन्द्र साव, महेश पांडेय, सिकंदर साव, सुदर्शन प्रसाद, सुभाष राणा, संतोष साव, जितेन्द्र यादव, किशोर यादव, सुखदेव साव, दीपक साव, दिनेश साव सहित सैकड़ों महिला-पुरुष शामिल थे।

## बरकट्ठा और हजारीबाग सदर से 8 प्रत्याशियों ने खरीदा पर्चा

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को नोटिफिकेशन जारी होने के साथ ही पहले दिन बरही से दो जबकि, बरकट्ठा और हजारीबाग सदर से तीन तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा है। बरकट्ठा विधानसभा के लिए महेंद्र प्रसाद, पिता- बैद्यनाथ साव, नीतिका कुमारी, पिता-महेंद्र प्रसाद और सुनील कुमार, पिता- रामसहाय रजक

# हजारीबाग सदर विधानसभा में 4 लाख 40 हजार 297 मतदाता चुनेंगे अपना विधायक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग।** चुनाव के तिथि की घोषणा के बाद सभी राजनीतिक दल प्रत्याशियों की सूची को अंतिम रूप देने के लग गये हैं। हजारीबाग सदर विधानसभा में 4 लाख 40 हजार 297 मतदाता अपना विधायक चुनेंगे। जिसमें 2 लाख 22 हजार 431 पुरुष और 2 लाख 16 हजार 384 महिला मतदाता शामिल हैं। थर्ड जेंडर वोटर की संख्या 4 है, जबकि सेवा मतदाताओं की संख्या 1478 है। हजारीबाग सदर विधानसभा में मतदान केंद्रों की संख्या 486 बनायी गयी है। हजारीबाग सदर विधानसभा के लिए 13 नवंबर को वोट पड़ेंगे। जिस के लिए गुरुवार से नॉमिनेशन फार्म बिकना और नॉमिनेशन चालू भी हो चुका है। हजारीबाग सदर के लिए एसडीओ कार्यालय में प्रत्याशी अपना नामांकन करेंगे। इसको लेकर जिला प्रशासन ने भी पूरी तैयारी कर ली है। हजारीबाग सदर विधानसभा पर 2019 में भाजपा का कब्जा रहा है। भाजपा के मनीष जायसवाल ने कांग्रेस प्रत्याशी को लगभग 50 हजार से अधिक मतों से शिकस्त दी थी। वहीं 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के मनीष जायसवाल ने निर्दलीय प्रदीप प्रसाद को लगभग 27 हजार मतों से हराया था। कांग्रेस के जयशंकर पाठक तीसरे स्थान पर रहे थे। वर्ष 2009 और 2005 के झारखंड विधानसभा चुनाव में हजारीबाग विधानसभा सीट पर रामगढ़ राजघराने के युवराज सौरभ नारायण सिंह ने भाजपा के देवदयाल कुशवाहा और निर्दलीय ब्रजकिशोर जायसवाल को हरा कर जीत दर्ज की थी।

# तीन निर्दलीय प्रत्याशियों ने खरीदा पर्चा

**डीसी ने कहा हर बिंदु को लेकर चल रही है प्रशासनिक तैयारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। शुक्रवार से टिकट बिक्री का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। पहले दिन सदर विधानसभा से तीन निर्दलीय प्रत्याशियों ने प्रपत्र खरीदा है। जिनमें सच्चिदानंद पांडे, विक्रम राणा और प्रशांत कुमार शामिल है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग नैंसी सहाय ने बताया कि चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गयी है। बैठकों का दौर भी जारी है। सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। वैसे बुथ जहां वोटिंग प्रतिशत कम है वहां वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए भी कार्यक्रम किया जा रहे हैं। हजारीबाग में पड़ने वाले चार विधानसभा बरकट्ठा, बरही ,मांडू और हजारीबाग में दो चरणों में मतदान होगा। बरकट्ठा बरही और हजारीबाग सदर में 13 नवंबर और मांडू में 20 नवंबर को मतदान होना है। चारों विधानसभा में कुल 15 लाख 95 हजार 649 मतदाता भाग्य का फैसला करेंगे। हजारीबाग सदर में चार लाख 40 हजार 297, मांडू में 4 लाख 30 हजार 990, बरही में 3 लाख 35 हजार 339 और बरकट्ठा में 3 लाख 89 हजार 23 मतदाता है वही तृतीय लिंग की संख्या 17 है चारों विधानसभा में महिला मतदाताओं की संख्या 7 लाख 80 हजार 880 है। प्रथम चरण के लिए गजट नोटिफिकेशन 18 अक्टूबर, नॉमिनेशन की अंतिम तारीख 25 अक्टूबर, नामांकन की जांच की तिथि 28 अक्टूबर, नामवापसी के लिए 30 अक्टूबर और मतदान 13 नवंबर को होगा मतगणना की प्रक्रिया 23 नवंबर को पूरी की जायेगी।

## बरकट्ठा विधानसभा से लड़ेंगे चुनाव सुनील कुमार



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)। बरकट्ठा विधानसभा से युवा समाजसेवी सुनील कुमार चुनाव लड़ेंगे। शुक्रवार को नामांकन फार्म खरीदते हुए उन्होंने चुनाव लड़ने की घोषणा की है। कहा की स्थानीय एवं प्रवासियों का समग्र विकास, युवाओं को गुणात्मक शिक्षा एवं रोजगार से जोड़ने का ईमानदार प्रयास, बरकट्ठा को झारखंड के मानचित्र में एक आध्यात्मिक स्थान के रूप में पहचान दिलाने के साथ ही इस क्षेत्र में पर्यटन से रोजगार के अवसर को उपलब्ध करानी होगी।**

# भारतीय रेलवे का बड़ा फैसला, दो दर्जन ट्रेनों को कोहरे के कारण 1 दिसंबर से 28 फरवरी तक किया गया रद्द

**कोडरमा के रास्ते होकर चलने वाली अजमेर सियालदाह सप्ताह में 3 तीन रहेगी रद्द, कई ट्रेनों का परिचालन में की गई कमी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कोडरमा।** गुलाबी ठंड का एहसास अक्टूबर माह के पहले पाक्षिक से आम आवाम को होने लगा है। पंखे की रफ्तार धीमी हो गयी है और कई लोग गर्म पानी से स्नान की शुरूआत कर चुके हैं। इधर ठंड में कोहरे और ठंड के वजह से रेलवे के पहिये जकड़ जाते हैं। ऐसे में पूरे देश भर में 2 दर्जन से अधिक ट्रेनों को रद्द कर दिया गया और कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। कोहरे के कारण संरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित कराने के लिये एक दिसम्बर से 28 फरवरी 2025 तक लगभग 2 दर्जन ट्रेनों को रद्द किया गया है तथा कुछ ट्रेनों के परिचालन में कमी की गयी है। पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र के अनुसार कोडरमा के रास्ते होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 18103 टाटा-अमृतसर एक्सप्रेस 2 दिसम्बर से 26 फरवरी 2025 तक रद्द रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18104 अमृतसर-टाटा एक्सप्रेस 4 दिसम्बर से 28 फरवरी 2025 तक रद्द रहेगी। वहीं कोडरमा के रास्ते होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 12988 अजमेर सियालदाह एक्सप्रेस 1 दिसम्बर से 28 फरवरी प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को रद्द रहेगी इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12987 सियालदाह अजमेर एक्सप्रेस प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार और रविवार को रद्द रहेगी। इधर बताते चलें कि दिसम्बर में शादी-विवाह एवम बड़ा दिन और नए वर्ष की छुटियां मनाने कई लोग देश के विभिन्न राज्यों में जाते हैं ऐसे में उनके पर्यटन स्थलों पर जाने के लिए दूसरी ट्रेनों को विकल्प के रूप में खोजना होगा यहाँ यह भी बताना जरूरी है कि रेलवे के द्वारा कई अन्य ट्रेनों को भी रद्द किया जा सकता है और फेरे में कटौती की जाएगी रेलवे में दिल्ली, मुंम्बई तथा उत्तर भारत से आनेवाली कई ट्रेनें विलंब से कोडरमा पहुंचती है और वीवीआइपी राजधानी सहित कई ट्रेनें काफी विलंब होने के कारण एकाएक रद्द भी किया जाता है। ऐसे में यात्रियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

## चित्रगुप्त पूजा समिति का गठन, पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को चित्रगुप्त मंदिर प्रांगण, चित्रगुप्त नगर, झुमरीतिलैया में श्री चित्रगुप्त पूजा समिति की बैठक आहूत की गयी, जिसमें 2023 के पूजा के आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। तत्पश्चात पिछले वर्ष के पूजा समिति को ही वर्ष 2024 के श्री चित्रगुप्त पूजा को धूम-धाम से मनाने का जिम्मा सौंपा गया, वर्ष 2024 के लिए श्री चित्रगुप्त पूजा समिति के लिए अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार अभय, उपाध्यक्ष शैलेश कुमार शोलू, ओंकार सिन्हा व ऋषिकांत, सचिव रविंद्र कुमार मोती, सह सचिव नीरज कुमार तथा सत्येंद्र सिन्हा को, कोषाध्यक्ष गौतम कुमार एवं सह कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार सिन्हा को बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्यों में आदित्य सिन्हा, मयंक, स्वयम सिन्हा, कार्तिकेयन आदि शामिल हैं, वहीं भिखारी प्रसाद सिन्हा तथा ब्रह्मदेव प्रसाद संरक्षक बनाये गये हैं।

## मौसम में हुआ बदलाव, सुबह कोहरा छाया रहा

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** कार्तिक मास की शुरूआत के साथ मौसम ने भी अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को कोहरे ने कोडरमा में दस्तक दे दी है। शुक्रवार की सुबह 8 बजे तक कोहरे का प्रभाव देखने को मिला। गुरुवार की रात से ही ओस की परत ने आसमान को ढक लिया था, जो सुबह सूरज की रोशनी निकलने तक जारी रहा। सूर्योदय के बाद कोहरा हटते ही लोगों की दिनचर्या सामान्य हुई। मॉर्निंग वॉक करने वाले जब सुबह के समय टहलने के लिए अपने घर से निकलें तो अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में कोहरे को देख कर थोड़ा सतर्क रहें। मौसम विभाग की बुलेटिन के अनुसार अगले कुछ दिनों में राज्य के विभिन्न जिलों में 1 से 2 डिग्री तक तापमान में बदलाव देखने को मिलेंगे। जबकि दिन का तापमान 30 डिग्री रहा। शुक्रवार की सुबह अचानक घना कोहरा छाने से वाहन चालक फॉग लाइट जलाकर सड़कों पर चलते दिखे। सड़कों पर करीब 100 मीटर की विजिबिलिटी ने वाहनों के पहिए की रफ्तार को भी कम कर दिया था।

# प्रत्याशियों को अपने आपराधिक मामलों की जानकारी देनी होगी: डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**कोडरमा।** विधानसभा निर्वाचन 2024 हेतु 18 अक्टूबर 2024 को अधिसूचना जारी हो गयी है। अधिसूचना जारी होते ही प्रत्याशी नामाकंन प्रपत्र का क्रय एवं नामांकन दाखिल कर सकेंगे। नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर, 28 अक्टूबर को स्क्रूटनी वहीं 30 अक्टूबर तक प्रत्याशी अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। उक्त जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने प्रेस वार्ता कर दी। 19-कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय में नामांकन प्रपत्र उपलब्ध रहेगा। अनारक्षित वर्ग के प्रत्याशी द्वारा 10 हजार रू. नगद जमा कर नाजिर रसीद के माध्यम से नामांकन प्रपत्र का क्रय किया जा सकता है। वहीं आरक्षित वर्ग के प्रत्याशी 5 हजार रू. का भुगतान कर नामांकन पत्र प्राप्त कर सकेंगे। पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक प्रत्याशी अपना नामांकन कर सकेंगे। 19-कोडरमा विधानसभा के प्रत्याशी अनुमंडल कार्यालय कोडरमा में नामांकन दाखिल करेंगे। नाम निर्देशन के दौरान नामांकन हेतु आने वाले उम्मीदवार के साथ अधिकतम पांच व्यक्तियों को ही रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय (अनुमंडल कार्यालय कोडरमा) में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी। सुगम यातायात व्यवस्था के लिए नाम निर्देशन के दौरान आने वाले उम्मीदवारों को चिन्हित पार्किंग स्थल पर ही वाहनों का ठहराव करना होगा। निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू रहेगी। सभी स्थानों पर मजिस्ट्रेट व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति रहेगी ।

### प्रत्याशियों के लिए ये है जरूरी

**आयोग ने जानकारी दी कि शपथपत्र के रूप में हर प्रत्याशी को फॉर्म 26 को स्पष्ट रूप से पूरा भरना होगा। प्रत्याशियों को अपने आपराधिक मामलों से जुड़ी जानकारी कम से कम तीन समाचार पत्रों में विज्ञापित करानी होगी। उसे अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर भी प्रदर्शित करना होगा। प्रत्येक प्रत्याशी चुनाव खर्च के ब्योरा के लिए अलग से बैंक अकाउंट खुलवा लेंगे।**

## जहर खाने से एक व्यक्ति की हुई मौत



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार की देर शाम चेचाई मे एक व्यक्ति जहर खा लिया जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। मृतक की पहचान दीपक कुमार यादव (उम्र 35 वर्ष, पिता स्वर्गीय जानकी यादव, चेचाई) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घरेलू विवाद को लेकर जहर खा लेने से अचानक तबियत बिगड़ने लगी। इसके बाद आनन फानन में कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान इसकी मौत हो गयी। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को मिलने के बाद पहुंच कर शव को शुक्रवार को पोस्टमार्टम करके परिजनों को सौंप दिया गया।

## शिव शक्ति दुर्गा पूजा समिति ने कराया लक्की ड्रा, प्रथम पुरस्कार में महिला को मिली स्कूटी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शहर के मटवारी गांधी मैदान में शिव शक्ति दुर्गा पूजा समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पूजा के दौरान प्रत्येक वर्ष की तरह लॉटरी टिकट की बिक्री की गयी। पूजन के उपरांत दुर्गा पूजा पंडाल के समीप लॉटरी ड्रॉ का आयोजन किया गया। वहीं मंच का संचालन अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम के शुरूआत में माता रानी के जयकारों के साथ विधिवत रूप प्रारंभ कराया गया। चार घड़ा के माध्यम से लॉटरी के नंबर को निकाला गया, पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके के साथ संपन्न किया गया, जिसमें प्रथम पुरस्कार कूपन संख्या- 1433 बाबा पथ निवासी सुषमा देवी को स्कूटी सचिव रिंकू वर्मा ने अपने हाथों से पुरस्कृत किया। कुल 31 पुरस्कार बांटे गये। मौके पर अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि पूजा में लोगों का अपार सहयोग और समर्थन प्राप्त हुआ। मौके पर अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, सचिव रिंकू वर्मा, उपाध्यक्ष विजय चौधरी, कौशल, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, प्रशांत प्रियदर्शी, बबलू मिश्रा, रवि सिंह, अतुल, अमित, जय, पच्चू, सुमन, सन्नी ,सोनू, अशोक आदि सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रजातंत्र को बचाने के लिए फ्री कल्चर पर रोक लगाना जरूरी: यशवंत सिन्हा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड में इन दिनों गोगो दीदी योजना और मइयां सम्मान योजना काफी सुर्खियों में है। इन दोनों योजना के जरिए पक्ष और विपक्ष महिला मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। मइयां सम्मान योजना झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में एक है। जिसके तहत महिलाओं को प्रत्येक माह 1000 मिल रहा। इसी योजना का काट भारतीय जनता पार्टी ने गोगो दीदी योजना लाया। जिसमें महिलाओं को 2100 देने का वादा किया गया, अगर उनकी सरकार बनती है तो यहां के महिलाओं को 2100 मिलेगा। झारखंड सरकार ने मइयां सम्मान योजना में फेर बदल कर चुनाव घोषणा से एक दिन पहले इसे 2500 कर दिया। ऐसे में यह एक चुनावी मुद्दा बन गया है। देश के पूर्व वित्त एवं विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा से जब यह पूछा गया कि इस तरह की योजना का क्या इंपैक्ट पड़ता है। इन्होंने यह भी कहा कि फ्री में पैसा देने की लालच लोगों में मांगने की प्रवृत्ति को बढ़ाता है। इन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि इस तरह की योजना का खुद और उनकी पार्टी अटल विचार मंच विरोध करती है। यशवंत सिन्हा देश के वित्त मंत्री रहे हैं।

## फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय कार्यालय स्थित सभागार में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रदीप बैठा की उपस्थिति और प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो की अध्यक्षता में फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम के तहत बैठक की गयी। फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम के तहत रात्रि रक्त पट संग्रह करने का निर्णय लिया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रदीप बैठा ने बताया कि दिनांक 19 अक्टूबर को जामु एवं 23 अक्टूबर को दशारो ग्राम में स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परजीवी रात्रि में ही रक्त में विचरण करते हैं जिसके कारण यह कार्यक्रम रात्रि में ही आयोजित किया जाता है। बैठक में सीडीपीओ मरकच्चो के द्वारा संबंधित क्षेत्र की सेविकाओं को कार्यक्रम में सहयोग करने का निर्देश किया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को भी सहयोग देने के लिए कहा गया है। मौके पर ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर धर्मेंद्र राम, मलेरिया तकनीकी पर्यवेक्षक विवेकानंद शर्मा, पीरामल फाउंडेशन कोडरमा के प्रमोद कुमार सिंह समेत कई कर्मी उपस्थित थे।

## गैस सिलेंडर अचानक फटने से आग लगी, तीन लोग झुलसे



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के तिलैया डैम थाना क्षेत्र के बेला में शुक्रवार को रसोई गैस सिलेंडर में आग लगने और ब्लास्ट करने से दो महिला एवं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों की पहचान 28 वषीर्या चांदनी कुमारी, 45 वषीर्या रेणु देवी और 28 वर्षीय रॉबिन कुमार के रूप में हुई है। घायलों ने बताया कि शुक्रवार को घर में खाना बनाने के दौरान गैस में लीकेज होने के बाद अचानक गैस में आग लग गयी। जिसके बाद सिलेंडर ब्लास्ट कर गया। इसके चपेट में आने से तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सहायता से तीनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया।

## ग्रिजली कॉलेज के बीएड प्रशिक्षुओं को दी गयी विदाई



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में बीएड सत्र 2022-24 के प्रशिक्षुओं के शैक्षिक सत्र समापन के उपरांत विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ संजीता कुमारी ने प्रशिक्षुओं को उनके कड़ी मेहनत एवं उनके कार्यों के प्रति तत्परता और समर्पण की सराहना की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मृदुला भगत ने प्रशिक्षुओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ के बच्चों एवं समस्त ग्रामीणों हेतु कपड़े, खाद्य पदार्थ एवं बच्चे हेतु पठन पाठन सामाग्री , नये वस्त्र और जूते उपलब्ध करवाये गये। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बीएड के सभी प्रशिक्षु सहित सभी सहायक प्राध्यापक डॉ मनीष कुमार पासवान, डॉ पुजा कुमारी, मनीष कुमार सिन्हा, खुशबू कुमारी, संजीत कुमार, अनिल दास, सीताराम यादव एवं चुन्नु कुमार साथ ही सभी शिक्षकेतर कर्मचारी सुचित कुमार, दीपक कुमार पाण्डेय, रोहित कुमार, आलम मुख्तार, सुधीर साव, विवेक कुमार एवं ओंकार कुमार आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक सौरभ शर्मा ने किया।

## राजद नेता तेजस्वी यादव का मांडू में स्वागत

# हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनेगी : तेजस्वी यादव



आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडू।** बिहार विधानसभा के प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी यादव का सड़क मार्ग से रांची जानें के क्रम मे मांडू चट्टी चौक पर गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकतोओं ने स्वागत किया। राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व युवा प्रदेश अध्यक्ष शाहीद सिद्दीकी के नेतृत्व में पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा की देश मे सामाजिक, न्याय, धर्म-निरपेक्षता व समानांतर मुलक का समाज बनाना है। साथ ही संविधान और आरक्षण को एनडीए के घटक दल समाप्त करना चाहती है, जिसे राष्ट्रीय जनता दल ऐसा कभी नहीं होने देगी। झारखंड में पुनः एक बार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनेगी। स्वागत करने में अमित कुमार हांसदा, मो जब्बार, अतह ʼअली, भोलेश्वर भोगता, सर्वजीत सिंह, गुलाम रब्बानी, दिलीप कुमार मिर्धा, नरेश हेंब्रोम, संदीप करमाली, फूलमती देवी, मन कुमारी देवी, लीला देवी, रुनुवा देवी, सीता देवी, यशोदा देवी, उषा देवी, अजय कुमार, दशरथ ठाकुर, लोकनाथ गंझु, जगदीश हेम्ब्रोम, दिलीप गंझु, महावीर गंझु, कुलेश्वर ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सकेंद्र भुइयां ब्लाइंड मर्डर मामले का खुलासा

# प्रेमिका के पति समेत दो गिरफ्तार

**पुलिस ने गिरफ्तार हत्यारों के पास से घटना में प्रयुक्त एक बलतरा कंपनी का इंडेक्शन चूल्हा, एक स्टील का पतीला और रेडमी कंपनी का एक मोबाईल बरामद किया है।**



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** जिले के ईटखोरी थाना क्षेत्र के नवादा गांव में घटित सकेंद्र भुईयां ब्लाईंड मर्डर केश का एसआइटी ने खुलासा कर दिया है। साथ ही घटना को अंजाम देकर मृतक के शव को कब्रिस्तान के समीप फेंककर ईलाके में शांति व्यवस्था भंग करने के हत्यारों के प्रयासों पर भी पुलिस ने पानी फेर दिया है। पुलिस ने सकेन्द्र भुइयां हत्याकांड मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सकेन्द्र की हत्या प्रेम प्रसंग को लेकर की गयी थी। मृतक की प्रेमिका के पति ने इस निर्मम हत्याकांड को अंजाम दिया था। गिरफ्तार आरोपियों में मृतक के प्रेमिका का पति लालधारी भुईयां और मृतक के भाई बहादुर भुईयां का नाम शामिल है। पुलिस ने गिरफ्तार हत्यारों के पास से घटना में प्रयुक्त एक बलतरा कंपनी का इंडेक्शन चूल्हा, एक स्टील का पतीला और रेडमी कंपनी का एक मोबाईल बरामद किया है। मामले की जानकारी देते हुए डीएसपी मुख्यालय अमिता लकड़ा ने बताया कि नवादा में विगत 13 अक्टूबर को सकेन्द्र भुईयां नामक शख्स की निर्मम हत्या कर शव को गांव से सटे कब्रिस्तान के समीप फेंकने की सूचना मिली थी। जिसके बाद हत्या के मामले में पुलिस अधीक्षक ने इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया था। जिसके बाद थाना प्रभारी ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी लालधारी भुइयां से पूछताछ की, जिसमें उसने अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि उसने 12 अक्टूबर की रात को चौपारण में आर्केस्ट्रा देखने के बाद जब 13 तारीख को अहले सुबह करीब 3 बजे वह घर लौटा तो उसने सकेन्द्र भुइयां को अपनी पत्नी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पाया। जिसके बाद उसने गुस्से में मुंह दबाकर सकेन्द्र भुइयां की हत्या कर दी और फिर इंडक्सन चुल्हे में पानी गरम करके खौलता पानी उसके पीठ, पैर और बांह पर डाल दिया। साथ ही कब्रिस्तान को लेकर चल रहे जमीनी विवाद के कारण विशेष समुदाय के लोगों को फंसाने की नियत से उसने मृतक के भाई बहादुर भुइयां के साथ मिलकर लाश को कब्रिस्तान के पास ले जाकर फेंक दिया और अन्य लोगों के साथ मिलकर मामले को साम्प्रदायिक रंग देने का प्रयास किया।

डीएसपी मुख्यालय ने बताया कि पुलिस ने लालधारी भुइयां और बहादुर भुइयां को गिरफ्तार कर लिया है और दोनों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। छापेमारी दल में पुलिस उपाधीक्षक अमिता लकड़ा, पुलिस निरीक्षक मंजू कुमारी, थाना प्रभारी इटखोरी अभिषेक कुमार सिंह, एसआई दिलबाग सिंह, हरिद्वार प्रसाद मंडल व एएसआई दुखी राम महतो समेत महिला गृहरक्षक व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।


CCL Fuelling Sustainable Growth

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं । इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं ।


## गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा रिवर साइड भुरकुंडा में लगा रक्तदान शिविर



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** गुरु सिंह सभा गुरूद्वारा रिवर साइड भुरकुंडा के तत्वावधान में हेल्थ प्वाइंट हॉस्पिटल रांची के सौजन्य से विवेक गौरव की टीम ने शुक्रवार को रक्तदान शिविर लगाया। शिविर में 38 लोगों ने रक्तदान कर इसके प्रति आमजनों को भी प्रेरित किया। शिविर में हेल्थ प्वाइंट हॉस्पीटल बरियातु, रांची के रामप्रसाद कुमार सिंह, विनीत मिश्रा, विवेक गौरव, विकास कुमार, स्वेता कुमारी, नौशाद आदि ने रक्त संग्रह किया। इधर रक्तदान करने वालों को गुरूद्वारा प्रबंधन द्वारा हेलमेट एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर को सफल बनाने में गुरूद्वारा कमेटी के प्रधान भूपेन्द्र सिंह सैनी उर्फ जीबू, अवतार सिंह सैनी, लव कुमार महतो, निर्मल सिंह, हरविंदर सिंह बबली, बलजीत सिंह, गुरमित सिंह, सुखचौन सिंह, बलविंदर सिंह, बिकर सिंह, हरविंदर सिंह बिट्ढ, आनंद शर्मा, विक्की नायक सहित गुरूद्वारा कमेटी का विशेष योगदान दिया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन से आपसी प्रेमभाव बढ़ता है : चंद्रप्रकाश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** दुलमी प्रखंड के ग्राम मदगी में लखी पूजा के शुभ अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी सम्मिलित होकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और लक्ष्मी माता की पूजा अर्चना कर, उत्साह से भरे भक्तों को संबोधित कर, शुभकामनाएं और बधाई दी। भक्त गण द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि उमंग धार्मिक व सांस्कृतिक होने से मन को मिलता है सुकून ये धरोहर का यह अनोखा संगम देखना एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। इस भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में आपसी प्रेमभाव लोग बांटते है, समस्त क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं का हृदय से आभार। मौके पर पार्टी के आजसू मांडू विस प्रभारी तिवारी महतो, केंद्रीय सचिव ब्रह्मदेव महतो सहित समाजसेवी राजनंदन महतो, महेंद्र महतो, ब्रजनंदन महतो, सुजीत महतो, पंकज कुमार, अभय पदमराज सहित कमेटी के सदस्य अलावा श्रद्धांलुगण मौजूद थे।

# चतरा और सिमरिया विस क्षेत्र के चुनाव की अधिसूचना जारी, प्रत्याशियों के नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बताया कि जिले में 15 अक्टूबर के 3:30 बजे अपराह्न से आदर्श आचार संहिता लागू है। जिले में दो विधानसभा क्षेत्र चतरा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के चुनाव की अधिसूचना जारी कर दिया गया है। जिसके तहत प्रत्याशी के नामांकन का प्रक्रिया दोनों विधानसभा क्षेत्र चतरा और सिमरिया के लिए शुरू की जा चुकी है। प्रत्याशियों का नामांकन निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा और सिमरिया के अनुमंडल कार्यालय में प्रत्याशी लोक अवकाश को छोड़कर सभी दिन 25 अक्टूबर तक 11 बजे से 3 बजे किया जा सकेगा। है। स्क्रुटनी 28 अक्टूबर को होगा वहीं नाम वापसी का तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित है। जिले के कम प्रतिशत मतदान वाले बूथों को चिन्हित कर लिया गया है। वहां स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम किए जायेंगे। जिससे मतदान प्रतिशत में वृद्धि हो। जिले में इंटर डिस्ट्रिक्ट कुल 07 और इंटर स्टेट 2 चेक पोस्ट बनाए गये है। अग्रणी जिला प्रबंधक और बैंक समन्वयक के साथ भी बैठक कर ली गयी है। नामांकन कराने वाले प्रत्याशियों का नया खाता खोले जाने हैं प्रत्याशियों को खाता खुलवाने में समस्या ना हो उसके लिए बैंक में अलग काउंटर खोले जाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सभी बैंक कैश वाहन के द्वारा जो राशि का स्थानांतरण करते है उनका विवरण सीविजिल एप्प पर किया जायेगा।

साथ ही साथ कैश वाहन पर सीविजिल एप्प के द्वारा प्राप्त क्यूआर कोड को भी लगाने का निर्देश दिया गया है। ताकि किसी भी प्रकार की समस्या न हो। जिले के ऐसे मतदान केंद्र जो सुदूरवर्ती व जंगली क्षेत्र में है। वैसे कुल 66 मतदान केंद्रों पर 7 बजे से 4 बजे तक मतदान होगी। जिसमे वैसे बूथ सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में 27 हैं और चतरा विधानसभा क्षेत्र में 40 मतदान केंद्र शामिल हैं। 66 बूथों को छोड़कर दोनों विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगी। 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं और दिव्यांग मतदाता जो बूथ तक मतदान करने के लिए आने में असमर्थ हैं तथा चुनाव कार्य में भाग लेने वाले वैसे मतदाताओं को पोस्टल वैलेट के माध्यम से घर पर ही मतदान करने की व्यवस्था की गयी है। प्रेस कांफ्रेंस में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार बंधु समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## सीसीएल इंटर एरिया टेबल टेनिस प्रतियोगिता में आलोक सिंह बने चैंपियन, मिला पुरस्कार



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कॉलोनी नया नगर बरकाकाना स्थित सामुदायिक भवन में तीन दिवसीय सीसीएल इंटर एरिया टेबल टेनिस टूर्नामेंट का समापन समारोह आयोजित की गयी। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल महाप्रबंधक (कल्याण) रेखा पांडेय और विशिष्ट अतिथि सीसीएल स्पोर्ट्स मैनेजर आदिल हुसैन और केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के महाप्रबंधक प्रवीण कुमार उपस्थित रहे। समारोह का संचालन गंगेश्वर मिश्रा उर्फ मुन्नू मिश्रा ने किया। टूर्नामेंट में टीम चैंपियनशिप का खिताब हजारीबाग एरिया अपने नाम किया,वही केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना की टीम उप विजेता रही। टूर्नामेंट के पुरुष एकल मैच में केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के आलोक सिंह सीसीएल के चैंपियन बने, वही हजारीबाग एरिया के निशांत परमार उप विजेता रहे। टूर्नामेंट के वेटरन मेंस चैंपियन में विंसेंट तिर्की विजयी रहे एवं सब्बीर हुसैन उप विजेता रहे। वेटरन डबल में सब्बीर हुसैन एवं एन के राम की जोड़ी विजेता तथा विंसेंट तिर्की एवं संजय शर्मा की जोड़ी उप विजेता रहे। समारोह के समापन में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर पूर्व एसओपी सुनील गौतम सहारे, राम शब्द राम, रंजित सिंह, सुरेश विश्वकर्मा, संतोष कुमार, शिव सागर सिंह, संदीप झा सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## वृद्ध के साथ मारपीट, थाना में न्याय की गुहार



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बड़ही बीघा गांव में शुक्रवार को एक वृद्ध मोहम्मद इम्तियाज आलम के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। इम्तियाज आलम ने मारपीट का आरोप अपने गांव के मोहम्मद तौहीद, उसकी पत्नी रोशन खातून सहित उनके घर के बच्चों पर लगाया है। इम्तियाज आलम ने बताया कि तौहीद के घर का नाली का पानी उनके घर में घुस रहा था। जिसे उन्होंने बंद कर दिया था। इसी बात को लेकर उनके साथ मारपीट किया गया। इस संबंध में मोहम्मद इम्तियाज आलम ने हंटरगंज थाने में आवेदन दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# आजसू को मांडू विस क्षेत्र दिये जाने का भाजपाइयों ने किया विरोध



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** एनडीए गठबंधन के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग में आजसू पार्टी को मांडू विधानसभा क्षेत्र दिये जाने की जानकारी के बाद क्षेत्र के भाजपाइयों ने जिला कार्यालय रामगढ़ में बैठक आहूत की। साथ ही, विरोध प्रकट कर स्थानीय भाजपाई को ही टिकट देने की मांग की है। बैठक की अध्यक्षता रंजीत कुमार सिन्हा ने की। बैठक के दौरान मांडू विस के सभी प्रमुख नेताओं ने एक स्वर में पार्टी ने कार्यकर्ताओं की भावनाओ को दरकिनार कर निर्णय का एक स्वर में विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा मांडू विस में लगातार बेहतर प्रदर्शन किया है। विगत 2014 विधानसभा में हम कार्यकताओं ने भाजपा को कांटे की टक्कर में लाकर खड़ा कर दिया। वही, 2019 में कार्यकताओं ने मांडू विधानसभा को जीतकर भाजपा के झोली में लाने का कार्य किया। साथ ही, हजारीबाग लोकसभा चुनाव में मांडू विधानसभा से 32 हजार वोट से आगे होकर प्रथम स्थान पर रहा। वही, विस चुनाव घोषणा होते के साथ पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी के हर फोरम में एक ही आग्रह किया कि पार्टी किसी कार्यकर्ता को चुनाव लड़ाए और हम लोग यह सीट जीतकर भाजपा की झोली में देंगे। लेकिन भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने भाजपा कार्यकर्ताओं के इस भावना को दरकिनार कर मांडू सीट आजसू को दे दिया गया। जिससे मांडू विधानसभा के सभी कार्यकर्ता विरोध कर रहा है।

बैठक में अमरेंद्र गुप्ता, चंद्रनाथ भाई पटेल, खुशी लाल महतो, सर्वेश सिंह, रणधीर सिंह, जगेश्वर प्रजापति, डॉ रामसेवक प्रसाद, मनोज गिरी, तोकेश सिंह, शशि कुमार, बसंत प्रजापति, नारायण महतो, संजय शाह, गिरधारी महतो, रूपलाल कुमार पटेल, रमेश कुमार, प्रदीप प्रसाद, अरुण यादव, शंकर करमाली, हीरालाल तिवारी, सुनील प्रसाद, सुरेश केशरी आदि शामिल रहे।

## शिशु मंदिर के बाल वैज्ञानिकों की प्रतिभा को किया गया सम्मानित

# यदि लगन हो तो हर लक्ष्य की राह आसान हो जाती है : वरुण





आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के बाजार समिति स्थित राम प्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बाल वैज्ञानिकों ने अपनी प्रतिभा का लोहा बनवाया है। गिरिडीह में आयोजित प्रांतीय गणित विज्ञान मेला में रामगढ़ के 16 छात्रों ने हिस्सा लिया था। जिसमें कई छात्रों ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। शुक्रवार को विद्यालय प्रांगण में एक कार्यक्रम आयोजित कर प्रतिभाशाली बाल वैज्ञानिकों को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य वरुण कुमार चौधरी ने बताया कि विज्ञान मेले में पूरे झारखंड से 641 छात्रों ने हिस्सा लिया था। इसी प्रतियोगिता में चंद्रभान विद्यालय की 16 भैया बहनों ने भी भाग लिया था। जिसमें बाल वर्ग से गणित विषय में रोशनी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, किशोर वर्ग से गणित विषय में राधिका कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर पूरे जिले में विद्यालय का नाम रोशन किया।

वंदना सभा में विद्यालय में सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कहा यदि लगन हो तो हर लक्ष्य की राह आसान हो जाती है। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करना आवश्यक है। कार्यक्रम में सभी आचार्य, दीदी जी उपस्थित रहे।

## रामगढ़ जीपी संजीव अंबष्ट बने कैंटोनमेंट बोर्ड के सीबीए



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ व्यवहार न्यायालय के सीनियर अधिवक्ता सह गवर्नमेंट प्रॉसिक्यूटर (जीपी) संजीव कुमार अम्बष्ठा को भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय ने जिला न्यायालय, ट्रिब्यूनल एवं अन्य न्यायिक संस्था में रक्षा मंत्रालय का कानूनी पक्ष रखने के लिए सीबीए नियुक्त किया है। संजीव अम्बष्ठा रामगढ़ जिले के दूसरे वकील है, जिन्हें सीबीए नियुक्त किया गया है। इनके पूर्व अधिवक्ता राजकुमार गुप्ता को सीबीए बनाया गया था। लेकिन रक्षा मंत्रालय के सीबीआर की बोर्ड बैठक में सर्कुलर एजेन्डा नंबर 07 दिनांक 07/10/2024 के अंतर्गत निर्णय लेते हुए अधिवक्ता राजकुमार गुप्ता को तत्काल प्रभाव से विमुक्त किया गया। साथ ही संजीव अंबष्ठा को तत्काल प्रभाव से विभाग की सभी केस फाइलें सुपुर्द करने का निर्देश दिया गया।


**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. 4142 Dated 14.10.2024. I, AIETI DEVI, W/O- SOAMAR ORAON, aged about 76 years, by faith-Hindu, residing at address At-Oraon Tola, Vill- Badgoan, P.O- Badgoan, P.S- Mandu, Dist-Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly declare as under: 1. That my actual and correct name is AIETI DEVI W/o- SOAMAR ORAON which has been mentioned in my Aadhar Card bearing Aadhar No. 7498 6358 0132. 2. That I was previously known with the same name as mentioned in my Bank Passbook bearing A/c No. 486912110000158 at Bank of India Sarubera Branch, but now I have change the name/ spelling in all my OVD's (Aadhar, PAN, Voter Id, Passport, Driving License, and from futher I will be known with the same name/ spelling as mentioned in my Aadhar/ PAN/ Voter Id/ Passport/ Driving License, and I will not change my name again and if there persists any discrepancy/ fraud due to name/ spelling change I will be solemnly responsible for the same, and Bank does not stands for any Liability in name change. 3. That AIETI DEVI W/o- SOAMAR ORAON and AETRI DEVI W/o- LATE SOMAR URAWON both name are same and single lady i.e., myself. 4. That this affidavit is meant/ required for the authority concerned at bank for name change n my Account. 5. That the above statement are true to the best of my knowledge and are correct.


## महिलाओं के साथ युवा और बुजुर्गों का पार्टी के प्रति विश्वास बढ़ा है : सुनिता

**दर्जनों महिलाओं ने ली आजसू की सदस्यता**



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी रामगढ़ शहर में जनसंपर्क अभियान चलाया इस दौरान रामगढ़ पंचवटी स्थित जीएस कॉम्पल्स में आर्या स्लिमिंग थैरेपी वा सैलून में जावेद हबीब की संचालक शिवांगी प्रिया और आर्यन कंप्यूटर के संचालक राकेश आर्यन संयुक्त रूप से उनकी अगुवाई में दर्जनों महिलाएं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि सिंवांगी प्रिया, राकेश आर्यन और उनकी टीम की जुड़ने से पार्टी को लाभ होगी। झारखंड की जनता बदलाव चाह रही है।

# बड़कागांव विधानसभा के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण का गजट शुक्रवार को प्रकाशित कर दिया गया है। 22 बड़कागांव विधानसभा में नामांकन की प्रक्रिया भी इसी के साथ शुरू हो गयी है। रामगढ़ अनुमंडल कार्यालय में नामांकन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। साथ ही चार लेयर में सुरक्षा के इंतजाम किए गये हैं। डीसी चंदन कुमार ने चुनावी तैयारी का जायजा लिया। साथ ही नामांकन स्थल पर बनाये गये काउंटर, सुरक्षा के इंतजाम और पुलिस पदाधिकारियों की मौजूदगी पर भी उन्होंने चर्चा की। नामांकन स्थल के 100 मीटर के दायरे तक प्रत्याशी अपने तीन गाड़ियों के साथ आ सकते हैं। उसके बाद सिर्फ पांच प्रस्तावको के साथ 100 मीटर की परिधि में प्रवेश कर सकते हैं। **पहले दिन एक नॉमिनेशन फॉर्म की हुई बिक्री :**

एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने बताया कि 22 बड़कागांव विधानसभा के लिए नामांकन शुक्रवार से प्रारंभ हुआ है। 23 रामगढ़ विधानसभा के लिए 22 नवंबर से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। नामांकन पर्चा खरीदने और नॉमिनेशन की प्रक्रिया एक साथ चलेगी। 25 नवंबर तक बड़कागांव विधानसभा के लिए नामांकन पर्चा भरा जायेगा। खबर लिखे जाने तक पहले दिन सिर्फ एक नॉमिनेशन फॉर्म की बिक्री हुई थी। **ऑनलाइन भी मिलेगा प्रपत्र और होगा नॉमिनेशन :** इस बार चुनाव आयोग ने नॉमिनेशन फॉर्म और नामांकन ऑनलाइन करने का भी ऑप्शन दे दिया है। झारखंड विधानसभा चुनाव में यह पहली बार है जब ऑनलाइन नॉमिनेशन फॉर्म मिलेगा और ऑनलाइन नॉमिनेशन भी होगा।

मौके पर दोनो विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी, सहायक निवार्ची पदाधिकारी, उपनिर्वाचन पदाधिकारी और आरओ सेल के सभी कर्मी उपस्थित थे।

# धारा 6-ए की संवैधानिकता

नागरिकता कानून की धारा 6-ए की संवैधानिकता पर गुरुवार को सुनाये गये सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने एक पुराने मसले के नये सिरे से उभर आने की आशंकाओं पर तो विराम लगा ही दिया, कई ऐसे पहलुओं पर भी रोशनी डाली, जिससे समकालीन बहस को दिशा मिल सकती है। इस लिहाज से यह फैसला असम में अवैध प्रवासियों के मामले को देखने के असम समझौते में रेखांकित हुए नजरिए की पुष्टि करता है। अदालत के सामने एक बड़ा सवाल यह था कि नागरिकता के लिए दो कटऑफ डेट रखना सही है या नहीं। कोर्ट ने इसे सही बताते हुए स्पष्ट किया कि असम की खास भौगोलिक स्थिति और अवैध घुसपैठियों की समस्या की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने असम समझौते के रूप में एक राजनीतिक समाधान निकाला। धारा 6-ए का जुड़ाव इसी मसले का विधायी समाधान है। कोर्ट के मुताबिक सरकार को इसका पूरा अधिकार है। जहां तक अन्य राज्यों में ऐसा प्रावधान करने की बात है, तो इसका सीधा, सहज जवाब हां में आता है। लेकिन इस बिंदु पर कोर्ट का यह कहना महत्वपूर्ण है कि किसी अन्य राज्य में समस्या ने इतना गंभीर रूप लिया ही नहीं। इस संदर्भ में पश्चिम बंगाल के उदाहरण का फैसले में भी उल्लेख करते हुए कहा गया है कि असम में 40 लाख प्रवासियों की मौजूदगी पश्चिम बंगाल के 57 लाख प्रवासियों के मुकाबले ज्यादा गंभीर इसलिए मानी जायेगी, क्योंकि असम में जमीन की उपलब्धता कम है। जाहिर है, अदालत का फैसला बताता है कि इस मसले को सभी तथ्यों, प्रसंगों और संदर्भों के साथ देख कर ही नतीजा निकाला जाना चाहिए। यह फैसला बाहर से आकर असम में रह रहे उन तमाम लोगों के लिए राहत लेकर आया, जो खुद को अनिश्चितता में फंसा महसूस कर रहे थे। फैसले ने बिल्कुल साफ कर दिया कि किन लोगों की नागरिकता पर कोई खतरा नहीं है, किन लोगों को नागरिकता मिल सकती है और किन लोगों को अवैध प्रवासी के रूप में चिह्नित कर कानूनी तौर पर वापस भेजना है। इस लिहाज से अब अनिश्चितता के लिए कोई गुंजाइश नहीं रह गयी है। संवेदनशीलता की जरूरत फैसला परोक्ष रूप से यह भी बताता है कि इस तरह के गंभीर और संवेदनशील मसलों से निपटते हुए खास सावधानी की जरूरत है। तात्कालिक हितों से निर्देशित राजनीति इस मामले में ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है। फैसला भले असम के संदर्भ में दिया गया हो, लेकिन अवैध प्रवासियों का मुद्दा कई और क्षेत्रों में महत्वपूर्ण है। उम्मीद करें कि इस फैसले की रोशनी में अन्य क्षेत्रों में भी सभी संबंधित पक्ष विवाद को भड़काने के बजाय सुलझाने वाला नजरिया लेकर आगे बढ़ेंगे।

**इस संदर्भ में पश्चिम बंगाल के उदाहरण का फैसले में भी उल्लेख करते हुए कहा गया है कि असम में 40 लाख प्रवासियों की मौजूदगी पश्चिम बंगाल के 57 लाख प्रवासियों के मुकाबले ज्यादा गंभीर इसलिए मानी जायेगी, क्योंकि असम में जमीन की उपलब्धता कम है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**देश भर में अव्यवस्था और खराब शासन की जो तस्वीर भागवत ने पेश की है, वह चिंताजनक है और उन दिनों की याद दिलाती है, जब आरएसएस ने दिल्ली की सरकारों पर देश के सामने आने वाले खतरों से निपटने में कमजोर और कायराना होने का आरोप लगाया था। निश्चित रूप से, मोदी सरकार को इन घरेलू राजनीतिक और सुरक्षा चुनौतियों, खासकर सीमावर्ती क्षेत्रों में, का प्रबंधन न कर पाने की अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए।**

# हमारे स्वार्थी हित हमें विनाश की ओर धकेल रहे

संजय बारू



**भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। ग्लोबल साऊथ के नेता और एक से अधिक प्रमुख शक्तियों के वैश्विक और रणनीतिक साझेदार। भागवत ने स्पष्ट किया कि स्थिति का उनका वर्णन डराने,धमकाने या लड़ाई को भड़काने के लिए नहीं है। हम सभी ऐसी स्थिति का अनुभव कर रहे हैं।**

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने पिछले सप्ताह अपने वार्षिक विजयदशमी संबोधन में दावा किया कि विश्व मंच पर भारत की छवि, शक्ति, प्रसिद्धि और स्थिति लगातार सुधर रही है। लेकिन मानो हमारे संकल्प की परीक्षा लेने के लिए, हमारे सामने कुछ भयावह षड्यंत्र सामने आये हैं, जिन्हें ठीक से समझने की आवश्यकता है। देश को अशांत और अस्थिर करने के प्रयास हर तरफ से जोर पकड़ते दिख रहे हैं। ये एक जिम्मेदार राजनीतिक व्यक्तित्व की ओर से आने वाली गंभीर चेतावनियां हैं। भागवत ने अपने संबोधन की शुरुआत इस बात से की कि हर कोई महसूस करता है कि पिछले कुछ सालों में भारत एक राष्ट्र के रूप में दुनिया में अधिक मजबूत और सम्मानित हुआ है और इसकी विश्वसनीयता भी बढ़ी है। हालांकि, उन्होंने जल्दी ही कई आंतरिक और बाहरी चुनौतियों की सूची बना दी, जो न केवल भारत के उत्थान, बल्कि इसकी एकता और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरा हैं।

भाषण व्यापक है, जिसमें पारिवारिक मूल्यों, महिला सशक्तिकरण और जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों को शामिल किया गया है। भागवत ने कहा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी की मदद से हमने जीवन को बेहद आरामदायक बना दिया है, दूसरी ओर, हमारे स्वार्थी हितों के टकराव हमें विनाश की ओर धकेल रहे हैं। संक्षेप में, भागवत ने एक घिरे हुए भारत का चित्रण किया है। भारत गणतंत्र की स्थापना के बाद से ही इनमें से अधिकांश चुनौतियों से जूझ रहा है। 1960 के दशक के मध्य में एक समय ऐसा भी था, जब पश्चिमी विद्वानों ने आश्चर्य व्यक्त किया था कि क्या भारत विखंडित हो जायेगा।

**भागवत ने कहा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी की मदद से हमने जीवन को बेहद आरामदायक बना दिया है, दूसरी ओर, हमारे स्वार्थी हितों के टकराव हमें विनाश की ओर धकेल रहे हैं।**

यहां तक कि 1990 के दशक में, जब यूगोस्लाविया टूट गया, तब भी भारत की एकता के लिए इसी तरह के खतरे के बारे में सवाल उठाये गये थे। लगभग आधी सदी तक, आरएसएस ने इन चुनौतियों से ठीक से निपटने में विफल रहने और भारत के शासन को गड़बड़ाने के लिए सरकारों को दोषी ठहराया। भागवत विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में अशांति के बारे में चिंतित हैं। पिछले एक साल में आखिर ऐसा क्या हुआ कि आरएसएस प्रमुख को अपनी ही सरकार को इतनी कड़ी चेतावनी देनी पड़ रही है? पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय से नयी दिल्ली और कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों, जिनमें सीमावर्ती क्षेत्र भी शामिल हैं, की सरकारें ऐसे नेताओं द्वारा चलायी जा रही हैं, जिन्होंने आरएसएस और भाजपा से प्रेरणा ली है।

**अव्यवस्था और खराब शासन की तस्वीर :** देश भर में अव्यवस्था और खराब शासन की जो तस्वीर भागवत ने पेश की है, वह चिंताजनक है और उन दिनों की याद दिलाती है, जब आरएसएस ने दिल्ली की सरकारों पर देश के सामने आने वाले खतरों से निपटने में कमजोर और कायराना होने का आरोप लगाया था। निश्चित रूप से, मोदी सरकार को इन घरेलू राजनीतिक और सुरक्षा चुनौतियों, खास कर सीमावर्ती क्षेत्रों में, का प्रबंधन न कर पाने की अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए। क्या दिल्ली दरबार की हुकूमत अब इतनी दूर तक नहीं चलती? लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता वाले देश जो उदार, लोकतांत्रिक और विश्व शांति के लिए प्रतिबद्ध होने का दावा करते हैं, उनकी सुरक्षा और स्वार्थ का सवाल उठते ही गायब हो जाते हैं। यह कोई नई शिकायत नहीं है। दुनिया भर के कम्युनिस्ट दशकों से ऐसा कहते आ रहे हैं। तो भागवत अब उन आशंकाओं को क्यों दोहरा रहे हैं?

उन पंक्तियों को पढ़ते हुए मुझे प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कई भाषणों में बार-बार आने वाली एक थीम याद आ गयी, जब वे जोर देते थे, दुनिया चाहती है कि भारत अच्छा करे, हमारी चुनौतियां हमारे देश में हैं। यह सूत्रीकरण इस आकलन पर आधारित था कि चीन और पाकिस्तान को छोड़ कर दुनिया के अधिकांश देश भारत के लिए शुभकामनाएं देते हैं। कुछ समय पहले तक, यह महसूस किया जाता था कि पूरी दुनिया और निश्चित रूप से पश्चिम और पूर्व के उदार लोकतंत्र भारत के उदय को वैश्विक सार्वजनिक भलाई के रूप में देखते हैं। जब चीन के उदय ने पश्चिम को परेशान कर दिया, तो अमेरिका भी उदार, लोकतांत्रिक, बहु सांस्कृतिक और बहुल भारत के उदय को अनुकूल रूप से देखने लगा। तो फिर, हाल के दिनों में ऐसा क्या हुआ कि भागवत बाहरी माहौल को अवसर से ज्यादा चुनौती के तौर पर देख रहे हैं? अब, घेराबंदी की यह भावना क्यों? क्या भारत इतनी तेजी से इतना शक्तिशाली बन गया है कि वह बड़ी शक्तियों के लिए खतरा बन गया है? क्या भागवत का यह सुझाव सही है कि पश्चिमी उदार लोकतंत्र भारत को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं और झूठ या अर्धसत्य के आधार पर भारत की छवि को धूमिल करने की जानबूझ कर कोशिश की जा रही है?

अगर ऐसा है, तो 3000 डॉलर से कम प्रति व्यक्ति जीडीपी वाले भारत ने ऐसा क्या किया है कि उसे उससे 5 और 10 गुना आय वाले देशों का गुस्सा झेलना पड़ रहा है? भागवत का गंभीर दृष्टिकोण मौजूदा व्यवस्था की नीतियों, विकसित भारत के अमृत काल के परिणामस्वरूप भारत के उभरने की कहानी के साथ अच्छी तरह से मेल नहीं खाता है। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। ग्लोबल साऊथ के नेता और एक से अधिक प्रमुख शक्तियों के वैश्विक और रणनीतिक साझेदार। भागवत ने स्पष्ट किया कि स्थिति का उनका वर्णन डराने, धमकाने या लड़ाई को भड़काने के लिए नहीं है। हम सभी ऐसी स्थिति का अनुभव कर रहे हैं। इस देश को एकजुट, खुशहाल, शांतिपूर्ण, समृद्ध और मजबूत बनाना सभी की इच्छा और कर्तव्य है। हिंदू समाज की इसमें बड़ी जिम्मेदारी है... ठीक है। तो क्या मोदी सरकार कार्रवाई में गायब दिख रही है?


**(लेखक : 1999-2001 तक भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के सदस्य तथा 2004-08 तक भारत के प्रधानमंत्री के मीडिया सलाहकार रहे हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# पीएम नरेंद्र मोदी ब्रिक्स समिट में शामिल होने रूस जायेंगे

**22-23 अक्टूबर को समिट, यहां चीनी राष्ट्रपति से 2 साल बाद मुलाकात संभव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 और 23 अक्टूबर को होनी वाली ब्रिक्स समिट में शामिल होने के लिए रूस जायेंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी है। रूस इस साल 16 वीं ब्रिक्स समिट की अध्यक्षता कर रहा है। रूस के कजान में होने वाली इस समिट के दौरान, पीएम मोदी सदस्य देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी समिट में शामिल होंगे।

इस दौरान पीएम मोदी और जिनपिंग के बीच मुलाकात हो सकती है। दोनों के बीच आखिरी बार 2022 में इंडोनेशिया के बाली में जी20 समिट के दौरान मुलाकात हुई थी।

इस साल जुलाई में मोदी रूस दौरे पर गये थे। इस दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने उन्हें ब्रिक्स समिट के लिए न्योता दिया था। अपनी रूस यात्रा के दौरान, पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक भी की थी। मोदी को रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल' से भी सम्मानित किया गया था। दोनों नेताओं ने मॉस्को के रोसाटॉम पैवेलियन का भी दौरा किया था।

# मनी लांड्रिंग केस में सत्येंद्र जैन को जमानत

**दिल्ली कोर्ट ने कहा- ट्रायल जल्द खत्म होने के आसार नहीं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को शुक्रवार को दिल्ली की अदालत ने जमानत दे दी है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने जमानत देते हुए कहा- अभी ट्रायल के जल्द खत्म होने के आसार नहीं हैं। कोर्ट ने सत्येंद्र को 50 हजार रुपये का निजी मुचलका भरने का भी आदेश दिया।

इडी ने 24 अगस्त 2017 को सीबीआइ की तरफ से दर्ज की गयी एफआइआर को आधार बनाकर जैन के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच शुरू की थी। इडी ने आरोप लगाया था कि सत्येंद्र ने उनसे जुड़ी 4 कंपनियों के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग की। इडी का आरोप था कि जैन ने इन फर्जी कंपनियों के जरिए आए पैसे का इस्तेमाल 14 फरवरी 2015 से 31 मई 2017 के बीच कई लोगों के नाम पर चल संपत्तियां खरीदने में किया। इसके अलावा दिल्ली और उसके आसपास कृषि भूमि की खरीद के लिए लोन अदायगी में किया था। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया था कि मामले में सत्येंद्र से पूछताछ की गयी थी, जिसमें वे संतोषजनक हिसाब नहीं दे सके थे। सत्येंद्र के अलावा पूनम जैन, अजित प्रसाद जैन, सनील कुमार जैन, वैभव जैन और अंकुश जैन के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद सत्येंद्र को 30 मई 2022 को गिरफ्तार किया गया था, तब से वे तिहाड़ जेल में थे।

# खादी महोत्सव के अंतर्गत दिल्ली हाट में विशेष खादी प्रदर्शनी का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमइ), भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने मुख्य अतिथि के तौर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआइसी) के अध्यक्ष मनोज कुमार की उपस्थिति में आइएनए दिल्ली हाट में आयोजित विशेष खादी प्रदर्शनी का शुक्रवार को शुभारंभ किया। देशभर में मनाये जा रहे खादी महोत्सव के अंतर्गत त्योहारों के मौसम में आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत अभियान को बढ़ावा देना और खादी कारीगरों की आय को बढ़ाना है। राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, नयी दिल्ली द्वारा इस विशेष खादी प्रदर्शनी का 31 अक्टूबर तक आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में दिल्ली, राजस्थान, बिहार, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा, मध्य प्रदेश, बंगाल, हरियाणा, जम्मू सहित देश के विभिन्न राज्यों से 55 खादी संस्थानों और 102 ग्रामोद्योग इकाइयों के 157 स्टॉल लगाये गये हैं, जहां खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की एक विशाल श्रृंखला प्रदर्शित की जा रही है। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार की साड़ियां, रेडीमेड वस्त्र, हस्तशिल्प वस्तुएं, हर्बल और आयुर्वेदिक उत्पाद, चमड़े के सामान, हस्तनिर्मित कागज उत्पाद, अचार, मसाले, साबुन, शैंपू, शहद इत्यादि बिक्री हेतु अलग-अलग स्टॉलों में प्रदर्शित किये जा रहे हैं। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले कारीगर और शिल्पकार खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की अपनी विविध श्रृंखला का सजीव प्रदर्शन भी कर रहे हैं।

उद्घाटन कार्यक्रम में मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री एमएसएमइ जीतन राम मांझी ने सभी देशवासियों से खादी व लोकल उत्पादों को अधिक से अधिक खरीदने की अपील की। मीडिया से संवाद के दौरान केवीआइसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि पूज्य बापू के दूरदर्शी दृष्टिकोण के अनुरूप एवं नये भारत की नयी खादी के प्रणेता प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में खादी और ग्रामोद्योग का कारोबार पिछले वित्त वर्ष में 1 लाख 55 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है जिसका सीधा लाभ देश के खादी कारीगरों को मिला है।

# ब्रिक्स के बिना वैश्विक आर्थिक विकास संभव नहीं : रूसी राष्ट्रपति

**समूह की संयुक्त जीडीपी जी-7 देशों से ज्यादा है**

एजेंसी

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को मॉस्को में ब्रिक्स बिजनेस फोरम में कहा कि ब्रिक्स समूह के देशों की साझा जीडीपी 60 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है, जो कि जी-7 देशों की जीडीपी से ज्यादा है। यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ब्रिक्स देशों की भूमिका वैश्विक अर्थव्यवस्था में भविष्य में और बढ़ेगी। पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स देश वास्तव में वैश्विक आर्थिक विकास के मुख्य चालक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में वैश्विक जीडीपी में बढ़ोतरी खासतौर पर ब्रिक्स समूह की वजह से ही होगी। उनका यह बयान ब्रिक्स के आगामी शिखर सम्मेलन से पहले आया है, जो 22-24 अक्तूबर को कजान में आयोजित होगा। उन्होंने यह भी कहा कि 1992 में जी-7 देशों की हिस्सेदारी 45.5 फीसदी थी, जबकि ब्रिक्स देशों की देशों की हिस्सेदारी 16.7 फीसदी थी। लेकिन 2023 में ब्रिक्स की हिस्सेदारी बढ़कर 37.4 फीसदी हो गयी है, जबकि जी-7 देशों की हिस्सेदारी 29.3 फीसदी रह गई है। पुतिन ने कहा कि इसमें बढ़ती हुई खाई दिखाई दे रही है और यह बढ़ती ही रहेगी, यह जरूरी भी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ब्रिक्स का केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान ही नहीं है। बल्कि समूह की ओर से किए कामों से सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देने और सतत विकास सुनिश्चित करने के ठोस नतीजे मिलते हैं, जो वास्तव में देशों के आम नागरिकों की भलाई और जीवन में स्तर में सुधार करता है। पुतिन ने आगे कहा कि पिछले कुछ दशकों में वैश्विक जीडीपी का 40 फीसदी से अधिक ब्रिक्स देशों से आया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष ब्रिक्स का औसत वार्षिक विकास दर चार फीसदी रहने की उम्मीद है, जो जी-7 देशों की केवल 1.7 फीसदी है। पुतिन ने यह भी याद दिलाया कि ब्रिक्स का वैश्विक उत्पादों के निर्यात में लगभग एक चौथाई हिस्सा है।

# ईशा फाउंडेशन के खिलाफ बंधक बनाने का केस बंद

**सुप्रीम कोर्ट बोला- लड़कियां बालिग, मर्जी से आश्रम में रह रहीं, पुलिस जांच गलत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दो लड़कियों को बंधक बनाने के मामले में सद्गुरु जग्गी वासुदेव के ईशा फाउंडेशन के खिलाफ केस बंद कर दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने शुक्रवार को कहा कि मद्रास हाईकोर्ट का ऐसी याचिका पर जांच के आदेश देना सही नहीं था। आश्रम में पुलिस का छापा भी गलत था। कोर्ट ने कहा कि लड़कियों के पिता की याचिका गलत है, क्योंकि दोनों लड़कियां बालिग हैं, जब वे आश्रम में गईं तो उनकी उम्र 27 और 24 साल थी। वो अपनी मर्जी से आश्रम में रह रही हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस फैसले का असर सिर्फ इसी केस तक सीमित रहेगा। ईशा फाउंडेशन के खिलाफ रिटायर्ड प्रोफेसर एस कामराज ने मद्रास हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। उनका आरोप था कि आश्रम में उनकी बेटियों लता और गीता को बंधक बनाकर रखा गया है। हाईकोर्ट ने 30 सितंबर को मामले के खिलाफ जांच करने और ईशा फाउंडेशन से जुड़े सभी क्रिमिनल केसों की डिटेल पेश करने का आदेश दिया था। अगले दिन 1 अक्टूबर को करीब 150 पुलिसकर्मी फाउंडेशन के हेडक्वार्टर पहुंचे थे।

# सलमान ने दुबई से आयात की 2 करोड़ रुपये की बुलेटप्रूफ निसान पेट्रोल एसयूवी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** दिनों महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद से ही लगातार बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को धमकियां मिल रही हैं। दिवंगत बाबा सिद्दीकी के साथ सलमान खान की घनिष्ठ मित्रता थी। उनकी हत्या के बाद से लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह द्वारा अभिनेता को लगातार धमकियां दी जा रही हैं। सलमान खान ने अपनी सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए कई सुरक्षा संबंधी उपाय लागू किये हैं। बॉलीवुड सोसाइटी की एक रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने हाल ही में लगभग 2 करोड़ रुपये की बुलेटप्रूफ निसान पेट्रोल एसयूवी खरीदी है। रिपोर्ट के मुताबिक इस गाड़ी को दुबई से सीधे मुंबई आयात किया गया है। अभिनेता की सुरक्षा के मद्देनजर शामिल की गयी ये नयी निसान पेट्रोल अपनी बेहतरीन सुरक्षा सुविधाओं के लिए जानी जाती है। इस एसयूवी में कई अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरण मौजूद हैं, जिसमें बम अलर्ट इंडिकेटर, नजदीकी गोलीबारी को झेलने में सक्षम प्रबलित ग्लास और अंदर बैठे लोगों की पहचान छिपाने के लिए डिजाइन की गयी टिंटेड विंडो शामिल हैं।

**सलमान खान को धमकी देते हुए पांच करोड़ रुपये की मांग :** बता दें कि लॉरेंस बिश्नोई और सलमान खान के बीच ये मुद्दा काले हिरण के शिकार से जुड़ा है। बिश्नोई समुदाय में काले हिरण की इस प्रजाति का बहुत सम्मान किया जाता है। गिरोह माफी की मांग कर रहा है और ऐसा न करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दे रहा है। हाल ही में, मुंबई ट्रैफिक पुलिस को गिरोह से एक संदेश मिला, जिसमें सलमान खान से 5 करोड़ रुपये की मांग की गयी थी। संदेश में धमकी दी गयी थी कि अगर मांग पूरी नहीं की गयी, तो उनका बाबा सिद्दीकी से भी बुरा हाल होगा।

## चुनाव को लेकर स्वीप के नोडल पदाधिकारी ने किन्नर समाज के साथ की बैठक



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** स्वीप कोषांग के तहत स्वीप के नोडल पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा ने किन्नर समाज के लोगों के साथ बैठक कर आगामी विधानसभा 2024 के निमित्त मतदाता जागरूकता में इनके द्वारा अपेक्षित सहयोग देने हेतु आग्रह किया गया। साथ ही आगामी विधानसभा में ये अपना योगदान किस तरह देंगे, जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी। किन्नर समाज द्वारा भी विशेष रूचि दिखाते हुए मतदाता जागरूकता अभियान में सहयोग देने हेतु उत्सुकता प्रकट किया गया। विदित हो कि आने वाली 22 अक्टूबर को स्वीप कैलेंडर के तहत विशेष कर एक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किन्नर समाज के लिए पूर्व निर्धारित है। किन्नर समाज की राधा गुरू मां के द्वारा बताया गया की हम भिन्न-भिन्न सामाजिक आयोजनों में जाते हैं, वहां पर भी मतदाता जागरूकता अभियान चलायेंगे एवं लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करेंगे। साथ ही उन्होने निर्वाचन आयोग एवं जिला प्रशासन के प्रति विशेष आभार प्रकट करते हुए बताया कि पहली बार उन्हें निर्वाचन जैसे लोकतंत्र के बड़े त्यौहार में शामिल किया गया है। इस मौके पर विमलेश शुक्ला डीपीएम जेएसएलपीस, परियोजना अर्थशास्त्री क्षमा प्रिया, सहायक परियोजना पदाधिकारी सिया जानकी सिंह, विकास कुमार वर्मा, नेहा नूतन लकड़ा एवं किन्नर समाज से जुली किन्नर, रोहिणी किन्नर, सानिया किन्नर, रूपाली किन्नर, मुस्कान किन्नर, श्रद्धा किन्नर, लिपि किन्नर, चांदनी किन्नर आदि उपस्थित थें।

## गुड मैन्यूफैक्क्रिंग प्रैक्टिस दिवस मनाया गया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में सेकंड नेशनल करंट गुड मैन्युफैक्क्रिंग प्रेक्टिस दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को करंट गुड मैन्युफैक्क्रिंग प्रैक्टिस के बारे में बताया और समझाया गया। विद्यार्थियों ने भी इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। संकाय के अधिष्ठाता डॉक्टर मनीष दुबे के मार्गदर्शन में संस्था की प्राध्यापक नेहा दुबे, राहुल कुमार, रोहित गुप्ता, महेश सिंह, आनंद गुप्ता, शशि भूषण, अवनीश कुमार, हिमांशु और अरुण ने मिलकर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। इस दौरान विद्यार्थियों को क्वालिटी मेडिसिन मैन्युफैक्क्रिंग के बारे में संकाय के शिक्षक रोहित गुप्ता और महेश सिंह ने विद्यार्थियों को समझाया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह और कुलपति प्रोफेसर (डॉ) एमके सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को शुभकामना दी और भविष्य में ऐसे ही कार्यक्रम करते रहने के लिए सभी को प्रेरित किया ।

## झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा कमेटी किसी पार्टी का समर्थन नहीं करती : सुरेंद्र विश्वकर्मा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा कमेटी गढ़वा इकाई की एक बैठक की गयी जिसकी अध्यक्षता आनंद विश्वकर्मा ने की। ज्ञात हो कि गत बुधवार को विश्वकर्मा समाज के कुछ लोगों के द्वारा दशहरा मिलन समारोह के नाम पर बैठक की गयी थी। जिसमें किसी दल या पार्टी के समर्थन में कुछ बातें कही गयी थी। जिसे विश्वकर्मा समाज ने सिरे से नकार दिया है और उसे गलत बताया है। झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज जिला इकाई गढ़वा ने उक्त बातों का खंडन करते हुए कहा है कि समाज के द्वारा किसी भी राजनीतिक पार्टी दल को समर्थन करने के लिए निर्णय नहीं लिया गया है। यह समाज झारखंड के 24 जिला सामाजिक संगठन कार्य करती है। ना कि किसी राजनीतिक संगठन की कार्य करती है। लेकिन हमारे बीच कुछ लोगों के द्वारा भ्रामक रूप देकर अपना निजी लाभ लेना चाहते हैं। जो समाज के हित में सही नहीं है। वर्तमान विधानसभा के चुनाव को देखते हुए यह सामाजिक संगठन समाचार पत्रों के माध्यम से आप सबों को अवगत कराती है। प्रेसवार्ता में झारखंड प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा, जिले के कार्यकारणीय अध्यक्ष पंकज विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, पारसनाथ विश्वकर्मा, उमेश विश्वकर्मा, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, हीरानंद विश्वकर्मा, राममिलन विश्वकर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## डंडई पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के डंडई सोनेहारा मुख्य पथ पर मोहर प्रसाद के होटल के समीप मंगलवार को एंटी क्राइम अभियान के तहत डंडई थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सड़क से गुजरने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों का डिक्की, कागजाात, ड्राइवरी लाइसेंस, हेलमेट सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गयी। इस दौरान 20 दो पहिया वाहन एवं 09 चार पहिया वाहन कि जांच कि गयी। जिसमे बगैर कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस व हेलमेट के वाहन चलाने वाले 06 मोटरसाइकिल वाहनों को पकड़ कर आगे की कार्रवाई के लिए थाना ले लाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव ने बताया कि एंटी क्राइम अभियान के तहत पुलिस के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही चुनाव के मद्देनजर सभी वाहनों की गहन जांच पड़ताल की जा रही है। हम लोग सभी वाहन चालकों को जागरूक भी कर रहे हैं कि सड़क पर चलते वक्त हेलमेट जरूर पहने और वाहन तेज गति से नहीं चलायें।

## दो बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत

**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** विशुनपुरा-बंशीधर नगर मुख्य पथ पर पिपरी कला गांव के समीप मोटरसाइकल की आमने सामने टक्कर में एक युवक की मौत हो गयी है। जानकारी के अनुसार रमना थाना क्षेत्र के रामसुरज वियार पिता महेंद्र वियार ग्राम कर्णपुरा जो विशुनपुरा थानां क्षेत्र के ग्राम सारो से अपने बहन बहनोई के यहां से विशुनपुरा की ओर आ रहा था। वहीं रंजीत कुमार चंद्रवंशी उम्र 19 वर्ष पिता कन्हाई चंद्रवंशी ग्राम पिपरी कला जो विशुनपुरा से अपने घर जा रहा था। इसी क्रम यह दोनों मोटरसाइकल के आमने सामने से टक्कर हो गया। जिसमे पिपरी कला गांव के युवक रंजीत कुमार के सर में गंभीर चोट आयी है। घटना की सूचना पर विशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल सिंह मौके पर पहुच कर घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। जहां डॉक्टर ने रंजीत की स्थित गंभीर देख गढ़वा के लिये रेफर कर दिया। वहीं गढ़वा सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं का लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर शुक्रवार को प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा गढ़वा जिले के 80-गढ़वा एवं 81-भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान आयुक्त ने मतदान केंद्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाने के निमित्त उन्हें उपलब्ध करायी जाने वाली आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं का आकलन और मूल्यांकन किया। उन्होंने दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए निबंधन, मतदान दिवस के दिन परिवहन की सुविधा, मतदान केन्द्रों पर रैंप, व्हील चेयर, चेयर की उपलब्धता का आकलन किया। साथ ही वोलेंटियर का सहयोग लेने संबंधी जानकारी ली। उन्होंने मतदान केंद्रों पर कार्यरत बीएलओ एवं उपस्थित पदाधिकारियों से निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के तहत किये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। उन्होंने मतदान केंद्रों के मतदान कक्ष में मतदान के दिन के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पंखा को ठीक एवं चालू स्थिति में रखने का निर्देश दिया। आयुक्त ने मतदान केंद्रों पर महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय व्यवस्था को भी देखा और वहां रनिंग वाटर की व्यवस्था एवं शौचालय जाने के रास्तों में साइनेज लगाने का निदेश दिया। इसके अलावा कुछ मतदान केंद्रों की रैंप को मरम्मत करवाने का भी निर्देश दिया। केंद्रों पर चिकित्सा किट, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट आदि अन्य आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। उन्होंने बीएलओ से मतदान केंद्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं की संख्या से भी अवगत हुए। साथ ही जो मतदाता मतदान केंद्र पर पहुंचने में असमर्थ हैं, उनके लिए फॉर्म 12डी को भरवाने का निर्देश दिया, ताकि मतदान केंद्रों पर पहुंचने में अक्षम मतदाताओं का होम वोटिंग कराया जा सके। आयुक्त ने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं की मामूली कमियों को तत्काल दूर करने का निदेश देते हुए कहा कि आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं होने से मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह एवं रूझान बढ़ेगा।

आयुक्त ने 80-गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के आरके सीएम एक्सीलेंस स्कूल, गढ़वा, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय मेन रोड, गढ़वा एवं रामा साहू सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस, गढ़वा तथा 81-भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के पीएमश्री राजकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रमना, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय रमना के मतदान भवन में अवस्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया।

# यात्रा का लक्ष्य छोटे-बड़े सदस्यों का आशीर्वाद लेना : भानुप्रताप

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरपुर।** क्षेत्रीय विधायक भानुप्रताप शाही का आशीर्वाद यात्रा शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के हरिहरपुर मंडल क्षेत्र में पड़ने वाले डुमरसोता, मझिगांवा, लोहरगड़ा, हरिहरपुर के सभी क्षेत्रों में पहुंचा। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के सभी बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। आशीर्वाद यात्रा के क्रम में सर्वप्रथम उन्होंने मझिगावां पंचायत के मझिगावां गांव के मुख्य बस्ती में उपस्थित सभी बुजुर्गों और युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस यात्रा का एक मात्र लक्ष्य है, क्षेत्र के हर बूथ के बड़े से लेकर छोटे सदस्यों का आशीर्वाद लेना है, उन्होंने कहा कि इस चुनाव रूपी जंग में जाने से पहले मुझे तीन लोगों का आशीर्वाद चाहिए। जिसमें पहला क्षेत्र की सभी देवी देवताओं की दूसरा क्षेत्र की हर पंचायत की जनता का उसके बाद पार्टी के छोटे-बड़े सभी कार्यकर्ताओं का आशीर्वाद चाहिए ताकि जंग शान से जीत सकूं। उन्होंने कहा कि यह भाषण का वक्त नहीं है क्योंकि चुनाव में नेता से ज्यादा जनता सभी को परखता है। आगे उन्होंने कहा कि मैं विपक्ष में रहकर भी बीते पांच वर्षों में कभी भी विपक्ष के सामने कभी रो कर व गिड़गिड़ा कर काम नहीं लिया। मैं केवल विपक्ष से आपके लिए लड़ कर योजना लाता हूं। इस दौरान उन्होंने कार्यकाल में किये गये कार्यों को सभी के समक्ष गिनाया उन्होंने कहा कि क्षेत्र की 350 बहनो की शादी राजकुमारियों की तरह मैंने किया। उन्होंने कहा कि मैं अपनी बातों को हंसा कर लोगों को इसलिए कहता हूं क्योंकि हंसी में निकली गई सभी बातें दिल से निकलती है। इस मौके पर उमाकांत चौबे, जगत किशोर चौबे, सुरेंद्र नाथ चौबे, मनोरथ चौबे, तुलसी साह सहित कई मौजूद थे।

# मिथिलेश ठाकुर 21 को करेंगे नामांकन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में होने वाले चुनाव के लिए गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र से गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर 21 अक्टूबर को झारखंड मुक्ति मोर्चा से नामांकन करेंगे। मंत्री श्री ठाकुर के नामांकन में प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे।

जानकारी देते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि उनके नामांकन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित महागठबंधन के कई नेता शामिल होंगे। नामांकन कार्यक्रम में महागठबंधन के कार्यकर्ता, पदाधिकारी सहित आमजनों का महाजुटान होगा। विधानसभा क्षेत्र के गढ़वा, रंका, मेराल, चिनियां, रमकंडा व डंडा सभी प्रखंडों के प्रत्येक गांव से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व क्षेत्र की जनता शामिल होंगे।

# भाजपा जनता का वोट और हक दोनों लूटती है: मिथिलेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा नेता पूर्व सांसद घुरन राम के कई रिश्तेदारों सहित रंका, मेराल, गढ़वा आदि प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों से दो सौ से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। साथ ही रंका, मेराल आदि क्षेत्रों के काफी संख्या में ग्रामीण चिकित्सकों ने भी झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। शुक्रवार को सभी लोग गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर झामुमो में शामिल हुए। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर एवं मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल किया।

पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से लखेया, संगबरिया, करकोमा, मेराल, पिपरा आदि गांवों से राज कुमार साह, विनोद कुमार पासवान, जयप्रकाश चंद्रवंशी, मनोज बैठा, कृपाल भारती, सुशील कुमार, बहादुर राम, संतोष पासवान, मिठू चौधरी, मनोज चंद्रवंशी, रामप्रवेश बैठा, उमेश शर्मा, अनिल बैठा, विकास कुमार, अनूप कुमार, ग्राम पिपरा से तौलिक खां, संजय विश्वकर्मा, सत्येंद्र कुमार, मलिक चंद राम, सुरेश मिस्त्री, चंद्रिका राम, असलम खां, विनय बैठा, रीता देवी, ललिता देवी, दुखनी देवी, राधिका देवी, मैना देवी, मालती देवी, कुमारी देवी, प्रियंका कुमारी, बीना देवी, सोनी देवी, रानी देवी सहित 200 से अधिक लोगों का नाम शामिल है।

पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों ने आगामी विधानसभा चुनाव में एक जुट होकर गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से मंत्री श्री ठाकुर को ऐतिहासिक मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि काफी संख्या में लोग भाजपा व अन्य राजनीतिक दलों को छोड़कर झामुमो में शामिल हुए हैं। गढ़वा में भाजपा की पूरी तरह से कमर टूट गयी है। उन्होंने कहा कि भाजपा वोट भी लूटती है और जनता का हक भी लूटती है। राज्य का भला सिर्फ झामुमो ही कर सकती है।

# नौ पंचायत समिति सदस्य सहित 500 से अधिक लोग भाजपा में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गुरूवार को देर रात सदर प्रखंड के नौ पंचायत समिति सदस्य (बीडीसी) सहित पांच सौ से अधिक लोगों ने झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हो गये। पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने अपने आवास पर सभी नौ बीडीसी को माला और पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। इसके अलावा गढ़वा शहरी क्षेत्र के दीपुवां मोहल्ला और मेराल प्रखंड के तिसरटेटूका सहित अन्य गांवों में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पांच सौ से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा में जो बीडीसी शामिल हुए हैं उनमें गढ़वा प्रखंड के बीडीसी संघ के अध्यक्ष तहजीब आलम खान, नवादा के बीडीसी नंदकिशोर मेहता, बीरबंधा के बीडीसी आशिक अंसारी, दुबे मरहटिया के बीडीसी अनूज तिवारी, चिरौंजियां के बीडीसी धनंजय पासवान, ओबरा के बीडीसी ब्रह्मदेव सिंह, छतरपुर के बीडीसी रूषतम अंसारी, फरठिया के बीडीसी संजय चौधरी और उड़सुगी के बीडीसी कमलेश उरांव का नाम शामिल है। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि वर्तमान समय में गढ़वा सहित पूरे झारखंड में भाजपा और पीएम मोदी के पक्ष में आंधी चल रही है। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक सह मंत्री मिथिलेश ठाकुर पैसा और प्रशासनिक मदद के सहारे चुनाव जीतने का सपना देख रहे है। अपने कार्यकाल के दौरान सभी क्षेत्रों में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले लोग विकास कार्य का ढ़िंढोरा पीटते चल रहे है। वहीं दूसरी ओर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में वार्ड नंबर 15 में आयोजित कार्यक्रम में लोगों से भाजपा को भारी बहुमत के साथ जीत दिलाने का संकल्प दिलाया गया।

# दो बाइक के साथ चोर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** विशुनपुरा पुलिस ने शुक्रवार को चोरी हुई दो बाइक को बरामद कर दो बाइक चोरों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दी। अपने कार्यालय कक्ष में पत्रकार वार्ता के दौरान इसकी जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह ने बताया कि विशुनपुरा थाने के पिपरी कला गांव स्थित दुर्गा पूजा पंडाल के बगल से गत 12 अक्टूबर को सारो गांव निवासी हरिनाथ पाल का काला रंग का हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी हो गयी थी। इस संबंध में विशुनपुरा थाने में मामला दर्ज किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। छापेमारी के क्रम में चोरी गयी बाइक बरामद कर इस कांड में शामिल दो अभियुक्त पतिहारी राजा बाबू उर्फ मो कैफ अंसारी तथा इकबाल अंसारी उर्फ करार को गिरफ्तार किया गया।


**कार्यालय, निर्वाची पदाधिकारी-63 राँची विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र -सह- अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, राँची।**

**प्ररूप 1**
**(नियम 3 देखिए)**
**निर्वाचन की सूचना**

एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि–

(1) 63–राँची, झारखण्ड विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के सदस्य का निर्वाचन होना है,
(2) नाम निर्देशन–पत्र निर्वाची पदाधिकारी को या मो0 जफर हसनात, सहायक निर्वाची पदाधिकारी को अभ्यर्थी या (उसके किसी प्रस्थापक द्वारा) 25.10.2024 से अपश्चात् (लोक अवकाश दिन से भिन्न) किसी दिन11.00 बजे पूर्वाह्न और 03.00 बजे अपराह्न के बीच अनुमंडल पदाधिकारी, सदर का कार्यालय प्रकोष्ठ, समाहरणालय भवन बी0 ब्लॉक, कमरा संख्या–202 में परिदत्त किए जा सकेंगे,
(3) नाम निर्देशन–पत्र के प्ररूप पूर्वोक्त स्थान और समय पर अभिप्राप्त किए जा सकेंगे,
(4) नाम निर्देशन–पत्र संवीक्षा के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, सदर का कार्यालय प्रकोष्ठ, समाहरणालय भवन बी0 ब्लॉक, कमरा संख्या–202 में दिनांक–28.10.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न लिए जाएंगे,
(5) अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना या तो अभ्यर्थी द्वारा या उसके किसी प्रस्थापक द्वारा या उसक निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा जो अभ्यर्थी द्वारा उसे परिदत्त करने के लिए लिखित में प्राधिकृत किया गया हो उपर पैरा (2) में विनिर्दिष्ट पदाधिकारियों में से किसी को उसके कार्यालय में 30.10.2024 को 03.00 बजे अपराह्न के पूर्व परिदत्त की जा सकेगी,
(6) निर्वाचन लड़े जाने की दशा में 13.11.2024 को 07.00 बजे पूर्वाह्न और 05.00 बजे अपराह्न के बीच मतदान होगा।

स्थान : राँची
तारीख : 18.10.2024

निर्वाची पदाधिकारी
63–राँची विधानसभा

PR 339289 Ranchi (24-25)#D



**जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(जिला शस्त्र शाखा)**

**आदेश**

आगामी विधान सभा निर्वाचन, 2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु शस्त्र नियमावली 1962 के नियम (63) एवं शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्त 9 एवं 14 के तहत कोडरमा जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के अनुज्ञप्ति एवं उसपर धारित शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कराया जाना आवश्यक है। इस निमित्त शस्त्र सत्यापन की पूर्व निर्धारित तिथि दिनांक 16.10.2024 को विस्तारित करते हुए **दिनांक 20.10.2024** तक किया जाता है।

अतः शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के अनुज्ञप्ति/शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कराये जाने के निमित अंचलवार निम्नांकित पदाधिकारियों को उनके नाम के सामने अंकित थाना/ओ०पी०/आर्म्स डीलर में सभी प्रकार के शस्त्रों एवं अनुज्ञप्ति का भौतिक सत्यापन करने हेतु दण्डाधिकारी के रूप में प्राधिकृत किया जाता है :–

| क्र० | दण्डाधिकारी का नाम | अंचल का नाम | स्थान जहाँ शस्त्र निरीक्षण किया जायेगा | शस्त्र सत्यापन की विस्तारित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री हलधर कुमार सेठी, अंचल अधिकारी, कोडरमा | कोडरमा अंचल | कोडरमा थाना | 19–10–2024<br>20–10–2024 |
| | | कोडरमा अंचल | तिलैया थाना | 19–10–2024<br>20–10–2024 |
| | | एन०सी०दॉ एण्ड कम्पनी, आर्म्स डीलर झुमरी तिलैया | | 19–10–2024<br>20–10–2024 |
| 2 | श्री ओम प्रकाश बड़ाईक, कार्यपालक दण्डाधिकारी, कोडरमा–सह–प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सतगावाँ | सतगावाँ अंचल | सतगावाँ थाना | 19–10–2024<br>20–10–2024 |
| 3 | श्री हुलास महतो, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, मरकच्चो | मरकच्चो अंचल | मरकच्चो थाना | 19–10–2024<br>20–10–2024 |
| 4 | श्री भोला पाण्डेय, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, डोमचाँच | डोमचाँच अंचल | डोमचाँच थाना | 19–10–2024<br>20–10–2024 |
| | | डोमचाँच अंचल | नवलशाही थाना | 19–10–2024<br>20–10–2024 |
| | | डोमचाँच अंचल | ढाब थाना | 19–10–2024<br>20–10–2024 |
| 5 | श्री सारांश जैन, अंचल अधिकारी, जयनगर | जयनगर अंचल | जयनगर थाना | 19–10–2024<br>20–10–2024 |
| | | जयनगर अंचल | तिलैया डैम ओ0पी0 | 19–10–2024<br>20–10–2024 |
| 6 | श्री अशोक कुमार भारती, अंचल अधिकारी, चंदवारा | चंदवारा अंचल | चंदवारा थाना | 19–10–2024<br>20–10–2024 |

संबंधित थाना/ओ०पी० प्रभारी अपने–अपने थाना/ओ०पी० क्षेत्र के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने स्तर से सूचित करते हुए उनके अनुज्ञप्ति एवं उसपर धारित शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कराना सुनिश्चित करेंगे। वैसे अनुज्ञप्तिधारी जिनके शस्त्र किसी थाना/दुकान आदि में पूर्व से जमा हो तो शस्त्र जमा करने संबंधी कागजात प्रस्तुत करेंगे। साथ ही वैसे अनुज्ञप्तिधारी जो जमानत पर हैं अथवा जिनका अपराधिक इतिहास रहा हो अथवा गत चुनाव में दंगे वगैरह फैलाने में संलिप्त रहा हो, वैसे सभी अनुप्तिधारी दिनांक 20.10.2024 तक किसी लाईसेन्सी दुकान/संबंधित थाना में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। इसे कोडरमा जिला के संबंधित थाना प्रभारी सुनिश्चित करायेंगे।

उपरोक्त प्राधिकृत सभी दण्डाधिकारी संबंधित थाना प्रभारी के साथ समन्वय स्थापित कर शस्त्रों का भौतिक सत्यापन निर्धारित तिथि तक करते हुए संयुक्त हस्ताक्षर से सत्यापन प्रतिवेदन दिनांक 20.10.2024 की संध्या तक इस कार्यालय को निम्नांकित विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें :–

| क्र० | शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी का नाम/पता | शस्त्र अनुज्ञप्ति कब तक नवीनीकृत है ? | शस्त्र अनुज्ञप्ति संख्या एवं UIN No. | धारित शस्त्र का प्रकार एवं संख्या | धारित शस्त्र को अंतिम रूप से किस वर्ष तक सत्यापित किया गया |
|---|---|---|---|---|---|

शस्त्रों का भौतिक सत्यापन निर्धारित तिथि को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक किया जायेगा। निर्धारित तिथि तक सत्यापन नहीं कराने वाले अनुज्ञप्तिधारियों के विरूद्ध शस्त्र अधिनियम/नियमावली के तहत् शस्त्र अनुज्ञप्ति को निलंबित/रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

सभी थाना प्रभारी/ ओ0पी0 प्रभारी, कोडरमा जिला को निदेश दिया जाता है कि "Exemption" हेतु प्राप्त सभी आवेदन की जाँच करते हुए दिनांक 20–10–2024 को पुलिस अधीक्षक, कोडरमा को प्रतिवेदित करेंगे।

ह0/–
जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त,
कोडरमा

PR 339286 Koderma(24-25)#D

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक की मौत, चार घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** कचहरी मोड स्थित रेलवे ब्रिज के निचे दो अज्ञात स्कूटी सवार ने मोटरसाइकल सवार को टक्कर मार हुआ फरार, मोटर साइकिल सवार की मौत। घटना की जानकारी मिलते ही लोहरदगा पुलिस द्वारा तत्काल अपने जीप में उठा कर गंभीरावस्था में पहुंचायी सदर अस्पताल। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान किस्को मोड़ निवासी दिगम्बर साहू के पुत्र अनूप साहू के रूप में हुई।

वहीं दूसरी दुर्घटना बिजली ऑफिस के समीप हुई। जहां रांची से लोहरदगा लौट रही पंच कार सड़क किनारे खड़ी वाहन में टक्कर मार दिया। कार में बच्चे वृद्ध और महिला समेत छह लोग कार में सवार थे। जिसमें एक बच्ची समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायलों का सदर अस्पताल में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

सड़क दुर्घटना में घायल को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे स्थानीय लोग और परिजनों ने सदर अस्पताल की व्यवस्था को लेकर जमकर बबाल काटा। घटना की सूचना पर सदर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले को शांत कराया।

वहीं लोगों ने पुलिस प्रशासन से सड़क पर चलने वाली वाहनों पर नियंत्रण लगाने की अविलंब मांग करने लगे।

# लोहरदगा में 48 केंद्रों पर होगा मतदान

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 को लेकर शुक्रवार से अधिसूचना जारी कर दी गयी। नामांकन पत्रों की बिक्री और नामांकन प्रारंभ हो गया है। नामांकन करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2024 है। नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर को की जायेगी। नामांकन से अपना नाम वापस लेने के लिए अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2024 होगी। मतदान 13 नवंबर 2024 को होगा। मतों की गिनती 23 नवंबर 2024 को होगी। उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची से किसी भी प्रविष्टि को हटाया या संशोधित नहीं किया जा सकेगा। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 के अंतर्गत मुद्रणालयों पर नियम लागू होंगे। लाइसेंसी हथियार ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा जारी रहेगी। राजनीतिक दलों के द्वारा किये गये व्यय का लेखा-जोखा चुनाव की घोषणा की तिथि से लेकर चुनाव की समाप्ति तक किया जायेगा। चुनाव के दौरान नगदी के आवागमन पर नियम लागू होंगे। विधानसभा निर्वाचन 2024 में प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए 40 लाख तक का व्यय निर्धारित है। इस हेतु एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग टीम गठित है। जिला द्वारा निर्धारित दर पर प्रति तथा सुलभ प्रसंग हेतु आदर्श आचार संहिता की मार्गदर्शिका सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपलब्ध करायी गयी है। नियंत्रण कक्ष स्थापित है जिसका टॉल फ्री संख्या 1950 है। सी-विजिल की मॉनिटरिंग के लिए टीम बनायी गयी है जिससे चौबीसों घंटे निगरानी की जा सकेगी। निर्वाची एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारी 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्वाची पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, लोहरदगा हैं। इनके साथ सहायक निर्वाची पदाधिकारी सदर प्रखंड के अंचल अधिकारी अशुतोष कुमार, किस्को प्रखंड के अंचल अधिकारी अजय कुमार और कुडू प्रखंड की अंचल अधिकारी मधुश्री मिश्रा हैं। 69-बिशुनपुर (अंश) विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्वाची पदाधिकारी राजीव कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता, गुमला हैं। वहीं सहायक निर्वाची पदाधिकारी सुजाता कुजूर, भूमि सुधार उप समाहर्ता लोहरदगा, दिनेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी घाघरा और रंजीत कुमार सिंह प्रखंड विकास पदाधिकारी बिशुनपुर हैं। प्रेस कांफ्रेंस में जितेंद्र मुंडा, अपर समाहर्ता-सह-वरीय पदाधिकारी, मीडिया कोषांग, धीरज ठाकुर, उप निर्वाचन पदाधिकारी, शिवनंदन बड़ाईक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी- सह- नोडल पदाधिकारी, मीडिया कोषांग समेत अन्य उपस्थित थे।

# पोल से तार की चोरी, दस गांवों में चार दिन से अंधेरा



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मुरली तालाब के समीप 11 केवीए बिजली लाइन के दस पोल के तार चोरी होने से जमगाई पंचायत के लगभग 10 गांवों की बिजली चार दिन से बाधित है। इस घटना से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है और उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। चोरों ने मुरली तालाब से बिटपी गांव तक लगे दस बिजली पोल के तार काटकर ले गये, जिसके चलते पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गयी। ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत बिजली प्रबंधन से की है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीण ने बताया, चार दिन से हमारी बिजली बंद है। हमने विभाग को कई बार सूचित किया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। हमारे घरों में अंधेरा छाया हुआ है। मोबाइल की बैटरी चार्ज नहीं होने से काफी परेशानी उठानी पड़ रही है और दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। एतवा उरांव ने कहा कि बिजली के बिना कामकाज ठप हो गया है। बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं और हमारी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी नहीं हो रही हैं। अन्य ग्रामीण भी इसी प्रकार की शिकायतें कर रहे हैं।

# सहियाओं को मिला मोबाइल एकेडमी का प्रशिक्षण



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्याल स्थित सामूदायिक स्वास्थ केंद्र सेन्हा के सभागार में भारत सरकार द्वारा संचालित मोबाइल एकेडमी का एक दिवसीय प्रशिक्षण सभी सहियाओं को दिया गया। प्रशिक्षण के क्रम में जानकारी देते हुए मोबाइल एकेडमी के प्रशिक्षक सुब्रतो राज ने कहा कि मोबाईल एकेडमी कोर्स से मां बच्चे की स्वास्थ की जानकारी मिलता है। मोबाइल एकेडमी स्वास्थ्य का साथी के रूप में काम करता है। इस कोर्स के माध्यम से आप की कार्य कुशलता को बढ़ाने और कार्य को आसान कर देता है। मोबाइल कोर्स एकेडमी भारत सरकार का स्वास्थ मंत्रालय द्वारा लाया गया कोर्स है। इस पर आप सभी को स्वास्थ्य के बारे में उचित सलाह मिलेगा। इसमें स्वास्थ्य परामर्श के लिये चिकित्सक मौजूद रहेंगे जो स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न जानकारियां देंगे। मौके पर बीटीटी रानी देवी, सुनील कुमार महतो के अलावे शकुंतला देवी, मरियम टोप्पो, सीमा कुमारी, प्रियंका शुक्ला, सरिता कुमारी, रेणु देवी, रेखा कुमारी सहित अन्य सभी सहिया उपस्थित थे।

# शादी का झांसा देकर तीन साल तक यौन शोषण करने का महिला ने लगाया आरोप

**महुआडांड़ (आजाद सिपाही)।** महुआडांड़ थाना के ग्राम महुआडांड़ की रहनेवाली युवती ने महुआडांड थाने में आवेदन देकर गांव के ही विवेक दास पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। महिला द्वारा थाने में दिये गये आवेदन में कहा गया है कि विवेक तीन वर्ष से शादी का झांसा देकर लगातार यौन शोषण करता था। जब भी शादी की बात करते तो टाल मटोल कर देता था। शादी का दबाव बनाने पर घर को आग लगाने के साथ मारपीट करने की धमकी देता था। वहीं पीड़िता ने बताया कि उसके माता-पिता की मौत हो चुकी है। घर में अपने छोटे भाई के साथ रहती है। वही महिला थाना प्रभारी सुशीला केसरी ने बताया कि पीड़िता के आवेदन पर कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।


# चुनाव को लेकर कई कार्यालयों का निरीक्षण



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार व्यय प्रेक्षक सुनी मैथ्यूज के द्वारा सूचना भवन के जिला जनसंपर्क कार्यालय में संचालित एमसीएमसी कोषांग का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एमसीएमसी कोषांग के तहत किये जा रहे मॉनिटरिंग, प्रतिदिन के प्रेस कतरन, सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग, पेड न्यूज के मॉनिटरिंग सहित अन्य बिंदुओं की जानकारी ली गयी। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों की कार्य प्रणाली एवं कार्य दायित्वों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गयी। निरीक्षण के क्रम में व्यय प्रेक्षक एमसीएमसी कोषांग में हो रहे कार्यों पर संतुष्टि जाहिर करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश का पालन करें। मौके पर नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन उपस्थित थे।

# बलवंत सिंह ने खरीदा पर्चा, निर्दलीय लड़ने की तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** मनिका विधान सभा मे राजनीति में हलचल मचाते हुए मनिका विधानसभा क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह ने विधानसभा चुनाव के लिए पर्चा खरीद लिया है। बलवंत सिंह वर्तमान में भाजपा से जुड़े हैं और पार्टी की जिला कमिटी के सदस्य हैं, लेकिन उनके चुनाव लड़ने की घोषणा से क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। बलवंत सिंह ने कहा कि यदि पार्टी उन्हें टिकट देती है, तो वे भाजपा के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे। लेकिन अगर पार्टी से टिकट नहीं मिलता, तो वे निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं। उन्होंने साफ किया कि मनिका की जनता की सेवा करना उनका प्रमुख उद्देश्य है और वह किसी भी हालत में विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। बलवंत सिंह का कहना है, 'मेरे लिए जनता की भलाई सबसे ऊपर है। भाजपा टिकट देती है तो ठीक, अन्यथा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ूंगा। मैंने महुआड़ाड़ निर्वाचन कार्यालय में नामांकन दाखिल करने की पूरी तैयारी कर ली है। बलवंत सिंह के इस फैसले के बाद क्षेत्र में राजनीतिक समीकरण बदलने की संभावना है।

# तालाब में डूबने से वृद्ध की मौत

**कैरो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सढ़ाबे निवासी 58 वर्षीय फूलदेव उरांव का गुरुवार रात्रि तलाब में डूबने से हो गयी। जानकारी के अनुसार फूलदेव चूंगारी पहाड़ पर लगने वाले पहाड़ जतरा के पूर्व संध्या पर होने वाले कार्यक्रम में गया हुआ था। रात्रि में लौटने के क्रम में बकसी सढ़ाबे रास्ते किनारे नरेगा द्वारा खोदे गये जामुन झरिया तलाब में गिरने और गहरे पानी मे डूब जाने के कारण मृत्यु हो गयी। जानकारी होने पर मखिया सुमित्रा उरांव ग्रामीण के साथ पहुंचकर शव को तलाब से निकाला और पुलिस को सूचना दी गयी।

# बीएलओ को शांमिपूर्ण चुनाव कराने का निर्देश



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी प्रखंड सभागार में सीओ सह प्रखंड निबंधन निवार्ची पदाधिकारी की अध्यक्षता में बीएलओ के साथ बैठक आयोजन किया गया .झारखण्ड विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर अंचलाधिकारी सह प्रखंड निबंधन निवार्ची पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सर नजर मंसूरी ने सभी बीएलओ को भयमुक्त और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिये शपथ दिलाते हुए प्रखंड क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों के बारे में जानकारी लिया गया। साथ ही वोटर लिस्ट में मतदाताओं का नाम व पता का त्रुटि के बारे में भी चर्चा किया गया। वही अंचलाधिकारी सह प्रखंड निबंधन निवार्ची पदाधिकारी ने सभी बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि अपने अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों में बिजली, पेयजल, रैंप और शौचालय का निरीक्षण करें और मतदान केंद्रों में कोई भी चीज की त्रुटि हो तो तत्काल सूचना दें, जिसे चुनाव के समय मतदाताओं को और मतदानकर्मियों को किसी तरह की परेशानी न हो। साथ ही कहा कि अपने अपने पोषक क्षेत्रो में मतदाता जागरूकता अभियान चला कर मतदान के लिये सभी को प्रेरित करें। बीपीआरओ सुजीत उरांव के अलावे गीता देवी, शांता मिंज, टिंकी देवी, रजनी देवी, किरण कुमारी, अनीता उरांव, यशोदा कुमारी सहित अन्य सभी बीएलओ उपस्थित थे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में पौधरोपण

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में प्रभारी प्राचार्य और शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पीएम श्री जेएनवी जोगना में फलदार और छायादार पेड़ लगाया गया। वही वृक्षारोपण कार्यक्रम के पश्चात प्रभारी प्राचार्य अवनीश चंद्र झा ने कहा कि आज वतावरण दूषित होने का मुख्य कारण पेड़ पौधा कम होना हम सभी को समय समय पर पेड़ पौधा लगाना चाहिए और पेड़ पौधों को संरक्षित करना सभी का जिम्मेवारी है। जिससे वतावरण शुद्ध होगा और स्वच्छ वायु मिलेगा। पर्यावरण दूषित होने के कारण मनुष्य ही नहीं पशु पक्षी को भी परेशानी हो रही है। आज वतावरण गर्म और दूषित होने के कारण अनेक तरह की बीमारियां फैल रही है। जिसे जलवायु पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वही वृक्षारोपण के क्रम में शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा आम और अशोका का पेड़ लगाया गया। साथ ही प्रचार्य श्री झा ने जानकारी देते हुए बताया कि नवम और एकादश की कक्षा में ऑनलाइन नामाकन के लिये आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर तक निर्धारित तिथि है। मौके पर धनंजय कुमार, अलीशा केरकेट्टा, जगेश्वर महतो, सुजीत कुमार, रमेश उपाध्याय, सिमा जायसवाल, सूरज पांडेय, पवन कुमार, मंजू तिग्गा, अरुण नागलोट, राजकिशोर प्रसाद, कुमुदनी प्रसाद, रामप्रवेश विश्वकर्मा सहित अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## कोल्हान की खबरें

# सरायकेला विधानसभा सीट से भुगलू सोरेन ने की दावेदारी पेश

**चंपाई सोरेन ने बीते कई वर्षो से क्षेत्र की जनता को ठगा : भुगलू सोरेन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले में कई बार झामुमो से विधायक रहे पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भाजपा में शामिल होने के बाद सरायकेला सीट से भुगलू सोरेन उर्फ डब्बा सोरेन ने झामुमो से दावेदारी पेश की।उन्होंने झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष के नाम आवेदन सौप कर दावेदारी पेश करते हुए कहा सरायकेला सीट झामुमो की पारंपरिक सीट है। यहां से झामुमो बीते 20 वर्षों से अपराजेय रही है। उन्होंने कहा क्षेत्र की जनता जिन्हें चुनाव में जिताया वे अवसरवादी हो गये हैं। 2024 के बिधानसभा चुनाव में पार्टी अब नए सिरे से चुनावी तैयारी में जुट गयी है। उन्होंने कहा पूर्व मुख्यमंत्री के पाला बदलने के बाद जनता खुद को ठगा महसूस कर रही है।भुगलू सोरेन ने जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का दावा किया। उन्होंने कहा यहां की जनता के मुख्य समस्या पानी, सड़क व स्वास्थ्य है। पूर्व मुख्यमंत्री ने आज तक समस्या का निदान नहीं कर सका। सरायकेला की जनता के भावनाओं को देखते हुए हमने चुनावी मैदान में उतरने का निर्णय लिया। मुझे सरायकेला खरसावां जिले में जनता का पूरा समर्थन प्राप्त है।

# केंद्र सरकार के दबाव में समय से पहले आयोग करवा रहा चुनाव : रामदास सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** मंत्री रामदास सोरेन ने शुक्रवार को घाटशिला में एक प्रेसवार्ता की। मंत्री रामदास सोरेन ने प्रेसवार्ता में कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा झारखंड विधानसभा के चुनाव तिथियों की घोषणा 15 अक्टूबर को किया गया, जबकि झारखंड में सरकार गठन की अंतिम तिथि 5 जनवरी 2025 है। भारत सरकार के दबाव में समय से पूर्व झारखंड में चुनाव की तिथि घोषणा की गयी है। भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड राज्य में रहने वाले लोगों की धार्मिक एवं सांस्कृतिक भावनाओं की अनदेखी की है। इस अवधि में बहुत त्यौहार आते है। इसपर चुनाव आयोग को गौर करना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं किया गया। रामदास सोरेन ने कहा की असम में 100 वर्षो से बसे झारखंड के आदिवासियों को जिन्हें अंग्रेजी शासन काल में ले जाकर बसाया गया। उन्हें आज तक अनुसूचित जाति जनजाति की सुविधा असम राज्य में उपलब्ध नहीं है। झारखंड मंत्रीपरिषद में असम के आदिवासियों की इस समस्या के समाधान के लिए एक उच्च स्तरीय समिति विभागीय मंत्री की अध्यक्षता में गठित की। समिति ये देखेगी इन्हें टी ट्राइव क्यों कहा जाता है। इन्हें आज भी सामान्य श्रेणी में रखा गया। जिसके कारण राज्य सरकार की नियुक्तियों के साथ केंद्र सरकार के नियुक्ति में भी आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाता है। इन सभी बातों की जानकारी पर समिति अध्ययन करते हुए समाधान का मार्ग निकालेगी। मौके पर झामुमो नेता कान्हू सामंत, प्रधान सोरेन, बाघराय मार्डी समेत कई मौजूद थे।

# रेलवे ने 56 मकानों को तोड़ा



आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** रेलवे की ओर से आदित्यपुर गुमटी बस्ती में रेलवे के जमीन पर बने अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। शुक्रवार को विभाग के द्वारा लाखो की लागत से बनी 56 चिन्हित मकानों को चंद मिनट में ही ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान भूखे प्यासे बेघर लोगो ने अपने सामानों को इकट्ठा करने में लगे रहे।चारो तरफ स्थानीय पुरुष,महिला व बहनों की आंखें नमन दिखी। बारिस में छोटे-छोटे बच्चे प्लास्टिक का तिरपाल के नीचे खड़े रहे। रेलवे के अधिकारी संजय कुमार गुप्ता ने बताया लगभग 4000 स्क्वायर मीटर भूखंड को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। यहां रेलवे का शेड निर्माण किया जायेगा। इस दौरान किसी प्रकार की कोई विरोध व अप्रिय घटना नहीं घटी। रेलवे की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम किया गया था। पूर्व से ही अतिक्रमणकारियों को सूचित कर दिया गया था।लोग स्वतः ही अपने अपने सामान हटाने में जुटे रहे।

# 30 को जॉगर्स पार्क काली पूजा पंडाल का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** गोलमुरी जॉगर्स पार्क में नवयुवक चेतना मंच के द्वारा काली पूजा पंडाल के लिए भूमिपूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूजा कमिटी व समाज के प्रमुख व गणमान्य लोगो ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। मौके पर पंडित राकेश पांडेय के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार व विधि विधान के साथ भूमिपूजन किया गया। इस दौरान पूरा क्षेत्र में आध्यात्मिकता का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर पूजा समिति के संयोजक अप्पू तिवारी ने बताया काल्पनिक पूजा पंडाल का विहंगम दृश्य केदार नाथ धाम के तर्ज पर होगा। 30 अक्टूबर को पूजा पंडाल का उद्घाटन शांति और सादगी से किया जायेगा। पूजा पंडाल का उद्घाटन के लिए शहर की 5 सम्मानित महिलाओं, वृद्धाश्रम की 5 माताओं व समिति के सदस्यों की माताओं को अवसर दिया जायेगा। 31 अक्टूबर की मध्यरात्रि में विशेष काली पूजा आरती होगी व 2 नवंबर को महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। मौके पर दिलीप केशरी, उमेश सिंह, पप्पू उपाध्याय, अप्पू तिवारी, विद्या मिश्रा, भगवान सिंह, रामेश्वर कुमार, बिनोद सिंह, सुरेंद्र चौधरी सहित अन्य प्रमुख समाजसेवीगण उपस्थित रहे।

# विमल बैठा जुगसलाई विधानसभा से लड़ सकते हैं निर्दलीय चुनाव

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा में बीते लगभग 12 वर्षा से सक्रिय रहे भाजपा नेता विमल बैठा ने 2024 के विधानसभा चुनाव में जल्द बड़ा फैसला लेने का संकेत दी है। शुक्रवार को वार्ता के दौरान विमल बैठा ने कहा पूर्व में झामुमो व 2014 से भाजपा में रह कर समाज सेवा के माध्यम से क्षेत्र के लोगो के बीच अपनी मजबूत पकड़ बना चुके है।एनडीए का सीट शेयरिंग की घोषणा के बाद उन्हें बड़ा झटका लगा। उन्हें उम्मीद थी इस बार का चुनाव जुगसलाई सीट से गठबंधन के तहत भाजपा ही लड़ेगी। लेकिन गठबंधन में यह सीट आजसू पार्टी के खाते में जाने से उनके पास अब सीमित विकल्प बचा है। वह निर्दलीय या कोई पार्टी से किस्मत आजमा ने के लिए मन बना ली है। हालांकि जेएलकेएम की ओर से पार्टी सुप्रीमो जयराम महतो ने अब तक जिले के 6 सीटों में सिर्फ 3 सीटों की घोषणा की है। जिसमे जमशेदपुर पूर्वी से तरुण कुमार डे, पोटका से भगीरथ हांसदा व घाटशिला से रामदास मुर्मू के नाम शामिल है। जबकि जुगसलाई, बहरागोड़ा व जमशेदपुर पश्चिम की सीट से एक से अधिक दावेदार होने की वजह से प्रत्याशियों का नाम की घोषणा नहीं हो सकी।

# गरीबों का भला नहीं चाहती है भाजपा : डॉ. अजय

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ट नेता डा. अजय कुमार ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा भाजपा गरीबों का भला नहीं चाहती है। यह भाजपा का दोहरा चरित्र है। एक तरफ भाजपा गरीवों के विकास की बात करती वहीं दूसरी ओर गरीब बच्चों को दिए गए जर्सी और जूता का शिकायक चुनाव आयोग में करती है। उन्होंने कहा यही भाजपा का असली चेहरा है। उन्होंने कहा मंईयां सम्मान योजना को बंद करवाने के लिए भी भाजपा ने रांची हाईकोर्ट में मामला दर्ज करवाया था। उसके बाद भी भाजपा नेताओं द्वारा गरीबों के विकास की बड़ी बड़ी बाते की जाती है। जो बाद में जुमला में तब्दिल हो जाता। उन्होंने कहा मेरे द्वारा निवेदन पर एक स्वंय सेवी संगठन द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें अतिथि के तौर पर उपस्थित हो कर बच्चों के बीच सामग्री का वितरण किया गया। डा. अजय ने कहा दरअसल भाजपा का चरित्र गरीबों को परेशान करना है। उन्होंने कहा दरअसल भाजपा हार के डर से बौखला गयी है। मुझे बदनाम करने के लिए तमाम हथकंडे अपना रही है।

# शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को शस्त्र जमा करने का आदेश




## 23 अक्टूबर तक होंगे जमा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को स्वच्छ शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से मतदान कराने हेतु शस्त्र अनुज्ञप्ति के शर्त 9 के तहत जिले के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्रों को स्थानीय थाना, ओपी या शस्त्र एवं कारतूस विक्रेता के दुकान में जमा करने का जिला दंडाधिकारी गुमला द्वारा आदेश दिया गया है। आदेश में बताया गया है कि दिनांक 23 अक्टूबर 2024 तक शस्त्र को स्थानीय थाना ओपी या शस्त्र एवं कारतूस विक्रेता दुकान में जमा कर देंगे अन्यथा उनके विरुद्ध अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। वही बताया गया की अनुज्ञप्ति द्वारा शस्त्र एवं कारतूस विक्रेता दुकान में जमा करने के पश्चात पावती रसीद की छाया प्रति स्थानीय थाना या ओपी में उपलब्ध करायेंगे।

# बिशुनपुर, गुमला और सिसई विधानसभा क्षेत्र के लिए 25 तक कर सकेंगे नामांकन पत्र दाखिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला अंतर्गत 69- विशुनपुर, 68- गुमला एवं 67- सिसई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विधान सभा आम चुनाव 2024 के बारे में शुक्रवार को गुमला जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालयत स्थित सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि 18 अक्टूबर से लेकर उम्मीदवारों के पास अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए 25 अक्टूबर 2024 तक का समय होगा। 25 अक्टूबर तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़ कर) नाम निर्देशन किये जायेंगे। तीनों विधान सभा क्षेत्र के लिए नाम निर्देशन की प्रक्रिया एसडीओ



कार्यालय गुमला में की जायेगी। इसके साथ भी नॉमिनेशन फॉर्म का भी वितरण एसडीओ कार्यायल में ही किया जायेगा।

नाम निर्देशन पत्र संविक्षा की तिथि 28 अक्टूबर 2024 को होगी और उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर है। मतदान दिवस का आयोजन 13 नवंबर को किया जायेगा तथा इस बार मतदान का समय पूर्वाह्न 7 बजे से लेकर अपराह्न 5 बजे तक के लिए निर्धारित है। वहीं जिले के क्रिटिकल बूथों में संध्या 4 बजे तक मतदान का आयोजन किया जायेगा। इसके साथ ही मतगणना 23 नवंबर को की जायेगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 18 से 25 अक्टूबर तक एसडीओ कार्यालय गुमला के आसपास 100 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू रहेगी।

इस दौरान एक उम्मीदवारों को केवल तीन वाहनों को एसडीओ कार्यालय परिसर के अंदर पार्क करने की अनुमति होगी और नामांकन पत्र दाखिल करते समय उम्मीदवार सहित केवल पांच लोगों को कार्यालय में प्रवेश करने की अनुमति होगी। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा नाम निर्देशन के साथ अभियार्थियों द्वारा समर्पित किए जाने वाले दस्तावेजों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि अभियार्थी नामांकन हेतु फॉर्म एसडीओ कार्यालय गुमला से प्राप्त कर सकते एवं अभियार्थियों के द्वारा नाम निर्देशन शुल्क (5160 रुपये) जमा की जायेगी।

# घाघरा बीडीओ ने मतदान केद्रों का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार और थाना प्रभारी तरुण कुमार ने घागरा प्रखंड क्षेत्र के कई मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इस क्रम में घाघरा प्रखंड के सरांगो, आदर, शिवसेरेंग सहित अन्य मतदान केंद्र पहुंच मूलभूत सुविधा बुनियादी सुविधा पानी बिजली भवन की भौतिक स्थिति शौचालय वह अन्य चीजों को दिखा। साथ ही कई आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित शिक्षकों को दी। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र दरदाग में जिला परिषद विभाग से हो रहे मरम्मती कार्य को देखा और संवेदक को एक सप्ताह के अंदर रंग रोगन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। ताकि मतदान केंद्र का कार्य पूरा हो सके। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि निरीक्षण के क्रम में कई मतदान केंद्र में मूलभूत सुविधा पूरी है। कुछ मतदान केंद्र में मूलभूत सुविधा का अभाव है। जिसे जल्द पूरा कर लिया जायेगा। मौके पर कन्हैया अभियंता सतीश कुमार बंसल, ज्योति लाल सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

# बीडीओ ने आचार संहिता का पालन करने का दिया निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड सभागार में शुक्रवार को आगामी विधानसभा चुनाव- 2024 को लेकर बीडीओ श्री यादव बैठा की अध्यक्षता में सभी पंचायत सचिव/ जनसेवक, अंचल उप निरीक्षक, मुखिया, रोजगार सेवक के साथ समीक्षा बैठक की गयी। बीडीओ ने सभी को अपने-अपने क्षेत्र में आचार संहिता को कड़ाई से पालन कराने का निर्देश दिया। कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हो, इसका पूरा ख्याल रखा जाए। मतदान केंद्र पर उपलब्ध सभी प्रकार के संसाधनों की जानकारी अद्यतन कराने का निर्देश दिया। चुनाव प्रक्रिया से संबंधित दिशा-निर्देश दिया। मतदाता जागरूकता पर बल दिया गया। मॉक पोल की जानकारी दी गई। मतदान केंद्र पर पानी, बिजली, रैंप, फर्नीचर, शौचालय पर बूथ वाइज व्यवस्था का निर्देश बीडीओ द्वारा दिया गया। बैठक में सभी पंचायत सचिव/ जनसेवक, अंचल उप निरीक्षक, सभी मुखिया, रोजगार सेवक शामिल थे।

# मालवाहक पिकअप और सवारी ऑटो की टक्कर में 6 लोग घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला लोहरदगा नेशनल हाईवे स्थित खटवा नदी पुल में शुक्रवार की रात 8:00 बजे माल वाहक पिकअप और सवारी ऑटो में भीषण टक्कर हो गयी। घटना में ऑटो में सवार फट्टी चारो टोली निवासी 55 वर्षीय महावीर उरांव, सुशीला देवी, विमला एक्का, करमी देवी, मुंडा उरांव और मरियम उराईन घायल हो गए। टक्कर में महावीर उरांव के सिर व शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी है। सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रेफर कर दिया है। वही मुंडा उरांव का एक पैर टूट गया है। अन्य सभी घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक फट्टी चारो टोली गांव से सभी एक ही परिवार के 6 लोग पोकटा गांव छठी में शामिल होने गये थे। वापसी के क्रम में खटवा नदी पुल में सामने से आ रहे मालवाहक पिकअप से सीधी भिड़ंत हो गयी। घटना के बाद मालवाहक पिकअप चालक वाहन छोड़कर घटना स्थल से फरार हो गया। साथ ही ऑटो चालक भी ओटो को छोड़कर घायल अवस्था में ही फरार हो गया। घटना की जानकारी गुमला थाना को दी गयी गुमला थाना के मुंशी रामाकांत सिंह तत्काल घटनास्थल पहुंचे और पांच घायलों को पुलिस वाहन से सदर अस्पताल पहुंचाया। जबकि गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को एक राहगीर ने अपनी बाइक से सदर अस्पताल पहुंचाया। वहीं पुलिस ने घटनास्थल से दोनों वाहन को जप्त कर लिया है।

# आदिम जनजाति के बच्चे के बेहतर इलाज के लिए डीसी से लगायी गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला संगठन की अध्यक्ष देवकी देवी ने शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को आवेदन देते हुए 8 वर्षीय मोहन नगेसिया की बेहतर इलाज की गुहार लगाई है। उपायुक्त को दिए आवेदन में देवकी देवी ने बताया लातेहार जिला के महुआ डांड प्रखंड स्थित आंबा कोना अरसा पाट निवासी लाल नगेसिया का 8 वर्षीय पुत्र मोहन नगेसिया विगत 11 अक्टूबर से टाइफाइड से बीमार है। स्थानीय स्तर पर इलाज के पश्चात उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सदर अस्पताल में इलाज के बाद



डॉक्टर ने उसे रिम्स रेफर कर दिया है। लेकिन उसका सदर अस्पताल में ही इलाज चल रहा है। मरीज के पिता लाल नागेशिया काफी गरीब है और बाहर ले जाकर बच्चे का इलाज कराने में असमर्थ हैं। बच्चा का बुखार नहीं उतर रहा है और वह बेहोशी की हालत में है। वही बताया कि पीड़ित परिवार के पास खाने-पीने साथ ही दवा खरीदने का पैसा भी नहीं है। एक पड़ोसी मदद करते हुए उन्हें सदर अस्पताल लाया है। देवकी देवी ने उपायुक्त को आवेदन सौंपते हुए बीमार बच्चे की सहायता की मांग की है।

# नेशनल हॉकर फेडरेशन और दीन बंधु ट्रस्ट ने चलाया प्लास्टिक मुक्त अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटमदा।** पूर्वी सिंहभूम जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नेशनल हॉकर फेडरेशन व दीन बंधु ट्रस्ट के द्वारा संयुक्त रूप से प्लास्टिक मुक्त जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर फेडरेशन के सचिव उत्तम चक्रवर्ती ने कहा प्लास्टिक के उपयोग से स्वास्थ्य व पर्यावरण पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है। प्रतिदिन प्लास्टिक के सुक्ष्म कण,पानी,हवा व खाद्य पदार्थों के माध्यम से शरीर में प्रवेश करती हैं। जिससे अनेको तरह के बिमारी उत्पन्न हो रहे हैं। फेडरेशन के सचिव उत्तम चक्रवर्ती



ने कहा यह जागरूकता अभियान मानगो, पटमदा प्रखंड के बेलटाड़ व कटीन में चलाया गया। जागरूकता अभियान के दौरान पथ विक्रेता एवं ग्राहकों ने प्लास्टिक उत्पादन के श्रोत को बंद करने की मांग की। वहीं नागेन्द्र कुमार ने प्लास्टिक निर्मित पात्रों में पेय व खाद्य पदार्थ को नहीं खाने की सलाह दी। अभियान में उत्तम चक्रवर्ती,नागेन्द्र कुमार, मिथिलेश तिवारी, नंदा रजक,संदीप मिश्रा, हरिहर टुडू, प्रदीप बेसरा, चंद्रशेखर टुडू सहित अन्य समाज सेवी शामिल रहे।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि ने चलाया नशा मुक्त भारत अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, गुमला के द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान कंदर्प प्लस टू उच्च विद्यालय पालकोट में किया गया। 500 से अधिक विद्यार्थियों के उपस्थिति में ब्रह्माकुमारी भाई-बहनों द्वारा नशा से होने वाले हानि के विषय में बच्चों को बताया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों को विभिन्न प्रकार की लतों के बारे में बताया गया तथा बताया गया कि वे इनसे कैसे बच सकते हैं। प्रतिभागियों को बताया गया कि कैसे ध्यान और स्वस्थ जीवनशैली की आदतों को अपनाकर वे बेहतर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य प्राप्त कर सकते हैं। बच्चों ने जीवन भर नशे से दूर रहने की



शपथ ली कि अपने जीवन काल में स्वयं तो नशे से दूर रहेंगे बल्कि समाज के अन्य लोगों को भी नशा से दूर रखने का प्रयास करेंगे। जिससे कि हमारा समाज सुधरेगा और राष्ट्र एक विकसित भारत की ओर अग्रसर होगा। अभियान में कुंभकरण की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी संस्थान से बीके गीता बहन, ममता बहन, अमृता बहन, सूचिता, कुसुम, बीके मंगल भाई बीके संजय, विनय, कृष्णा, जनेश्वर, सूर्य नारायण, जगन्नाथ भाई के साथ ही प्लस टू विद्यालय के शिक्षक लालजीत साहू के साथ अनेक शिक्षकों का विशेष योगदान रहा ।

# जिस मतदान केंद्र पर सुविधाओं का अभाव है बतायें : बीडीओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में बीडीओ दिनेश कुमार ने विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर शिक्षक कर्मियों के साथ बैठक किया। बैठक में शिक्षकों से मतदान केंद्र में मूलभूत सुविधा भवन, कमरा की संख्या, रैम्प, पानी, बिजली, शौचालय, फर्नीचर, रोड कनेक्टिविटी, अक्षांश/देशांतर, मोबाइल नेटवर्क से संबंधित फॉरमेंट भरवा कर जमा कराया है। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि जिस मतदान केंद्र में मूलभूत सुविधा का अभाव है। आप सभी रिपोर्ट के माध्यम से बताएं। ताकि मतदान केंद्र में सभी व्यवस्था हो सके। जिससे चुनाव कर्मी और मतदाता को किसी भी तरह को परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही कार्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने और चुनाव के सफल संचालन को लेकर शपथ दिलाया गया। मौके पर बीपीओ पुष्पा टोप्पो शिक्षक विजय कुमार साहू, अजय प्रजापति, मनोज तिवारी, शाहिद के शिक्षक कर्मी उपस्थित थे।

# शराब ठिकानों पर पुलिस का छापा,1400 लीटर अवैध जावा महुआ भट्टी ध्वस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के अवैध शराब भट्ठियों में लगातार पुलिस की कारवाई जारी है। शुक्रवार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आदित्यपुर थाना अंतर्गत सापड़ा शिवा मंडल के ठिकानों में छापेमारी की। जहा 7 ड्राम में करीब 1400 लीटर अवैध जावा महुआ को विनस्ट



कर भट्टी को ध्वस्त कर दिया। वही शराब बनाने वाले उपकरणों को जप्त कर लिया। फिलहाल पुलिस की दबिश पड़ते ही शिवा मंडल भूमिगत होगए।बताया जारहा है बीते एक महीना में शिव मंडल के ठिकानों में पुलिस ने दो बार छापामारी की।अवैध महुआ को जप्त कर भट्ठी को ध्वस्त किया गया। छापेमारी के दौरान एस आई रंजीत कुमार, राहुल कुमार सिंह, टाइगर मोबाइल नीतीश कुमार पांडे,राघवेंद्र कुमार व सशस्त्र बल मौजूद रहे।

# आधुनिक भारत के निर्माताओं में से एक, सर सय्यद अहमद खान : फिरोज आलम

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला महासचिव फिरोज आलम ने कहा कि सर सैयद अहमद खान का जन्म 17 अक्टूबर 1817 को दिल्ली में हुआ था। उन्होंने अपना कार्य लोक सेवक के रूप में आरंभ किया था।

1857 का विद्रोह, सर सय्यद अहमद के जीवन की महत्वपूर्ण परिवर्तकारी घटना थी। उन्होंने इस का पूवार्नुमान लगा लिया था कि मुस्लिम समुदाय के लिए; विशेष रूप से उत्तरी भारत में सामाजिक एवं राजनैतिक अस्तित्व बनाए रखने के लिए उन्हें अंग्रेजी भाषा एवं आधुनिक विज्ञान में निपुणता प्राप्त करनी होगी।

वे उन अग्रदूतों में से एक थे



जिन्होंने पिछड़े तथा निर्धन मुस्लिम समाज के शक्तिकरण में शिक्षा की क्रांतिकारी भूमिका को महत्वपूर्ण माना। सर सय्यद अहमद न केवल आधुनिक भारत के महान राष्ट्र निमार्ता थे वरन वे एक महान समाज सुधारक भी थे। विभिन्न स्कूलों को आरंभ करके उन्होंने मुस्लिम विश्वविद्यालय के निर्माण की भूमिका तैयार कर दी थी। मुसलमानों में वैज्ञानिक-चेतना निर्माण तथा पश्चिमी ज्ञान को भारतीयों की अपनी भाषा में उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने 1863 में साइंटिफिक सोसाइटी की स्थापना की। मार्च 1866 में, साइंटिफिक सोसाइटी की पत्रिका 'अलीगढ़ इंस्टिट्यूट गजेट' का शुभारंभ किया। जिसके द्वारा पारंपरिक मुस्लिम समाज की सोच बदलने में सफलता प्राप्त हुई। अन्य कोई कमजोर व्यक्तित्व अपने विरुद्ध घोर को देखते हुए अपने कदम रोक सकता था लेकिन, सर सय्यद ने एक अन्य पत्रिका ह्लतहजीबुल अख्लाकह्व को प्रकाशित कर विरोधियों को करार जवाब दिया जिसे अंग्रेजी में ह्लमोहम्मडन सोशल रिफॉर्मरह्व शीर्षक से प्रकाशित किया गया।

सर सय्यद ने, 24 मई 1875 में अलीगढ़ में मदरसतुल उलूम की स्थापना की। लंदन की यात्रा के पश्चात उन्होंने एमएओ कॉलेज को ऑक्सफोर्ड एवं कैंब्रिज विश्वविद्यालय के अनुरूप बनाया। इस्लामिक मूल्यों से समझौता किये बिना ब्रिटिश शिक्षा प्रणाली के अनुरूप कॉलेज का निर्माण करना उनका उद्देश्य था। वे इस कॉलेज द्वारा नए एवं पुराने तथा पूरब और पश्चिम का समन्वय करके इसका सेतु के रूप में प्रयोग करना चाहते थे। उस अवधि में उन्होंने पश्चिमी अधिगम पर आधारित प्रदानित अनुदेशों की अनिवार्यता एवं महत्व को स्पष्ट रूप से सराहा था।

# ऑनलाइन लेन-देन करें व्यवसायी : रमेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** आचार संहिता के दौरान पाबंदी लागू है। ऐसे में 50 हजार से अधिक कैश लाने- ले जाने पर पुलिसिया पुछताछ का सामना करना पड़ेगा अन्यथा कैश से संबंधी प्रमाण पेश करना होगा। जिससे व्यापारियों की परेशानी बढ़ेगी। इसपर चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने व्यापारियों से अपील की है कि वे ऑनलाइन लेनदेन पर जोर दें। ताकि अनावश्यक परेशानी से बच सके।

चुंकि अभी त्योहारों का समय है। ऐसे में कारोबार में वृद्धि होने से लेन-देन भी बढ़ेगा। यदि व्यापारी 50 हजार से अधिक कैश लाते या ले जाते है, तो उन्हें परेशानी हो सकती है। इसलिए यूपीआइ के माध्यम से ऑनलाइन लेन-देन करें ताकि वो भी मानसिक रूप से परेशान होने से बच सके और अपना व्यवसाय कर सके। वहीं पुलिस प्रशासन भी अपनी कार्रवाई कर सके। चुंकि आचार संहिता का जो नियम है। वह सभी के लिए बराबर है।

# वाहन की टक्कर से वृद्ध घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत जोड़ा जाम महादेव नगर के समीप गुरुवार की रात 9:00 बजे अज्ञात वाहन के टक्कर से 60 वर्षीय वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। रायडीह थाना की गश्ती पुलिस को वृद्ध सड़क किनारे बेहोशी की अवस्था में पड़ा मिला था।इसके बाद एएसआई गोपी कांत महतो अपने वाहन से उसे सदर अस्पताल लेकर गए। वृद्ध को अज्ञात वाहन पीछे से टक्कर मारते हुए घटना स्थल से फरार हो गया। क्योंकि वृद्ध के सिर चेहरा व शरीर के सामने के कई भागों में चोट लगी है। वह मुंह के बल सड़क पर पड़ा था। घटना स्थल पर ही



वाहन के टूटे शीशे और वाहन के टूटे पार्ट्स बिखरे मिले। जिससे संभावना जताई जा रही है की कोई वाहन उसे टक्कर मार दिया है। हालांकि वृद्ध की पहचान नहीं हो पाई है। सदर अस्पताल में ही उसका इलाज चल रहा है।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 19 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in


# पलामू पुलिस ने माओवादियों से हथियारों का जखीरा किया बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में विधानसभा चुनाव के दौरान बड़ी घटना को अंजाम देने की माओवादियों की योजना को पुलिस ने विफल कर दिया है। पुलिस की कार्रवाई में माओवादियों के हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद किया गया है। हथियारों का यह जखीरा पलामू के पिपरा थाना क्षेत्र के झरना पहाड़ी से बरामद किया गया है। माओवादियों ने हाल ही में हथियारों को साफ कर उन पर ऑयल लगाया था, ताकि उनमें जंग न लगे। जानकारी के अनुसार माओवादी विधानसभा चुनाव के दौरान बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। घटना को अंजाम देने के लिए माओवादी अमेरिका और सर्बिया में निर्मित गोलियों का इस्तेमाल करने वाले थे। हमले को अंजाम देने के लिए माओवादियों ने भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक जुटाए थे। पलामू पुलिस की कार्रवाई में माओवादियों के हथियारों का यह बड़ा जखीरा बरामद किया गया है। मौके से एक 303 राइफल, 54 एसपीआरजी पीपीयू लिखा हुआ, 26 एसपीआरजी एसएंडजी लिखा हुआ, 914 0.22 एमएम की गोलियां बरामद की गयी हैं। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि बरामद हथियारों का इस्तेमाल विधानसभा चुनाव के दौरान माओवादियों द्वारा किया जा सकता था। बरामद राइफलें पुलिस से लूटी गयी थीं, हथियारों का यह जखीरा 15 लाख रुपये के इनामी माओवादी नितेश यादव, 10 लाख रुपये के इनामी माओवादी संजय गोदराम और इंताज अंसारी उर्फ ठेंगन ने इकट्ठा किया था। अमेरिका और सर्बिया में बनी थीं गोलियां। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि बरामद गोली पर कुछ नंबर लिखे हैं।

जब इस नंबर और कोड की जांच की गयी तो पता चला कि यह नंबर अमेरिका और सर्बिया में बनी गोलियों पर लिखा जाता है। मामले की फोरेंसिक जांच कराई जायेगी। बरामद राइफल पर नंबर भी लिखे हैं, जिससे पता लगाया जा रहा है कि बरामद राइफल कहां से लूटी गयी थी। माओवादियों से बरामद 0.22 एमएम की गोली को पुलिस अहम मान रही है। एसपी ने बताया कि इस गोली का इस्तेमाल लैंडमाइंस और मोर्टार बनाने में होता था। पुलिस की छापेमारी अभियान में एसडीपीओ अवध किशोर यादव, इंस्पेक्टर द्वारिका राम, थाना प्रभारी विमल कुमार और जगुआर टीम शामिल थी।



### जब्त सामान की सूची

1. .303 मैगजीन और बोल्ट लगी राइफल (23857 अंकित)।
2. 54 जिंदा कारतूस (30-06 एसपीपीआरजी पीपीयू अंकित)।
3. 26 जिंदा कारतूस (30-06 एसपीआरजी, एस और जी अंकित)।
4. 0.22 एमएम के 914 जिंदा कारतूस।
5. पुराना बिना ढक्कन का स्टील कैन।

### छापेमारी दल में ये थे शामिल

छापेमारी अभियान में छतरपुर एसडीपीओ अवधकिशोर यादव, इंस्पेक्टर द्वारिका राम छतरपुर अंचल, पिपरा थाना प्रभारी विमल कुमार,पुअनि हरि कृष्णा शरण, झारखंड जगुआर रांची,पुअनि रूलेश रंजन, झारखंड जगुआर, रांची,पुअनि अजीत कुमार, झारखंड जगुआर, रांची,पुअनि कुलेश्वर महतो पीपरा थाना,सअनि कॉसमोश भेंगरा झारखंड जगुआर,सअनि तसतुक अंसारी पीपरा थाना,पीपरा थाना के सशस्त्र बल, जैप-08 के सशस्त्र बल, झारखंड जगुआर के सशस्त्र बल शामिल थे।

## लक्ष्मी चंद्रवंशी होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** लक्ष्मी चंद्रवंशी होमियोपैथी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सह रिसर्च सेंटर द्वारा बिश्रामपुर के रेड रोज पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य रमेशचंद्र सिंह व विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में मरीजों का जांच व उपचार आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ रवींद्र राय,डॉ कौशलेंद्र कुमार,डॉ ज्ञानेंद्र कुमार,डॉ श्याम सुंदर प्रसाद,डॉ संदेश कुमार,डॉ अजमा समरिन,रतनबाला,ममता कुमारी, नीतू कुमारी,चांदनी कुमारी,अभय कुमार,संजय कुमार व अंकिता कुमारी ने किया। शिविर में 155 मरीजों का निःशुल्क जांच व उपचार होमियोपैथिक पद्धति से किया गया। मौके पर रेड रोज पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षक मौजूद थे।

## आचार संहिता लागू होते ही पांकी में हटाये गये बैनर और पोस्टर



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होते ही पुलिस और प्रशासन सक्रिय हो गया है। पांकी सीओ राजकुंवर सिंह ने पुलिस प्रशासन टीम के साथ शुक्रवार को पांकी के चौक, चौराहा एवं बाजार मे बाइक से ट्रेफिक नियम का पालन करते हुए हेलमेट लगाकर अलग - अलग स्थानों पर लगे हुए विभिन्न राजनितिक पार्टियां के बैनर और पोस्टर हटवा दिया है। बाइक से निकलने का कारण यह था की शुक्रवार को पांकी मे बाजार लगता है, जिससे चारपाहिया वाहन से चलने के बाद जाम लग सकता था। सीओ राजकुंवर सिंह ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन की सहयोग से पांकी के अलग - अलग स्थानों पर लगे विभिन्न राजनितिक पार्टियों के बैनर और पोस्टर हटा दिया गया है।आचार संहिता लागू होने के बाद अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान आगे भी बृहद रूप से जारी रहेगा।

## बिश्रामपुर विस क्षेत्र के आठ प्रत्याशियों ने खरीदा नामांकन पत्र



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव का नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गयी। पहले दिन बिश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र के कुल आठ प्रत्यासियों ने नामांकन पत्र खरीदा। पूर्व विस प्रत्यासी अंजू सिंह के लिए अंजू अभिमन्यु टीम के मीडिया प्रभारी राहुल दुबे ने नामांकन पत्र लिया। साथ में टीम के युवा नेता मंटू सिंह भी मौजूद रहे। दूसरा नामांकन पत्र भाकपा माले मास लाइन के उम्मीदवार डॉ अनिल मिस्त्री ने खरीदा। इसके अलावा बसपा नेता गोपाल राम, राजद नेता नरेश प्रसाद सिंह, राजीव रंजन पांडेय, रौशन सिंह, सिराजुद्दीन खान और शाहने आरा खान ने भी नामांकन पत्र खरीदा है।

## क्षेत्र में घूम-घूम कर लोगों को 23 अक्टूबर को नामांकन रैली में चलने का दे रहे निमंत्रण



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** झारखंड युवा विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह बिश्रामपुर मझिआंव विधानसभा प्रत्यासी रजनीश रंजन दुबे उर्फ विकाश दुबे आगामी 23 अक्तूबर को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इसकी जानकारी खुद विकाश दुबे ने पत्रकारों को दी। दुबे ने शुक्रवार को विश्रामपुर विस क्षेत्र के दर्जनों गांव का भ्रमण कर लोगों को नामांकन रैली में चलने हेतु आमंत्रित किया। श्री दुबे ने कहा कि सेवाभाव के साथ राजनीत मे आया हूं। बिश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र के विकास का मॉडल भी साथ लेकर आया हूं। हमारे पास विकास का सिर्फ विजन ही नहीं है बल्कि उसका रोड मैप भी तैयार है। मौका मिला तो बगैर किसी भेदभाव के न्याय के साथ क्षेत्र का विकास होगा। जिसमें सबकी भागीदारी भी सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने दावा किया कि नामांकन रैली में दस हजार से भी ज्यादा लोग शामिल होंगे। मौके पर पार्टी के कई कार्यकर्ता और काफी संख्या मे आम लोग मौजूद थे।

## हुसैनाबाद में पहले दिन चार प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा खरीदा

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** एसडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी कृष्णकांत कनवड़िया ने बताया कि नामांकन के पहले दिन किसी अभ्यर्थी ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। दो निर्दलीय और दो राजनीतिक दल के प्रत्याशियों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा हैं। जिसमें मनोज मेहता निर्दलीय ग्राम सजवन, बीरेंद्र कुमार बसपा, ग्राम वीरधवर, संजय कुमार सिंह यादव राजद ग्राम पुरंदर विगहा और नरेश पासवान गम्हरिया निर्दलीय का नाम शामिल है। नामांकन की प्रक्रिया को लेकर हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दिया गया है। वहीं नामांकन स्थल पर बड़ी संख्या में दंडाधिकारियों और पुलिस जवानों की तैनाती की गयी है।

## मालगाड़ी की चपेट में आकर मां-बेटे की हुई मौत



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** बीड़ी रेल खंड के जपला स्टेशन के समीप सैदाबाद पुल के नजदीक शुक्रवार की दोपहर करीब दो बजे एक महिला और उसके पुत्र की मालगाड़ी की चपेट में आकर मौत हो गयी। महिला की उम्र करीब 30 वर्ष व बच्चे की उम्र लगभग 5 वर्ष बताया जाता है। सूचना पर पहुंची आरपीएफ टीम ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। आरपीएफ के एसआई कार्तिक बिंझा ने बताया कि मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी है। महिला ने आत्महत्या की या भूलवश ट्रेन की चपेट में आ गयी। इसकी जांच की जा रही है। मृतक की शिनाख्त व अग्रेतर कारवाई के लिए जीआरपी को सूचना दे दी गयी है। समाचार लिखे जाने तक मृतक महिला और बच्चे का शिनाख्त नहीं हो सका था।

## पंसा में आज से भागवत कथा शुरू, 21 से 26 तक होगा श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ

**हैदरनगर (आजाद सिपाही)।** मोहम्मदगंज प्रखंड सह हैदरनगर थाना क्षेत्र के पंसा में कोयल नदी के संगम पर श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी शुरू की गई है। यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह, सचिव अश्विनी कुमार सिंह और समाजसेवी उपेंद्र सिंह ने बताया कि इस महायज्ञ में महान मनीषी संत परम पूज्य श्री स्वामी जी महाराज के शिष्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज का आगमन होगा। 19 अक्टूबर से भागवत कथा जबकि 21 से 26 अक्टूबर तक महायज्ञ होगा। 21 को जलयात्रा भ्रमण के बाद कोयल व सोन नदी के संगम से जलभरी कर पुनः वापस यज्ञ मंडप श्रद्धालू आयेंगे। 22 को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अग्नि प्रज्वलन के साथ महायज्ञ का शुभारंभ स्वामी जी के मुखारविंद से होगा। प्रतिदिन कथा व प्रवचन के साथ 26 को महायज्ञ की पूणार्हुति महाभंडारा से होगी। इस अनुष्ठान को सफल बनाने के लिये यज्ञ कमेटी का गठन भी किया गया है। जिसमें सत्येंद्र सिंह अध्यक्ष, अश्विनी कुमार सिंह सचिव, उदय प्रताप सिंह कोषाध्यक्ष, नगीना सिंह उपकोषाध्यक्ष, बसंत सिंह उपाध्यक्ष, बिगन महतो, श्रीराम सिंह, मृत्युंजय सिंह, अशोक सिंह, प्रमोद चौधरी, बसंत राम, अरुण राम और नंदलाल मेहता, संगठन मंत्री, पप्पू सिंह, जितेन्द्र सिंह, जेपी मेहता, मीडिया प्रभारी चंदन मेहता व धर्मेन्द्र सिंह संयोजक, भरत सिंह, अरविन्द सिंह, मनोज सिंह, संतोष मेहता, एजी मेहता, उदय मेहता, उमेश विश्वकर्मा, अजीत सिंह, लवकुश सिंह, रवि सिंह, नीरज मेहता, कमलेश सिंह, श्रवण सिंह, राहुल चंद्रवंशी, अर्जुन, विवेक, गोलू, बिट्टू, गोलू, राजा, सौरभ, अभय, जयकुश मेहता कार्यकारणी सदस्य के अलावे समस्त ग्रामीण जनता के सहयोग व भूमिका सक्रिय रहेगा। बनाने में अहम भूमिका रहेगा।

# पलामू में स्वीप कार्यक्रम संचालित कर लोगों को 13 नवंबर को वोट डालने को लेकर किया जा रहा प्रेरित

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में 13 नवंबर को वोटिंग होना है। इस दिन सभी मतदाता बढ़चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें इसे लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। यह कार्य जिले के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में किया जा रहा है। इस अभियान का शुभारंभ सर्वप्रथम उन बूथों से किया गया जहां पिछले चुनाव में कम वोट पड़े थे। ऐसे सभी कम मतदान वाले बूथों को चिन्हित करते हुए बीएलओ द्वारा उन बूथों अंतर्गत आवासन कर रहे मतदाताओं के घर-घर जाकर उन्हें मॉकपोल के माध्यम से मतदान करने को लेकर प्रेरित किया गया। जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्र में कैलेंडर के अनुसार चलाया जा रहा कार्यक्रम स्वीप का यह कार्यक्रम सभी विधानसभा में चलाया जा रहा है।इसके लिये किस दिन,कौन सा कार्यक्रम, कहां चलाना है संबंधित कैलेंडर तैयार किया गया है। दिनांक 15 अक्टूबर को भीम चूल्हा, वहीं 16 अक्टूबर को डालटनगंज विधानसभा अंतर्गत रामगढ़, सतबरवा, चैनपुर और मेदिनीनगर के गांवों में चौपाल लगाकर लोगों को वोट देने को लेकर प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में मजदूरों के बीच भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया है। महिलाएं हाथों में महेंदी लगाकर, समूह में शपथ दिलाकर लोगों को कर रही मतदान के प्रति जागरूक मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर जेएसएलपीएस की महिलायें अपने हाथों में 13 नवंबर को मतदान सबंधी मेहंदी लगाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक कर रही है। इसी तरह कहीं रंगोली बनाकर 13 नवंबर को मतदान करने को लेकर अपील किया जा रहा है। महिलाऐं ग्रामसभा के माध्यम से चुनाव पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं। इसी तरह रविवार को सतबरवा के मलय डैम में विभिन्न प्रकार के जल क्रीड़ा कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को मतदान करने को लेकर प्रेरित किया जायेगा।

# गौशाला परिसर में गोपाल कृष्ण का मंदिर होना चाहिए: जीयर स्वामी


आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पलामू गौशाला परिसर में परम पूज्य जियर स्वामी जी का आगमन हुआ। गौशाला की समिति ने उनका भरपूर स्वागत किया और उनके आगमन के पश्चात स्वामी जी को गौशाला की भौतिक स्थिति और जमीन के बारे में पूरी जानकारी दी। स्वामी जी को जानकर अच्छा लगा कि गौशाला परिसर के पास पलामू में इतना बड़ा इतनी बड़ी संपत्ति है। उन्होंने अपने कर कमल से गौ माता को गुड और बेसन खिलाया और उसके पश्चात गौ माता की आरती की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि हमारा हर सनातनी का यह धार्मिक कर्तव्य है कि हम गौ माता की पूर्ण सेवा करें और सनातनी हिंदू अगर वह परिवार वाला है तो उसके लिए गौ माता की विशेष कृपा रहती है। हर हिंदू धर्म को मानने वाले को गोरक्षा एवं गौ सेवा करनी चाहिए। कार्यक्रम में सबसे पहले स्वागत करते हुए गौशाला समिति के सदस्य इंद्रजीत सिंह डिंपल ने स्वामी जी की सरलता सादगी और विश्व बंधुत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि स्वामी जी श्रेष्ठ पुरोहितों में से एक है और सनातन धर्म पर सभी को उनके आदर्शों पर चलना चाहिए ताकि हम धर्म का और जगत का कल्याण कर सकें। स्वामी जी ने इच्छाजहीर की कि गौशाला परिसर में एक कृष्ण गोपाल जी का मंदिर बने जिसको समिति के सभी सदस्यों ने अध्यक्ष अनिल कुमार पांडे, सचिव सतेंद्र पांडे, कोषाध्यक्ष नरेंद्र मेहता, प्रभारी राजीव रंजन पांडे,उदय शुक्ला, विकास तिवारी, नवल तुलस्यान, अनुपम तुलसियान, मनीष भिवानिया सहित जितने भी उपस्थित लोग थे करताल ध्वनी से मंदिर के प्रस्ताव का स्वागत किया। स्वामी जी ने आश्वासन दिया की मंदिर बनाने में किसी प्रकार का सहयोग और मार्गदर्शन होगा तो गौशाला के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे।

उन्होंने गौशाला समिति के सदस्यों को धन्यवाद दिया जिनके पास अभी लगभग 90 गोवंश है। जिसका भरपूर ख्याल समिति, दान कर्ता के सहयोग से रख रही है। श्री स्वामी जी ने पलामू की जनता को भी धन्यवाद दिया जो इतनी उदार दानी सच्ची और सरल है। जिसके चलते इतने बड़े-बड़े धार्मिक अनुष्ठान यहां पर हो चुके हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधन करते हुए अनुरोध किया कि मंदिर निर्माण में और गौशाला के कार्यों में वह भरपूर सहयोग दें ताकि आने वाले समय में यह गौशाला पूरे झारखंड में आदर्श गौशाला के स्थान पर स्थापित हो सके। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी,सामाजिक कार्यकर्ता एवं राजनीतिक कार्यकर्ता दिलीप सिंह नामधारी उनके सभी साथी के अलावा सैकड़ो की संख्या में गौ प्रेमी एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



विराट कोहली ने मुश्किल वक्त में संभाला मोर्चा
जब विराट कोहली मैदान पर उतरे तो उनसे एक शानदार पारी की उम्मीद थी।

# विराट कोहली के 9000 टेस्ट में रन पूरे, पर नहीं तोड़ सके राहुल द्रविड़-सचिन तेंदुलकर-सुनील गावस्कर का ये रिकॉड

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेंगलुरु।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में एक जबरदस्त रिकॉर्ड लिस्ट में अपनी जगह बनाई। वह टेस्ट में 9 हजार रन पूरा करने वाले भारत के चौथे बल्लेबाज बन गये हैं। उनसे पहले इस मुकाम तक महान सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ ही पहुंच सके। बेंगलुरु टेस्ट के तीसरे दिन दूसरी पारी में विराट कोहली ने हाफ सेंचुरी जड़ी। इस दौरान 42वें ओवर की चौथी गेंद पर सिंगल लेते हुए टेस्ट करियर में 9 हजार रन पूरे किये। उनकी यह पारी इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि टीम इंडिया पहली पारी के आधार पर न्यूजीलैंड से 356 रनों से पीछे थी। विराट कोहली ने मुश्किल वक्त में संभाला मोर्चा जब विराट कोहली मैदान पर उतरे तो उनसे एक शानदार पारी की उम्मीद थी। उन्होंने क्रिकेट फैंस और टीम मैनेजमेंट की उम्मीदों पर खरा भी उतरने की कोशिश की है। यशस्वी जायसवाल के आउट होने के बाद विराट कोहली को मोर्चा संभाले कुछ ही समय हुआ था कि कप्तान रोहित शर्मा का विकेट गिर गया। वह हाफ सेंचुरी बनाकर दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से बोल्ड हुए। इसके बाद कोहली ने युवा सरफराज खान के साथ पारी संभाली। दोनों टीम को 200 रनों के पार पहुंचाया। विराट कोहली ने 197 पारियों में पूरे किए 9 हजार टेस्ट रन इस दौरान विराट कोहली पूरे लिय में दिखे। उन्होंने यशस्वी और रोहित को आउट करने वाले एजाज पटेल को छक्का भी लगाया। खैर, 9 हजार रन तक पहुंचने के लिए विराट कोहली को 197 पारी लगी, जबकि उनके सीनियर महान गावसकर, तेंदुलकर और द्रविड़ ने उनसे कम पारियों में यह आंकड़ा छुआ था। सुनील गावस्कर भारत के लिए टेस्ट में 9 हजार रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज थे। उन्होंने 1985 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में यह मुकाम हासिल किया था। उन्हें 192 पारियां लगी थीं। सचिन, गावस्कर और द्रविड़ का रिकॉर्ड नहीं तोड़ सके दूसरी ओर, सचिन तेंदुलकर ने 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट में 9 हजार रन पूरे किए थे। सचिन ने 179 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की, जबकि पूर्व कोच राहुल द्रविड़ को सबसे कम 176 पारियां ही लगीं। उन्होंने 2006 में किंग्सटन टेस्ट में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट करियर के 9 हजार रन पूरे किये।

# मेदांता में भर्ती राजद के सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता से मिले विधायक

बताया गया कि पुनः अचानक ब्रेन हेमब्रेज होने पर स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के रांची रेफर कर दिया गया था।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हैदरनगर।** प्रखंड मुख्यालय सह हैदरनगर पश्चिमी पंचायत के भाई बिगहा निवासी अजहर अली उर्फ चिंटू खान (50 वर्ष) का दस दिनों से मेदांता रांची में गहन चिकित्सा किया जा रहा है। गत नौ अक्टूबर को इनका उच्च रक्तचाप के बाद लकवाग्रस्त हो गये। बताय गया कि पुनः अचानक ब्रेन हेमब्रेज होने पर स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के रांची रेफर कर दिया गया था। इसके बाद इनका गहन इलाज मेदांता रांची में जारी है। चिकित्सकों के अनुसार इनके स्वास्थ्य में काफी सुधार आया है। अजहर अली राजद के प्रदेश महासचिव व समर्पित नेता अब तक लंबे समय से रहे हैं। राजद नेता मो. रिजवान खान, पाले खान, अरविन्द दास, बलि यादव सहित अन्य की सूचना पर पार्टी के क्षेत्रीय विधायक सह प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव रांची स्थित मेदांता हॉस्पिटल जाकर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने कहा कि बीमार अजहर अली राजद के ही नहीं, बल्कि उनके पुराने साथी व लंबे समय से सक्रिय व समर्पित कार्यकर्ता हैं। उनका ब्रेन हेमब्रेज की खबर सुनकर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की चिंता उन्हें है।

## वाणी देवी को टुंडी विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाये जाने की उठी मांग



**तोपचांची (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रंगरीटाड, दुमदुमी पंचायत के रविदास टोला तुरी टोला आदि क्षेत्रों में ग्रामीणों की शुक्रवार को बैठक हुई। जिसमें जिला परिषद क्षेत्र संख्या 15 राजगंज क्षेत्र की सदस्या को विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाये जाने की मांग उठी। बैठक में उपस्थित सदानंद महतो ने कहा कि वाणी देवी महिलाओं की नेत्री हैं। वह झारखंड की भाषा संस्कृति, पर्व-त्योहारों को बचाने के लिए लगातार संघर्षरत रही है। टुसू पर्व, करमा और डहरे सोहराय आदि त्योहारों को वृहद आकार देकर विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर सभी महिलाओं को संगठित कर चुकी हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता बसंत शर्मा व संचालन संजय सिन्हा ने किया। इस मौके पर उमा साव, रूपलाल ठाकुर, राजेश भगत, मोहन कुमार महतो, हुबलाल महतो, राजन स्वर्णकार, ईश्वर प्रसाद महतो, कौशल्या देवी, शीला देवी, रेखा देवी, अनीता देवी, उर्मिला देवी, ननकी देवी आदि मौजूद थे।

## कार्यक्रमों के आयोजन से एक-दूसरे से मिलने और समझने का मिलता है मौका : डिप्टी कमांडेंट



**धनसार (आजाद सिपाही)।** धनसार सीआईएसएफ कैंप में सीआईएसएफ जवानों की ओर से शुक्रवार को बड़ाखाना का आयोजन किया गया। जिसमें मौजूद सीआईएसएफ अधिकारी, जवान व बीसीसीएल अधिकारियों ने तरह-तरह के व्यंजन का आनंद लिया। सीआईएसएफ जवानों ने आगंतुक डिप्टी कमांडेंट ध्रुव प्रताप सिंह गुर्जर व सहायक कमांडेंट भारत यादव को भी सम्मानित किया। इस दौरान डिप्टी कमांडेंट ने कहा कि ऐसे आयोजन से एक-दूसरे से मिलने व समझने का मौका मिलता है। इसलिए ऐसे आयोजन अक्सर होते रहने चाहिए। इस दौरान अधिकारियों से बातचीत कर बीसीसीएल की सुरक्षा पर भी चिंतन-मंथन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कुसुंडा के सीआईएसएफ इंस्पेक्टर संजय सिंह की ओर से किया गया था। मौके पर कुसुंडा के मुख्य अभियंता अरूण कुमार सिंह, ऐना कोलियरी पीओ एके झा, धनसार कोलियरी पीओ संजय कुमार, दिलीप कुमार के अलावा गोंदुडीह, अलकुसा, ऐना, धनसार व कुसुंडा के अधिकारी शामिल हुए।

## अवैध शराब बिक्री स्थलों पर उत्पाद विभाग की छापामारी, एक गिरफ्तार



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** डीसी विजया जाधव के निर्देश पर जिला उत्पाद टीम ने चास थाना क्षेत्र के आईटीआई मोड़ एवं चास चेक पोस्ट क्षेत्र में संचालित अवैध शराब बिक्री स्थल पर छापामारी की। इस दौरान मौके से 82.2 लीटर देशी (बंगला) एवं महुआ शराब जब्त किया गया। छापामारी के क्रम में आइटीआइ मोड़ चास के होटल से बद्रीनाथ महतो नामक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया, जिसे बाद में जेल भेज दिया गया। लगे हाथ अन्य आरोपितों पर उत्पाद अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। छापामारी दल में निरीक्षक उत्पाद विजय पाल, अवर निरीक्षक सदर सह तेनुघाट सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक बेरमो सह चंद्रपुरा महेश दास शामिल थे।

## एसएनएमएमसीएच में वर्कशॉप का आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज के माइक्रोलॉजी विभाग की ओर से शुक्रवार को वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें धनबाद के साथ ही जामताड़ा, बोकारो, गिरिडीह और दुमका के लैब टेक्नीशियन और काउंसलर को प्रशिक्षण दिया गया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉक्टर केके लाल और अधीक्षक मौजूद थे। डॉक्टर केके लाल और अधीक्षक ने ईक्यूएनएल व एनएबीएल से संबंधित जानकारी और प्रयोगशाला की गुणवत्ता की आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागा अध्यक्ष डॉ सुजीत कुमार तिवारी ने कहा कि प्रयोगशाला के ईक्यूएनएल और एनएबीएल संबंधित प्रशिक्षण प्रदान की। डॉ राजकुमार विभाग ने पैथोलॉजी के एचओडी और डॉ रवि कुमार झा ने लैब की गुणवत्ता के लिए आवश्यक तकनीक संबंधित बातें बताई। डॉक्टर अजय कुमार ने लैब अवेयरनेस से संबंधित अपने अनुभव साझा किया। माइक्रोबायोलॉजी विभाग की शिवानी कुमारी, श्यामपद भंडारी, सुरेंद्र यादव, मेहतान, राजेश कुमार दास आदि ने वर्कशॉप को सफलता बनाने में योगदान दिया।

## गार्ड की तत्परता से टला बड़ा हादसा

**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** शहरपुरा बाजार छह नंबर टाइप के सामने मेंन रोड के बगल में स्थित मार्केट में संजय सिंह उर्फ चुन्ना की पूजा भंडार नामक दुकान है, जिसमें बिजली के खंभे से निकली चिंगारी से आग लग गयी। देखते ही देखते नीचे दुकान में आग फैल गई। शाहपुरा बाजार के नाइट गार्ड रवींद्र कुमार विश्वकर्मा ने तुरंत इसकी सूचना सिंदरी चेंबर के अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू को दी। जिसके बाद बिजली विभाग के लोकेश बनर्जी को दीपक ने फोन कर घटना की जानकारी दी और अविलंब बिजली कनेक्शन बंद करने का आग्रह किया। दीपक ने ही आग लगने की सूचना सिंदरी फायर ब्रिगेड को भी दी। वहीं, अग्निशमन की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गयी और आग को बुझा दिया। इससे एक बड़ा हादसा टल गया। वहीं, सिंदरी थाना प्रभारी संजय कुमार एवं पेट्रोलिंग पार्टी ने भी तत्परता दिखाई और फायर ब्रिगेड को त्वरित कार्रवाई के लिए कहा। उधर, दुकानदार संजय सिंह ने बताया कि दीपावली के लिए काफी सामान मंगाया था, जो आग लगने से जलकर खाक हो गये। इससे उन्हें काफी नुकशान हुआ है। वहीं, आग बुझाने में छह टाइप के निवासियों ने भी मदद की।

### डीसी और एसएसपी ने किया इंटर स्टेट चेक पोस्ट का निरीक्षण

# सभी वाहनों और आने-जाने वालों की बारिकी से जांच करें : उपायुक्त



इंटर स्टेट चेक पोस्ट का निरीक्षण करती डीसी माधवी मिश्रा, एसएसपी व अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** विधानसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में 11 इंटर स्टेट एवं पांच इंटर जिलाचेक पोस्ट बनाए गए हैं। जिससे गुजरने वाले हर वहनों की जांच की जा रही है। इसी संदर्भ में शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हृदीप पी जनार्दनन ने मैथन स्थित इंटर स्टेट चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में डीसी ने चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सुरक्षा कर्मियों को जिले में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की सघन जांच करने और वाहनों का रजिस्ट्रेशन नंबर व मालिक का नाम, पता, मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिया। साथ ही भारी मात्रा में नगदी, शराब, ज्वेलरी, नशीले पदार्थ सहित मतदाताओं को प्रलोभन देने वाली अन्य सामग्रियां मिलने पर जब्त करने का निर्देश दिया। वहीं, एसएसपी ने छोटे वहनों के साथ ही बड़े वाहनों की भी जांच करने का निर्देश दिया। इस मौके पर निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला, निरसा बीडीओ इंद्रलाल ओहदार, एगारकुंड बीडीओ मधु कुमारी आदि मौजूद थे।

### वल्नरेबल मतदान केंद्र का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीसी माधवी मिश्रा और एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन महोदय ने शुक्रवार को निरसा विधानसभा क्षेत्र के 2 मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने निरसा के मदनपुर स्थित मध्य विद्यालय (पूर्व भाग) के मतदान केंद्र संख्या 220 एवं मध्य विद्यालय (पश्चिम भाग) के वल्नरेबल मतदान केंद्र संख्या 222 का निरीक्षण किया। इस दौरान वरीय पदाधिकारियों ने मतदान केंद्रों के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठक करने, मतदान केंद्रों पर सभी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने, मतदाताओं को जागरूक करने आदि का निर्देश दिया। वहीं, वल्नरेबल मतदान केंद्र संख्या 222 के मतदाताओं को भयमुक्त होकर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई। पदाधिकारियों ने स्थानीय लोगों को भरोसा दिया कि चुनाव के दौरान मतदाताओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल मौजूद रहेंगे। इस मौके पर निरसाएसडीपीओ रजत माणिक बाखला, निरसा बीडीओ इंद्रलाल ओहदार आदि मौजूद थे।

# चुनाव को त्योहार की तरह समझें : डीडीसी



**कहा - खुद भी मतदान करें व दूसरों को भी मताधिकार के लिए प्रेरित करें**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** स्वीप जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले के सभी प्रखंडों में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इसके तहत विभिन्न प्रखंडों में क्विज, मेहंदी, वाद विवाद प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, रंगोली प्रतियोगिता एवं मतदाता शपथ लिया गया। साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया गया। उक्त सभी कार्यक्रमों में जिले से सभी वरीय पदाधिकारी शामिल हुए। इसी कड़ी में डीडीसी गिरिजा शंकर प्रसाद चंद्रपुरा प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए और बीएलओ की ओर से निकाले गए जागरूकता रैली में शामिल हुए। साथ ही प्रखंड कार्यालय में प्रखंड स्तरीय कर्मियों के साथ बैठक की एवं मतदाता क्विज प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो दिया। दूसरे प्रखंडों में भी वरीय पदाधिकारियों द्वारा मतदाता जागरूकता की गतिविधियों के कार्यक्रमों में शामिल हुए एवं लोगों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की।

डीडीसी ने मतदाताओं से कहा कि मतदान को त्योहार की तरह समझें। खुद भी मतदान करें और अपने आसपास रहने वाले मतदाताओं को भी शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करें। व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के संचालन के लिए मैराथन, वॉल पेंटिंग, सफाई अभियान, पौधारोपण, चुनावी वार्ता आदि विभिन्न गतिविधियां आयोजित करें।

# बीडीओ गोमिया ने बीएलओ, डीलर व जेएसएलपीएस के साथ की बैठक



**गोमिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर बीडीओ महादेव कुमार महतो ने बीएलओ, डीलर एवं जेएसएलपीएस सदस्यों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता को लेकर सभी सदस्य अपने-अपने बूथ क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक करेंगे। पिछले चुनाव में जिस बूथ पर मतदान का प्रतिशत कम था। उस बूथ क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक कर इस बार मतदान का प्रतिशत बढ़ाना है। इसी तरह जगह-जगह मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रभात फेरी, चाय चौपाल, क्विज प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, रात्रि चौपाल, मतदाताओं को शपथ दिलाना आदि कार्यक्रम आयोजित करना है। घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना है। मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करवाना है। बीडीओ ने कहा कि दिव्यांग एवं 85 वर्ष के ऊपर के मतदाताओं के लिए बूथ तक जाने के लिए वाहन उपलब्ध कराना है। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी आरके मिश्रा, सोनू कुमार, मुरली रविदास, रविशंकर पासवान, सीता देवी, सुलक्षणा देवी, अनिता देवी, देवंती देवी, प्रीति देवी, पूनम देवी आदि उपस्थित थे।

# कुसुंडा में मतदाता जागरूकता समूह के सदस्यों की बैठक



**केंदुआडीह (आजाद सिपाही)।** कुसुंडा प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को विधानसभा चुनाव 2024 के स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता समूह के सदस्यों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीएलओ सह नोडल पदाधिकारी शांति देवी ने की। बैठक में सुरेंद्र रवानी, भोला नाथ राम, सुनीता कुमारी, शांति देवी, सुनीता कुमारी, सुधा देवी, आशा देवी, लक्ष्मी देवी, पार्वती देवी, रिया देवी, आशा देवी, मेहरून खातून और मुद्रिका भुइया आदि मौजूद थे।

### विस चुनाव की तैयारियों को लेकर झामुमो के बूथ स्तरीय सदस्यों की बैठक

# मंत्री बेबी देवी और हेमंत सरकार के विकास कार्यों से जनता को अवगत करायेंगे: सुभाष



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडारीदह/बेरमो।** विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो की चंद्रपुरा एवं नावाडीह प्रखंड के कार्यकर्ताओं एवं बूथ स्तरीय सदस्यों की बैठक शुक्रवार को सिंगारी मोड स्थित बीएड कॉलेज परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता सुभाष चंद्र महतो ने की। बैठक में चंद्रपुरा प्रखंड के 45 एवं नावाडीह प्रखंड के 129 बूथ के सक्रीय कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में कहा कि दिवंगत मंत्री जगरनाथ महतो एवं मंत्री बेबी देवी द्वारा जनहित में किए गए विकास कार्य को मतदाताओं के समक्ष रखना है। हर बूथ कार्यकर्ता को 'अपना बूथ सबसे मजबूत' के पक्के ईरादे के साथ काम करने की जरूरत है। वहीं, झामुमो के जिला सचिव जयनारायण महतो ने कहा कि दिवंगत जगरनाथ महतो ने डुमरी विधानसभा को संवारा था। उनके द्वारा ही लायी गई योजनाओ में कोनार नदी का पेयजल अब उपरघाट सहित डुमरी विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में मिलेगा। नेतरहाट की तर्ज पर नावाडीह प्रखंड में स्कूल दी गई है। चंद्रपुरा एवं नावाडीह प्रखंड की जनता के आवागमन को सुलभ बनाने के लिए पांच पीडब्ल्यूडी सड़क सहित 200 से अधिक सोलर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, तारानारी में संस्कृत विद्यालय, बालिका आवासीय विद्यालय, पिछड़ी जाती आवासीय विद्यालय सहित कई कॉलेज देकर जनता को आगे बढाया। वर्तमान में मंत्री बेबी देवी भी अपने दिवंगत पति जगरनाथ महतो के पद चिन्हों पर चलते हुए विकास कार्य कर रही है। मंत्री बेबी देवी ने ही सबसे बडी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना लागू कर महिलाओं एवं बच्चियों को सबल बनाया। इसलिए डुमरी के हर कार्यकर्ता अपना बूथ सबसे मजबूत के लिए काम करेगा। वक्ताओं ने कहा कि वोट कैसे बढे इस पर ध्यान देने की जरूरत है। बूथ कमेटी को दो दिन के अंदर पूरा करने की बात कही गई। कार्यक्रम का संचालन सोनाराम हेम्ब्रम ने किया। इस मौके पर अखिलेश महतो, लोकेश्वर प्रसाद महतो, जयलाल महतो, बालेश्वर महतो, योगेंद्र प्रसाद, गोविंद रजक, जयनाथ महतो और बालमुकुंद महतो सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।


## जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(कार्मिक कोषांग)

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विधान सभा निर्वाचन, 2024 के लिए चुनाव कार्य में लगाये जाने वाले मतदान कर्मियों को चिकित्सकीय कारणों से चुनाव कार्य से मुक्त किये जाने के निमित्त; समर्पित आवेदनों के आलोक में संबंधित पदाधिकारियों/कर्मियों का मेडिकल बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य जाँच कराया जायेगा।

इस निमित चुनाव कार्य में लगाये जाने वाले पदाधिकारी/ कर्मी; जो गंभीर रूप से बीमार/ अस्वस्थ्य/ विकलांग (पी0डब्लू0डी) हैं, वे दिनांक 21–10–2024 तक अपना आवेदन (सभी चिकित्सीय कागजातों/ प्रमाण–पत्र की प्रति के साथ) कार्मिक कोषांग, कोडरमा में समर्पित करेंगे। दिनांक 21–10–2024 के उपरान्त आकस्मिकता की स्थिति को छोड़कर चुनाव कार्य से मुक्त किये जाने संबंधी आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। उन्हें चुनाव कार्य में यथावत् प्रतिनियुक्त रखा जायेगा तथा कार्य नहीं करने या अनुपस्थित रहने पर संबंधित के विरूद्ध विधि सम्मत् कार्रवाई की जायेगी।

मेडिकल बोर्ड की विवरणी

| स्थान | समय |
|---|---|
| सिविल सर्जन का कार्यालय, कोडरमा | 11:00 पूर्वा० से 3:00 अप० तक |

आदेशानुसार
ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह– उपायुक्त, कोडरमा

PR 339275 (Election)24-25*D



## जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, लातेहार
(जिला निर्वाचन शाखा)

**–::आदेश::–**

लोक प्रति निधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं **उत्कर्ष गुप्ता (भा0प्र0से0)** जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लातेहार विधान सभा आम निर्वाचन–2024 के निमित्त दिनांक07.11.2024 से मतदान प्रक्रिया की समाप्ति कलातेहार जिला अन्तर्गत सभी अधिसूचित मतदान केन्द्रों/इंटरमीडिएट स्ट्रॉग रूम के रूप में चिन्हित भवनो को कैम्पस/उपस्कर सहित अधिग्रहण करता हूँ। साथ ही सभी संबंधित कार्यालय प्रधान को आदेशित करता हूँ कि वे संबंधित भवनों को चुनाव कार्य हेतु जिला प्रशासन, लातेहार को (उपस्कर सहित) उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार

PR 339243 Election(24-25)#D



## झारखण्ड सरकार
कार्यालय,उपायुक्त–सह–जिला दंडाधिकारी,राँची
(जिला जन सम्पर्क इकाई,राँची)

**आदेश**

विधान सभा आम चुनाव 2024 के दौरान चुनाव प्रचार के लिए मुद्रण सामग्रियों के उपयोग के संबंध में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम–1951 की निम्नांकित धारा के तहत सूचित किया जाता है कि:–

[(1) 127 (क) पुस्तिकाओं, पोस्टरों आदि के मुद्रण पर निर्बन्धन (1) कोई भी व्यक्ति कोई ऐसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर जिसके मुख्य पृष्ठ पर उसके मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते न हो; मुद्रित या प्रकाशित न करेगा और न मुद्रित या प्रकाशित कराएगा।

(2) कोई भी व्यक्ति किसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर को–

(क) उस दशा में के सिवाय न तो मुद्रित करेगा और न तो मुद्रित कराएगा जिसमें वह उसके प्रकाशक की अनन्यता के बारे में अपने द्वारा हस्ताक्षरित और ऐसे दो व्यक्तियों द्वारा जो उसे स्वयं जानते हैं अनुप्रमाणित द्विप्रतीक घोषणा मुद्रक को परिदत्त कर देता है; तथा

(ख) उस दशा में के सिवाय न तो मुद्रित करेगा और न तो मुद्रित कराएगा जिसमें कि मुद्रक घोषणा की एक प्रति दस्तावेज की एक प्रति के सहित–

(i) उस दशा में जिसमें कि वह राज्य की राजधानी में मुद्रित की जाती है, मुख्य निर्वाचन ऑफिसर को, तथा

(ii) किसी अन्य दशा में उस जिले के जिसमें कि वह मुद्रित की जाती है जिला मजिस्ट्रेट को दस्तावेज के मुद्रण के पश्चात युक्तियुक्त समय के भीतर भेज देता है।

(3) इस धारा के प्रयोजनों के लिए –

(क) दस्तावेज की अनेकानेक प्रतियां बनाने की किसी ऐसी प्रक्रिया की बाबत जो हाथ से नकल करके ऐसी प्रतियां बनाने से भिन्न हैं, यह समझा जाएगा कि वह मुद्रण है, और "मुद्रक" पद का अथ तदनुसार लगाया जाएगा; तथा

(ख) "निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर" से किसी अभ्यर्थी या अभ्यर्थियों के समूह के निर्वाचन को सम्प्रवर्तित या प्रतिकूलतः प्रभावित करने के प्रयोजन के लिए वितरित कोई मुद्रित पुस्तिका, पर्चा या अन्य दस्तावेज या निर्वाचन के प्रति निर्देश करने वाला कोई प्लेकार्ड या पोस्टर अभिप्रेत है, किन्तु किसी निर्वाचन सभा की तारीख, समय, स्थान और अन्य विशिष्टयों को केवल आख्यापित करने वाला या निर्वाचन अभिकर्त्ताओं या कार्यकर्त्ताओं को चर्या संबंधी अनुदेश देने वाला कोई पर्चा, प्लेकार्ड या पोस्टर इसके अन्तर्गत नहीं आता।

(4) जो कोई व्यक्ति उपधारा (1) या उपधारा (2) के उपबंधों में से किसी का उल्लंघन करेगा वह कारावास से, जिसकी अवधि 6 (छः) मास तक की हो सकेगी या जुर्माने से, जो दो हजार रूपये तक का हो सकेगा, या दोनों से, दण्डनीय होगा।]

अतः मुद्रक द्वारा प्रिंट सामग्री प्रिटिंग के तीन दिनों के अन्दर सामग्री की चार प्रति में प्रकाशक के घोषणा पत्र के साथ प्रभारी पदाधिकारी, आदर्श आचार संहिता कोषांग (विधानसभा चुनाव 2024), लेखा दल एवं अभ्यर्थी व्यय लेखा कोषांग (विधान सभा चुनाव–2024) तथा जिला निर्वाचन कार्यालय, राँची को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। अधिनियम की धारा 77(1) के तहत प्रत्याशियों द्वारा चुनाव सामग्री के व्यय का विवरण निर्वाचन लेखा व्यय में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाएगा।

किसी प्रत्याशी व्यक्ति के द्वारा उल्लंघन करते हुए पाये जाने पर अधिनियम के प्रावधानों के तहत विहित दण्ड अधिरोपित किया जाएगा एवं भारतीय दण्ड संहिता के सुसंगत धाराओं के अधीन आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी,
राँची

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–
उपायुक्त,राँची

PR 339283 (District)24-25*D

# भारती एयरटेल के एआई - पावर्ड नेटवर्क सॉल्यूशन से ओड़िशा ने स्पैम कॉल्स और एसएमएस को कहा अलविदा

● एयरटेल ग्राहकों के लिए यह सेवा सभी डिवाइसों पर नि:शुल्क और स्वचालित रूप से सक्रिय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भारती एयरटेल के नये एआई-पावर्ड स्पैम डिटेक्शन सिस्टम ने ओड़िशा में ग्राहकों को बड़ी राहत प्रदान की है। इस अत्याधुनिक तकनीक लॉन्च के 20 दिन में ओड़िशा में लगभग 54 मिलियन संभावित स्पैम कॉल और 2 मिलियन स्पैम एसएमएस की सफलतापूर्वक पहचान की गई है। राज्य के सभी एयरटेल मोबाइल ग्राहक अब सेवा अनुरोध किए बिना या बिना ऐप डाउनलोड किए भी इसका लाभ उठा सकते हैं।

स्पैम डिटेक्शन लॉन्च पर भारती एयरटेल, ओड़िशा के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, बालाजी सिंह ने कहा कि जिस तरह से कनेक्टिविटी बढ़ रही है, उसी तरह ग्राहकों को फ्रॉड और स्कैम जैसी घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है, जो उनमें असुरक्षा और डर का भाव पैदा करता है। इन डिजिटल खतरों से निपटने के लिए एयरटेल अपने ग्राहकों को एआई-ड्रिवन सॉल्यूशन देते हुए गर्व की अनुभूति कर रहा है, जो संदिग्ध स्पैम कॉल और मेसेज की पहचान करता है। अशुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर एयरटेल अपने 19.2 ग्राहकों की सुरक्षा बढ़ा रहा है। इस पहल के माध्यम से, एयरटेल ने ग्राहकों की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है और एक भरोसेमंद पार्टनर के रूप में इंडस्ट्री में नए मानक स्थापित किए हैं, जो अपने ग्राहकों की सुरक्षा और मानसिक




शांति को प्राथमिकता देता है।

एयरटेल के डेटा वैज्ञानिकों द्वारा इस एआई-सक्षम सेवा को बनाने में एक विशेष एल्गोरिद्म का उपयोग किया गया है, जो कॉल और एसएमएस को ₹ससस्पेक्टेड स्पैमर₹ के रूप में पहचानता है। नेटवर्क, एआई एल्गोरिद्म की मदद से, रियल-टाइम में यह मॉनिटर करता है कि किस नंबर से कॉल आ रहा है या किसने एसएमएस भेजे हैं। इसके अलावा, यह कॉल और एसएमएस की संख्या और कितनी देर तक कॉल हुई, इन सबका भी विश्लेषण रखता है। जब यह जानकारी पहले से ज्ञात स्पैम पैटर्न से मिलती है, तो सिस्टम संभावित स्पैम कॉल्स और एसएमएस को सटीक ढंग से पहचान लेता है।

इस सुरक्षा तंत्र में दो स्तर हैं - एक नेटवर्क पर और दूसरा आईटी सिस्टम पर। हर एसएमएस या कॉल इस दोहरी सुरक्षा से गुजरती है। यह सॉफ़्टवेयर सिर्फ दो मिलीसेकंड में 1.5 बिलियन मैसेजेज और 2.5 बिलियन कॉल को प्रोसेस करता है, जो असल में एआई की क्षमता से 1 ट्रिलियन रिकॉर्ड्स को रियल टाइम में प्रोसेस करने के बराबर है।

साथ ही, यह समाधान ग्राहकों को एसएमएस के जरिए प्राप्त साइबरक्राइम को अंजाम देने के उद्देश्य से भेजे गए लिंक के बारे में भी सचेत करता है। इसके लिए, एयरटेल ने ब्लैकलिस्टेड यूआरएल का एक केंद्रीकृत डेटाबेस तैयार किया है और हर एसएमएस को रीयल-टाइम में एआई एल्गोरिद्म द्वारा स्कैन किया जाता है, ताकि यूजर अनजाने में भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बच सकें। यह समाधान आइएमइआइ में बदलाव जैसी गड़बड़ियों का भी पता लगा सकता है, जो अक्सर धोखाधड़ी का संकेत होती हैं। इन सुरक्षा उपायों के जरिए, कंपनी यह सुनिश्चित कर रही है कि उसके ग्राहकों को स्पैम और धोखाधड़ी से पूरी तरह सुरक्षा मिले।

# महाप्रभु के महाप्रसाद में देशी घी के उपयोग के लिए पीएम नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** पुरी श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन द्वारा महाप्रसाद की तैयारी और श्रीमंदिर में दीप जलाने के लिए केवल ओएमफेड घी का उपयोग करने के निर्णय के कुछ दिन बाद सुआर महासुआर नियोग के सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप करने और महाप्रसाद की तैयारी में शुद्ध देशी घी के उपयोग की सुनिश्चितता के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है।

नियोग के सदस्यों ने पीएम मोदी को एक पत्र लिखकर महाप्रसाद की पवित्रता को बनाए रखने के लिए केवल शुद्ध देशी गाय के घी के उपयोग की अनुमति देने की अपील की। उन्होंने पत्र में कहा कि गोशाला की स्थापना न केवल महाप्रसाद की पवित्रता को बनाए रखेगी, बल्कि यह गायों के समग्र कल्याण और विकास को भी बढ़ावा देगी, जो आपके हृदय के निकट गौ-रक्षा नीतियों के अनुरूप है। यह पहल न केवल मंदिर के अनुष्ठान का समर्थन करेगी, बल्कि गौ-सेवा और सतत गाय विकास के बड़े उद्देश्य में भी योगदान देगी। ज्ञात हो कि श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने मंगलवार को एक बैठक के बाद श्रीमंदिर में केवल ओएमफेड घी के उपयोग का निर्णय लिया था। मुख्य प्रशासक ने इस निर्णय के बारे में ओएमफेड के प्रबंध निदेशक को पत्र भी लिखा है, जिसमें एक विशेष डिपो की स्थापना के लिए भी कहा गया है।

# पिता ने किम्स के माध्यम से अपने बेटे का अंगदान कर तीन जिंदगियां बचायीं





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** केंद्रापड़ा जिले के अरिपदा गांव के एक दुखी पिता कैलाश चंद्र साहू ने अपने 23 वर्षीय बेटे मनोज कुमार साहू के अंग दान किए हैं, जिन्हें यहां एक दुर्घटना के बाद ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया था। एक निजी कंपनी में काम करने वाले मनोज की चार दिन पहले दुर्घटना हुई थी और उन्हें किम्स में भर्ती कराया गया था। दुर्घटना में उनकी गर्दन पर गंभीर चोटें आयीं और उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। अपने फैसले के बारे में बताते हुए कैलाश चंद्र साहू ने कहा कि मैंने अपने बेटे के अंगों को दान करने का फैसला किया, ताकि तीन अन्य लोगों की जान बचायी जा सके।

किम्स के चिकित्सा अधीक्षक प्रो (डॉ) डॉ आरसी दास ने पिता की निस्वार्थता की सराहना की। अंग दान एक नियमित प्रक्रिया है जो सख्त दिशा निर्देशों द्वारा नियंत्रित होती है। सरकारी आदेश के अनुसार अंगदान की संभावना सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक ब्रेन-डेड मामले का मूल्यांकन किया जाता है। ऐसे में पिता खुद आगे आये और अपने बेटे के अंग दान करने की इच्छा जतायी। अंग दान के मूल्य के बारे में उनका एहसास वास्तव में प्रेरणादायक है। दो किडनी और एक लीवर को भुवनेश्वर के अलग-अलग अस्पतालों में प्रत्यारोपित किया जायेगा। कैलाश के साहसिक निर्णय के लिए गहरा आभार व्यक्त करते हुए डॉ दास ने कहा कि इस उदार कार्य के कारण तीन लोगों की जान बच जायेगी। किट, किस ओर किम्स के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने पिता की दयालुता के लिए उनके प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है।

# सोआ शोधकर्ताओं का फार्मास्यूटिकल फॉर्मूलेशन व्यवसायीकरण के लिए तैयार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान मंत्रालय (सोआ) के शोधकर्ताओं द्वारा विकसित एक अभिनव दवा फॉर्मूला, जिसके लिए सोआ ने पिछले साल राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी) के साथ एक वाणिज्यिक लाइसेंसिंग समझौता किया था, अब व्यावसायीकरण के लिए तैयार है। शुक्रवार को यहां सोआ के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार नंद की उपस्थिति में एनआरडीसी और गुजरात स्थित सुयश फार्मास्यूटिकल्स के बीच 'री-डिस्पर्सिबल म्यूकोएडेसिव गार्गल कंपोजिशन' नामक उत्पाद के लिए एक प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह फॉर्मूला सोआ द्वारा संचालित स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज (एसपीएस) के प्रोफेसर गौतम रथ के नेतृत्व में एक शोध दल द्वारा विकसित किया गया है।

प्रो रथ ने कहा, यह पहली बार है कि ओडिशा में शोधकताओं द्वारा विकसित एक फॉमूर्लेशन व्यावसायिक उत्पादन के लिए तैयार किया गया है। इसके लिए सोआ में दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में सुयस फार्मास्यूटिकल्स के निदेशक श्री राजू शरदचंद्र शाह और मुख्य कार्यकारी अधिकारी कपिल शाह और एनआरडीसी की ओर से श्री अमिताभ मिश्र उपस्थित थे।

इस फॉर्मूले के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए प्रोफेसर रथ ने कहा कि आजकल गले के संक्रमण के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवा का असर केवल 15 से 30 मिनट तक रहता है, इसलिए इसका इस्तेमाल बार-बार करना पड़ता है। अनुसंधान टीम ने एक रि-डिस्पर्सिबल म्यूकोएडेसिव एक्सटेंडेड रिलीज गार्गल फॉमूर्लेशन विकसित किया था जो एक बार के उपयोग पर लगभग चार घंटे का दीर्घकालिक प्रभाव प्रदान करता है।। उन्होंने कहा कि यह फॉमूर्ला न सिर्फ दवा की खुराक को कम करता है बल्कि दवा का असर भी बढ़ाता है।

# ओड़िशा में अगले सप्ताह आ सकता है चक्रवात : आइएमडी महानिदेशक

**भुवनेश्वर/नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** भारतीय मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि तूफान अगले हफ्ते तक ओड़िशा को छू सकता है। माना जा रहा है कि 20 अक्टूबर तक उत्तरी अंडमान सागर के पास एक चक्रवाती परिसंचरण बनने की संभावना है और एक हफ्ते के अंदर ओडिशा पहुंच सकता है। आइएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने ओडिशा पर इसके संभावित प्रभाव के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अक्टूबर का महीना ओड़िशा के लिए चक्रवात की दृष्टि से संवेदनशील है। 20 अक्टूबर को अंडमान सागर में एक चक्रवाती परिसंचरण बनेगा, जो पश्चिम और उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ते हुए 22 अक्टूबर तक निम्न दबाव में परिवर्तित हो जायेगा। इसके बाद यह उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ेगा और 24 अक्टूबर के आसपास यह डिप्रेशन में बदल सकता है। इसके प्रभाव से 23 से 25 अक्टूबर के बीच ओड़िशा में वर्षा हो सकती है, जबकि 24 अक्टूबर को राज्य में भारी बारिश का अनुमान है।








# पूर्व तट रेलवे ने ट्रेनों में दिवाली पटाखे ले जाने के खिलाफ विशेष अभियान चलाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** दिवाली त्योहार नजदीक आने के साथ पूर्व तट रेलवे (इसीओआर) ने ट्रेनों में पटाखों और अन्य ज्वलनशील वस्तुओं के अवैध परिवहन के खिलाफ एक विशेष अभियान शुरू करके यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के अपने प्रयास तेज कर दिये हैं। पूर्व तट रेलवे ने कहा कि यात्रियों को ले जाने वाली ट्रेन में आतिशबाजी, पटाखे, गैस सिलेंडर, एसिड, पेट्रोल, केरोसिन और ज्वलनशील सामग्री ले जाना रेलवे अधिनियम, 1989 के तहत दंडनीय अपराध है, जिसमें तीन साल तक की कैद हो सकती है। त्योहारी सीजन के दौरान ट्रेन यात्रा को सुरक्षित बनाने के प्रयास में, पूर्व तट रेलवे ने यात्रियों से सावधानी बरतने और अपनी यात्रा के दौरान किसी भी ज्वलनशील या विस्फोटक वस्तु को ले जाने से परहेज करने की अपील की है। सह-यात्रियों को सतर्क रहने और आरपीएफ कर्मियों, जीआरपी, टीटीइ, कोच अटेंडेंट या स्टेशन प्रबंधकों सहित ऑनबोर्ड कर्मचारियों को सूचित करके किसी भी उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पूर्व तट रेलवे के तहत सभी तीन डिवीजनों-खुर्दा रोड, संबलपुर और वाल्टेयर को एक विशेष सुरक्षा अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। इसमें दिवाली के दौरान यात्री और ट्रेनों में पटाखों या अन्य खतरनाक सामानों के परिवहन को रोकने के लिए कड़ी जांच और निरंतर निगरानी शामिल होगी।

**सूचित करें और सुरक्षित रहें :** यात्रियों से अनुरोध है कि वे रेलवे हेल्प लाइन नंबर 139 पर कॉल करके ज्वलनशील वस्तुओं को ले जाने वाले व्यक्तियों की तुरंत सूचना दें। ये जांच आरपीएफ, जीआरपी, स्टेशन कर्मचारियों और अधिकारियों और नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के समन्वय से की जायेगी। इन सुरक्षा उपायों के अलावा, पूर्व तट रेलवे ने रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक घोषणाओं के माध्यम से एक व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किया है, जिसमें यात्रियों को पटाखे ले जाने के खतरों के बारे में शिक्षित किया गया है। विशेष टीमें पार्सल वैन में लोड किये गये पार्सल और सामान की सुरक्षित हैंडलिंग सुनिश्चित करने पर भी ध्यान केंद्रित करेंगी। सुरक्षा को मजबूत करने के लिए, ट्रेन एस्कॉर्टिंग टीमों और मेरी सहेली टीमों को ज्वलनशील वस्तुओं के किसी भी संकेत के लिए यात्रियों और सामान दोनों की बारीकी से निगरानी करने का काम सौंपा गया है। अधिक जानकारी के लिए या किसी घटना की रिपोर्ट करने के लिए रेलवे हेल्प लाइन नंबर 139 पर कॉल करें।










# पुलिस महानिदेशक वाइबी खुरानिया ने बौध और कंधमाल का दौरा किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** डीजीपी वाइबी खुरानिया ने शुक्रवार को बौध और कंधमाल का दौरा किया। राज्य पुलिस महानिदेशक के रूप में कार्यभार संभालने के बाद, योगेश बहादुर खुरानिया ने बौध और कंधमाल जिलों का दौरा किया और महत्वपूर्ण बैठकों में भाग लिया। दोनों जिलों में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति, माओवादी समस्या, गांजे की खेती और तस्करी, जिले में कर्मियों की संख्या में वृद्धि, अतीत में पुलिस विभाग की उपलब्धियों और आनेवाले दिनों में अपराधियों और



माओवादियों के खिलाफ विशेष रणनीतियों के बारे में विस्तार से चर्चा की।

बौध जिला पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को डीजीपी खुरानिया की अध्यक्षता में जिले में अपराध की स्थिति एवं नियंत्रण को लेकर समीक्षा बैठक की गयी। पुलिस महानिदेशक के दौरे के दौरान आइजी (ऑपरेशन) जयनारायण पंकज, डीआइजी (दक्षिण) सार्थक षडंगी, डीआइजी (एसआइडब्ल्यू) डॉ कनवर विशाल सिंह, एसपी कलाहांडी एसपी बौध ओर एसपी कंधमाल उपस्थित थे।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**